CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :30°C
न्यूनतम: 26°C

लखनऊ, मंगलवार 26 अगस्त 2025 लखनऊ संस्करण: वर्ष 16 अंक 295 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | भाद्रपद शुक्ल पक्ष 1 विक्रमी सम्वत् 2082 | 2 रबी उल अव्वल 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित


शुभांशु शुक्ला का लखनऊ में ऐतिहासिक स्वागत पेज 2


मीराबाई चानू व देवरिया ने जीते गोल्ड खेल टाइम्स


नदियों और पहाड़ों ने अपना हिस्सा लेना शुरू किया सम्पादकीय


भारत-फिजी के बीच सात समझौतों पर हस्ताक्षर पेज 12

## सार्वजनिक नहीं होगी पीएम मोदी की डीयू की डिग्री

### दिल्ली हाईकोर्ट ने केंद्रीय सूचना आयोग का आदेश पलटा, विश्वविद्यालय बाध्य नहीं

नई दिल्ली, वार्ता

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की बैचलर डिग्री सार्वजनिक नहीं होगी। दिल्ली हाईकोर्ट ने सोमवार को केंद्रीय सूचना आयोग (सीआईसी) का आदेश पलट दिया। दिल्ली हाईकोर्ट के जस्टिस सचिन दत्ता ने सोमवार को दिल्ली यूनिवर्सिटी (डीयू) की याचिका पर अपना फैसला सुनाया।

कोर्ट ने कहा कि विश्वविद्यालय डिग्री दिखाने के लिए बाध्य नहीं है। दरअसल सीआईसी ने 2016 में एक आरटीआई एक्टिविस्ट की याचिका पर दिल्ली यूनिवर्सिटी को 1978 में बीए की परीक्षा पास करने वाले सभी छात्रों के रिकॉर्ड सार्वजनिक करने का आदेश दिया था। पीएम मोदी ने भी इसी साल परीक्षा पास की थी। आरटीआई एक्टिविस्ट की ओर से पेश सीनियर एडवोकेट संजय हेगड़े ने



■ आरटीआई कार्यकर्ता नीरज कुमार ने मांगा था रिकॉर्ड

दलील दी कि जो जानकारी मांगी गई है, वह हर विश्वविद्यालय सार्वजनिक करता है। इसे अक्सर नोटिस बोर्ड पर, विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर और कई बार अखबारों में भी छापा जाता है। इधर, डीयू की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने पक्ष रखा और कहा कि महज जिज्ञासा को आरटीआई के जरिए सूचना मांगने का आधार नहीं मान सकते हैं। ये मामला 2016 में शुरू हुआ था, जब आरटीआई कार्यकर्ता नीरज कुमार ने डीयू से 1978 में बीए पास करने वाले सभी छात्रों का नाम, रोल नंबर, अंक और पास-फेल का ब्योरा मांगा था। उस साल पीएम मोदी के भी बीए पास करने का जिक्र है। डीयू ने इसे व्यक्तिगत जानकारी बताते हुए सूचना देने से मना कर दिया था। हालांकि सीआईसी ने इसको लेकर कहा था कि यह जानकारी सार्वजनिक की जाए, क्योंकि विश्वविद्यालय एक सार्वजनिक संस्था है और डिग्री का ब्योरा सार्वजनिक दस्तावेज माना जाता है। डीयू ने इस आदेश को 2017 में दिल्ली हाईकोर्ट में चुनौती दी और कहा कि छात्रों की व्यक्तिगत जानकारी (भरोसे में रखी गई गोपनीय जानकारी) के तहत आती है, जिसे किसी अजनबी को नहीं दिया जा सकता।

## यूएपीए मामले में सलीम खान की जमानत बरकरार

**नई दिल्ली।** शीर्ष अदालत ने राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की उस अपील को खारिज कर दिया है जिसमें कर्नाटक उच्च न्यायालय द्वारा 'अल-हिंद' संगठन से संबंधों के लिए गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) के तहत आरोपी सलीम खान को जमानत देने के आदेश को चुनौती दी गई थी। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन की पीठ का तर्क है कि चूंकि अल-हिंद का यूएपीए के तहत प्रतिबंधित संगठन के रूप में नाम नहीं है इसलिए इसकी बैठकों में भाग लेना ही अधिनियम के तहत कोई अपराध नहीं माना जाएगा।

## दिल्ली सीएम रेखा गुप्ता की सिक्योरिटी वापस ली गई

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को दी गई जेड प्लस सिक्योरिटी सोमवार को हटा ली गई। 4 दिन पहले उन पर हमले के बाद यह सिक्योरिटी दी गई थी। यह फैसला वापस क्यों लिया गया, इसकी जानकारी सामने नहीं आई है। अब फिर से उनकी सुरक्षा की जिम्मेदारी दिल्ली पुलिस को सौंपी गई है। इधर सीएम रेखा पर हमले के मामले में रविवार को दूसरी गिरफ्तारी हुई। पुलिस ने बताया कि मुख्य आरोपी राजेश भाई खीमजीभाई सकरिया के सहयोगी तहसीन सैयद को अरेस्ट किया गया है। दिल्ली सीएम आवास में 20 अगस्त की सुबह जनसुनवाई के दौरान रेखा गुप्ता पर हमला हुआ था। शिकायतकर्ता बनकर पहुंचे राजेश ने सीएम को कागज देते समय उनका हाथ खींचा था। हमले में रेखा के हाथ-कंधे, सिर पर चोटें आईं थीं।

## दिल्ली मेट्रो के किराए में बढ़ोतरी

**नई दिल्ली।** दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (डीएमआरसी) ने सोमवार से मेट्रो का किराया बढ़ा दिया है। डीएमआरसी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि दिल्ली मेट्रो सेवाओं के यात्री किराए में बदलाव किया गया है। सामान्य लाइनों पर एक रुपये से चार रुपये और एयरपोर्ट लाइन पर पांच रुपये तक की वृद्धि की गई है। इस इजाफे के बाद शून्य से दो किलोमीटर के बीच की छोटी दूरी की यात्रा करने वाले यात्रियों को अब 11 रुपये देने होंगे। इस बढ़ोतरी से पहले न्यूनतम किराया 10 रुपये था। लेकिन 32 किलोमीटर से ज्यादा की सबसे लंबी दूरी तय करने वालों को 64 रुपये देने होंगे। मेट्रो रेल सेवा किराए में बढ़ोतरी 2004 में, उसके बाद 2005 और 2009 में हुई थी। साल 2017 में भी मई और अक्टूबर में किराए में संशोधन हुआ था।

## यमुनोत्री हाईवे लैंडस्लाइड से बंद

**नई दिल्ली।** उधर उत्तराखंड में यमुनोत्री नेशनल हाईवे लैंडस्लाइड की वजह से बंद हो गया है। यह भूस्खलन बाणस के पास हुआ, जिससे यातायात पूरी तरह प्रभावित हो गया है। वहीं बिहार के पटना में सोमवार सुबह मूसलाधार बारिश हुई। इससे कई इलाकों में 2 से 3 फीट तक पानी भर गया है। वहीं झारखंड में हो रही बारिश के कारण नालंदा में नदियों का जलस्तर बढ़ने बाढ़ के हालात हैं।

## हम आतंकवादी और उनके आकाओं को छोड़ते नहीं: प्रधानमंत्री

■ जवानों ने पाक में 22 मिनट में खेल कर दिया
■ दुनिया ने देखा बदला कैसे लिया

**अहमदाबाद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को अहमदाबाद में कहा कि आज हम आतंकवादी और उनके आकाओं को छोड़ते नहीं है। चाहे वे कहीं भी छिपे हों। खोडलधाम ग्राउंड में जनसभा में उन्होंने कहा कि हमारे सैनिकों ने पाकिस्तान में तय किए लक्ष्य पर आतंकवादियों की नाभि में वार किया। पीएम ने कहा कि दुनिया ने देखा है कि हमने पहलगाम का बदला कैसे लिया। 22 मिनट में सब कुछ साफ कर दिया।

गुजरात सुदर्शनधारी और चरखाधारी दो मोहन की धरती है। सुदर्शनधारी ने भारत को सेना के पराक्रम इच्छाशक्ति का प्रतीक बनाया। चरखाधारी ने आत्मनिर्भर बनाया है। पीएम 25 और 26 अगस्त को गुजरात दौरे पर हैं। वे शाम 5 बजे अहमदाबाद पहुंचे और नरोडा से निकोल तक करीब 3 किमी लंबा रोड शो किया। उन्होंने हाथ हिलाकर लोगों को अभिवादन किया। इस दौरान मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल, राज्यपाल देवव्रत आचार्य समेत कई नेता मौजूद रहे। उन्होंने 5477 करोड़ के विकास कार्यों की शुरुआत की। साबरमती से कटोसन रोड ट्रेन और कार लोडेड ट्रेन को हरी झंडी दिखाई। पीएम मोदी ने संबोधन में कहा कि हमारे गुजरात में बहुत से पशुपालक हैं।

## छात्रों पर लाठीचार्ज बर्बरता और शर्मनाक: राहुल-प्रियंका

नई दिल्ली, वार्ता

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी तथा पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने कर्मचारी चयन आयोग- एसएससी की परीक्षा में गड़बड़ी किए जाने का विरोध कर रहे छात्रों पर लाठीचार्ज को शर्मनाक करार देते हुए सोमवार को कहा कि शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर यह अन्याय तथा बर्बरता है और इसे स्वीकार नहीं किया जा सकता है।

राहुल गांधी ने कहा कि रामलीला मैदान में शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे एसएससी अभ्यर्थियों और शिक्षकों पर बर्बर लाठीचार्ज- शर्मनाक ही नहीं, एक डरपोक सरकार की पहचान है। युवाओं ने सिर्फ़ अपना हक़ मांगा था- रोज़गार और न्याय। मिली क्या। लाठियां। उन्होंने कहा कि साफ़ है कि मोदी सरकार को न देश के युवाओं की चिंता है और न ही उनके भविष्य



■ SSC अभ्यर्थियों पर लाठीचार्ज करना डरपोक सरकार की पहचान

की। क्यों हो, ये सरकार जनता के वोटों से नहीं, वोट चुराकर सत्ता में आई है। पहले वोट चुराएंगे फिर परीक्षा चुराएंगे फिर नौकरियां चुराएंगे फिर आपका हक़ और आवाज़ दोनों कुचल देंगे! युवाओं, किसानों, गरीबों, बहुजनों और अल्पसंख्यकों - आपका वोट इन्हें चाहिए नहीं, इसलिए आपकी मांगे कभी इनकी प्राथमिकता नहीं होंगी। प्रियंका ने कहा कि एसएससी छात्रों पर पुलिस बल प्रयोग अमानवीय और शर्मनाक है।

# दिव्यांगों का मजाक उड़ाने पर सुप्रीम कोर्ट सख्त

### पांच कॉमेडियंस को अपने यूट्यूब चैनलों पर माफी जारी करने का निर्देश

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को समय रैना सहित पांच हास्य कलाकारों को दिव्यांगजनों के बारे में असंवेदनशील चुटकुले बनाने पर अपने यूट्यूब चैनलों और अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर माफ़ी जारी करने का निर्देश दिया।

न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने यह आदेश एसएमए क्योर फाउंडेशन की एक याचिका पर दिया। इस याचिका में समय रैना, विपुल गोयल, बलराज परमजीत सिंह घई, सोनाली ठक्कर और निशांत जगदीश तंवर के आपत्तिजनक चुटकुलों को चिन्हित किया गया था। संगठन ने अदालत से हास्य के नाम पर दिव्यांगजनों का मज़ाक उड़ाने से रोकने के लिए दिशा-निर्देश भी मांगे थे। पीठ ने कहा कि हालांकि इन हास्य कलाकारों ने खेद व्यक्त किया है, लेकिन माफ़ी की मात्रा उससे हुए नुकसान के अनुरूप होनी चाहिए। न्यायमूर्ति कांत ने टिप्पणी करते हुए कहा कि पश्चाताप की मात्रा, अपमान की मात्रा से ज्यादा होनी



चाहिए। अदालत ने यह भी कहा कि वह अगली सुनवाई में हास्य कलाकारों को दिए जाने वाले दंड पर फैसला करेगी। भारत के महान्यायवादी, आर. वेंकटरमणी ने अदालत को सूचित किया कि ऐसी चिंताओं के समाधान के लिए मसौदा दिशा-निर्देश, रिकॉर्ड में रखे जाएंगे, साथ ही उन्होंने स्पष्ट किया कि हास्य पर 'पूरी तरह से रोक' लगाना संभव नहीं है। अदालत ने कहा कि हास्य जीवन का एक अभिन्न अंग है, लेकिन यह गरिमा की कीमत पर नहीं आ सकता। जब हास्य सामुदायिक स्तर पर संवेदनशीलता का उल्लंघन करता है, तो यह समस्या की बात है। न्यायमूर्ति बागची ने कहा कि प्रभावशाली लोगों को याद रखना चाहिए कि वे अपने बोलने की क्षमता का व्यवसाईकरण कर रहे हैं, और इसका इस्तेमाल भावनाओं को ठेस पहुंचाने के लिए नहीं होना चाहिए। न्यायमूर्ति कांत ने हास्य कलाकारों से कहा कि वे अपने मंचों का उपयोग विकलांगता अधिकारों के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए भी करें। इस मामले की सुनवाई यूट्यूबर रणवीर इलाहाबादिया और आशीष चंचलानी के इंडियाज़ गॉट लेटेंट विवाद में उनके खिलाफ दर्ज कई प्राथमिकियों को एक साथ करने के लिए दायर याचिकाओं के साथ हुई। न्यायालय ने दोहराया कि यह मुद्दा अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता से कहीं आगे जाता है, क्योंकि इसमें संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत दिव्यांगजनों के सम्मान का अधिकार शामिल है।

## चुनाव विशेषज्ञ संजय कुमार को सुप्रीम राहत

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव विशेषज्ञ संजय कुमार को सोशल मीडिया पर पोस्ट के जरिए महाराष्ट्र की मतदाता सूची से जुड़ी गलत जानकारी फैलाने के आरोप में चुनाव आयोग की ओर से दर्ज कराई गई दो एफआईआर के सिलसिले में गिरफ्तारी से सुरक्षा प्रदान की। सीजेआई गवई और न्यायमूर्ति अंजारिया की पीठ ने वरिष्ठ अधिवक्ता विवेक तन्खा और वकील सुमीर सोढ़ी की इस दलील पर गौर किया कि चुनाव विशेषज्ञ की ओर से सार्वजनिक रूप से माफी मांगने के बावजूद एफआईआर दर्ज की गई हैं। मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि नोटिस जारी करें। इस बीच कोई दंडात्मक कार्रवाई नहीं की जाएगी। सेंटर फॉर द स्टडी ऑफ डेवलपिंग सोसाइटीज में लोकनीति के सह-निदेशक संजय ने अपने खिलाफ दर्ज दो एफआईआर को रद्द करने की मांग करते हुए अदालत का दरवाजा खटखटाया है।

## बुलंदशहर में कंटेनर ने ट्रैक्टर-ट्रॉली में मारी टक्कर, नौ मरे, 42 घायल

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बुलंदशहर।** उत्तर प्रदेश में बुलंदशहर जिले के अरनिया क्षेत्र में सोमवार को तेज रफ्तार कंटेनर की टक्कर से ट्रैक्टर-ट्रॉली पर सवार नौ श्रद्धालुओं की मृत्यु हो गई जबकि 42 अन्य घायल हो गए जिनमें दो की हालत अब भी नाजुक बनी हुई है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह ने बताया कि अलीगढ़ जिले के सीमावर्ती घटाला गांव के पास राष्ट्रीय राजमार्ग 34 पर रात करीब सवा दो बजे तेज़ रफ्तार कंटेनर ट्रक ने श्रद्धालुओं से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली को टक्कर मार दी। इस हादसे में आठ लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक अन्य ने उपचार के दौरान अस्पताल में दम तोड़ दिया। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, ट्रैक्टर-ट्रॉली कासगंज जिले के सोरो थाना क्षेत्र के रफयादपुर गांव से लगभग 60 श्रद्धालुओं को लेकर जा रही थी। यह समूह राजस्थान के हनुमानगढ़ जिले में गोगामेड़ी मंदिर में धार्मिक यात्रा के लिए जा रहा था। घटाला गांव के पास पहुंचे, तेज़ रफ्तार कंटेनर ट्रक ने वाहन के पिछले हिस्से में टक्कर मार दी, जिससे श्रद्धालु अलग-अलग दिशाओं में गिर गए। इस हादसे में करीब 42 लोग घायल हो गए, जबकि नौ की मृत्यु हो गई। पुलिस ने घायलों को कैलाश खुर्जा, सीएचसी जटिया व सीएचसी मुनि अस्पताल में प्राथमिक उपचार के लिए भेजा, जिसमें गम्भीर घायलों को हायर सेंटर रेफर किया गया है।

वर्तमान में 10 घायलों का मेडिकल कॉलेज अलीगढ़ व 10 घायलों का जिला अस्पताल बुलन्दशहर तथा अन्य 22 घायलों का कैलाश अस्पताल खुर्जा में इलाज चल रहा है। घायलों में दो की स्थिति गम्भीर बनी हुई है एवं अन्य सभी घायलों की स्थिति सामान्य है। घटना करने वाला ट्रक संध्या पत्नी संदीप निवासी फरीदाबाद हरियाणा के नाम पर पंजीकृत है, जिसको कब्जे पुलिस में लिया जा चुका है, जो कि धान की भूसी लादकर जा रहा था। मृतकों में ट्रैक्टर चालक ईयू बाबू (40), रामबेटी (65),चांदनी (12), घनीराम (50), मोक्षी (40), शिवांश (06) योगेश (50), सोरेन सिंह (45) और विनोद (45) शामिल हैं। उपचार के दौरान नेम सिंह की मृत्यु हो गई।



### बुलंदशहर हादसे से सीएम योगी दुखी पीड़ित परिजनों को मिलेगी मदद


**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर में सोमवार को हुए सड़क हादसे में हुई जनहानि पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शोक संवेदना व्यक्त की है जबकि घायलों के समुचित उपचार के निर्देश दिए हैं। योगी ने प्रत्येक मृतक के परिजन को दो-दो लाख रुपये व हर घायल को 50-50 हजार रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही घायलों का उपचार सरकार के खर्चे पर किया जाएगा।

## फैसले की गलत व्याख्या से न्यायपालिका की स्वतंत्रता को नुकसान

नई दिल्ली, वार्ता

विपक्ष के उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार बी सुदर्शन रेड्डी पर गृहमंत्री अमित शाह की टिप्पणी की रिटायर्ड जजों ने आलोचना की है। शाह ने रेड्डी पर नक्सलवाद का समर्थन करने का आरोप लगाया है, जिसे पूर्व जजों ने दुर्भाग्यपूर्ण बताया है। कहा कि उपराष्ट्रपति पद का सम्मान करना ही बुद्धिमानी होगी।

सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट के रिटायर्ड जजों के समूह में पूर्व जज जस्टिस कुरियन जोसेफ, जस्टिस मदन बी लोकुर और जस्टिस जे चेलमेश्वर समेत 18 जज शामिल हैं। उन्होंने कहा कि सलवा जुडूम



■ गठबंधन प्रत्याशी रेड्डी पर शाह की टिप्पणी, रिटायर्ड 18 जजों ने दुर्भाग्यपूर्ण बताया
■ गृहमंत्री ने कहा था- सलवा जुडूम के खिलाफ जजमेंट न होता, तो नक्सलवाद खत्म हो गया होता

फैसला स्पष्ट या परोक्ष रूप से नक्सलवाद या उसकी विचारधारा का समर्थन नहीं करता। उन्होंने कहा कि उपराष्ट्रपति पद को अभियान भले ही वैचारिक हो, लेकिन इसे शालीनता और गरिमा के साथ चलाया जा सकता है। किसी भी उम्मीदवार की तथाकथित विचारधारा की आलोचना करने से बचना चाहिए। दरअसल अमित शाह ने 22 अगस्त को केरल में कहा था, सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जज सुदर्शन रेड्डी वही व्यक्ति हैं जिन्होंने नक्सलवाद की मदद की। उन्होंने सलवा जुडूम पर फैसला सुनाया। अगर सलवा जुडूम पर फैसला नहीं आता, तो नक्सली चरमपंथ 2020 तक खत्म हो गया होता। गृह मंत्री अमित शाह ने 22 अगस्त को केरल में मनोरमा न्यूज कॉन्क्लेव 2025 को संबोधित किया। रिटायर्ड जजों के समूह ने बयान जारी कर कहा एक उच्च राजनीतिक पदाधिकारी की ओर से सुप्रीम कोर्ट के फैसले की पूर्वाग्रहपूर्ण गलत व्याख्या से जजों पर नकारात्मक प्रभाव पड़ने की आशंका है। इससे न्यायपालिका की स्वतंत्रता को नुकसान पहुंच सकता है। बयान पर हस्ताक्षर करने वालों में सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जज एके पटनायक, जस्टिस अभय ओका, जस्टिस गोपाल गौड़ा, जस्टिस विक्रमजीत सेन, जस्टिस कुरियन जोसेफ, जस्टिस मदन बी लोकुर, जस्टिस जे. चेलमेश्वर, सीनियर एडवोकेट संजय हेगड़े और प्रो. मोहन गोपाल शामिल हैं। बीते चार दिनों में अमित शाह विपक्ष के उपराष्ट्रपति उम्मीदवार बी सुदर्शन रेड्डी और उनके सलवा जुडूम पर दिए जजमेंट को लेकर 2 बयान दे चुके हैं।

## गौतम गंभीर को राहत नहीं

नई दिल्ली, वार्ता

दिल्ली हाईकोर्ट ने सोमवार को पूर्व भारतीय क्रिकेटर और टीम इंडिया के मौजूदा हेड कोच गौतम गंभीर, उनकी संस्था (गंभीर फाउंडेशन) और परिवारजनों के खिलाफ चल रही ट्रायल कोर्ट की कार्यवाही को रोकने से इन्कार कर दिया।

जस्टिस नीना बंसल कृष्णा ने गौतम गंभीर की याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा कि अदालत 29 अगस्त को इस मामले को विस्तार से सुनेगी। बता दें कि गौतम गंभीर ने एफआईआर को रद्द करने और 9 अप्रैल को दिए गए उस आदेश को वापस लेने की अपील की थी, जिसमें ट्रायल कोर्ट



■ ट्रायल कोर्ट की कार्यवाही पर रोक लगाने से दिल्ली हाईकोर्ट का इन्कार

की कार्यवाही पर लगी रोक को हटा दिया गया था। इस मामले की सुनवाई के दौरान जब गौतम गंभीर के वकील ने उनके राजनीतिक और क्रिकेट करियर का जिक्र किया, तो अदालत ने सख्त लहजे में कहा कि आप बार-बार नाम और पहचान गिनवा रहे हैं, जैसे यह अदालत में कोई असर करेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### मतदाता के अधिकार की लड़ाई आगे बढ़ाते रहना होगा: खड़गे

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने सोमवार को कहा कि बिहार में इंडिया गठबंधन की चल रही 'वोटर अधिकार यात्रा' को लोगों का भरपूर समर्थन मिल रहा है और मतदाताओं के अधिकार के लिए हमें अपनी लड़ाई को आगे बढ़ाते जाना है। खड़गे ने यहां कांग्रेस संगठन सृजन कार्यक्रम के तहत झारखंड, ओडिशा, पंजाब और उत्तराखंड के नवनियुक्त पार्टी पर्यवेक्षकों की बैठक में कहा कि मतदाताओं के अधिकारों के लिए पार्टी को अपनी लड़ाई आगे बढ़ाते रहने के साथ ही लोगों को संदेश देते रहना होगा। पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री, पूर्व मुख्यमंत्री गोविंद वल्लभ पंत, पूर्व मुख्यमंत्री गुंडू राव, मंत्री धर्म सिंह, जिला अध्यक्ष के पद पर रहे हैं।

# जवानों ने आतंकियों को कर्म देखकर मारा

जोधपुर, वार्ता



■ पहलगाम में धर्म पूछकर मारा था: राजनाथ

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने राजस्थान के जोधपुर में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ऑपरेशन सिंदूर का जिक्र किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि पहलगाम हमले के आतंकियों को हमारे जवानों ने उनका धर्म पूछकर नहीं, उनका कर्म देखकर मारा। इस ऑपरेशन में हमारी सेनाओं ने पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब दिया और तय किए टारगेट पर सटीक हमला किया है।

रक्षा मंत्री ने इस ऑपरेशन को नए भारत की पहचान बताया। उन्होंने कहा कि इस ऑपरेशन सिंदूर की सबसे बड़ी विशेषता थी कि आक्रमण के लिए जो टारगेट तय किया था, हमारी सेना ने उसी लक्ष्य पर सटीक हमला किया। मैं तो यहां तक कहना चाहूंगा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान हमारी सेनाओं को सभी सीमावर्ती क्षेत्रों से पूरा समर्थन मिला। जोधपुर में रक्षा एवं खेल अकादमी के उद्घाटन के दौरान राजनाथ सिंह ने कहा कि एक सुरक्षित और मजबूत राष्ट्र के निर्माण के लिए रक्षा, शिक्षा और खेल का समन्वय अत्यंत आवश्यक है। शिक्षा ज्ञान प्रदान करती है, जबकि रक्षा से सुरक्षा सुनिश्चित होती है।

# शुभांशु शुक्ला का लखनऊ में ऐतिहासिक स्वागत

शाह टाइमस ब्यूरो



अमौसी हवाई अड्डे पर सीएम योगी, डिप्टी सीएम बृजेश पाठक व शुक्ला के पिता व माता तथा अन्य ने अंतरिक्ष यात्री व ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला का स्वागत किया।

**लखनऊ।** अंतरिक्ष यात्री व ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला का सोमवार को उनके गृह नगर लखनऊ में गर्मजोशी से स्वागत किया गया। एक्सओम मिशन-4 के सदस्य शुभांशु सोमवार सुबह अमौसी हवाई अड्डा पहुंचे, जहां उनका स्वागत उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने किया।

लखनऊ एयरपोर्ट से सिटी मोन्टेसरी स्कूल, गोमती नगर एक्सटेंशन कैम्पस तक हजारों छात्र छात्राएं और अन्य अन्तरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला 'शुक्स' की स्वागत यात्रा में शामिल हुए। आसमान की तरफ लहराते झंडे, पुष्पवर्षा और गगनभेदी नारों से 39 वर्षीय अन्तरिक्ष यात्री का अभूतपूर्व स्वागत देखने लायक था। शुभांशु सीएमएस के छात्र रहे हैं। समारोह की शुरुआत एयरपोर्ट से हुई, जहां सीएमएस प्रबंधक प्रो. गीता गांधी किंगडन के नेतृत्व में छात्रों ने बैंड प्रस्तुति दी और अपने गौरवशाली पूर्व छात्र का माल्यार्पण किया। इसके बाद खुले वाहन पर निकलने वाली शोभायात्रा शहर की सड़कों से गुजरी, उनके पीछे हजारों की उल्लसित भीड़ 'जय हिन्द और जय जगत' के नारे लगाती चल रही थी। जी-20 चौराहे पर तो स्वागत समारोह का दृश्य बेहद रोमांचक हो गया, जब हजारों लोगों की तालियों के बीच शुमांशु विनम्रता से हाथ हिलाकर अभिवादन कर रहे थे। भव्य शोभायात्रा का समापन सी.एम.एस. गोमती नगर एक्सटेंशन शाखा पर हुआ। जहां 3000 की संख्या में बच्चों ने परेड निकालकर उनका स्वागत किया। इस दौरान शुभांशु शुक्ला भी बच्चों का अभिवादन स्वीकार करते नजर आए। परेड कार्यक्रम के बाद शुभांशु शुक्ला ने स्कूल के बाहर प्लांटेशन भी किया। सीएमएस आडिटोरियम में आयोजित सम्मान समारोह के दौरान प्रो. गीता किंगडन ने अपना स्वागत उद्बोधन दिया। प्रो-गांधी किंगडन ने कहा कि शुभांशु की उपलब्धि केवल स्कूल की नहीं बल्कि हर भारतीय की है। उन्होंने सचमुच विद्यालय के आदर्श वाक्य 'जय जगत' की भावना को साकार किया है। हमें उन पर असीम गर्व है और हम उनके गगनयान मिशन समेत समस्त अन्तरिक्ष कार्यक्रमों की अभूतपूर्व सफलता की कामना करते हैं। इसके बाद स्कूली बच्चों ने देशभक्ति गानों पर रंगारंग प्रस्तुति दी। इस दौरान शुभांशु शुक्ला और उनके पिता शंभु दयाल शुक्ला, माता आशा शुक्ला, पत्नी कामना मिश्रा का प्रो गीता किंगडन, संस्थापिका भारती गांधी ने मंच पर स्वागत किया। एयरपोर्ट पर स्वागत के लिए पहुंचे यूपी के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि अपनी जन्मभूमि लखनऊ आगमन पर वायु सेवा के जांबाज़ ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला का हार्दिक स्वागत और अभिनंदन है। उत्तर प्रदेश के लिए आज अतिविशेष और महत्वपूर्ण दिन है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने कहा कि शुभांशु शुक्ला ने जिस प्रकार से हमारे देश का मान-सम्मान बढ़ाया है। अंतरिक्ष में भारत की ताकत के प्रतीक के रूप में हैं।

## सुप्रीम कोर्ट ने भारतीय विदेश मंत्रालय को निर्देश दिया

# गायब रूसी मां और बच्चे को लेकर अनुरोध पत्र भेजें

नई दिल्ली, वार्ता

उच्चतम न्यायालय ने भारतीय विदेश मंत्रालय को निर्देश दिया है कि वह गायब हुई एक रूसी महिला और उसके बच्चे का पता लगाने के लिए रूसी दूतावास को प्राथमिकी और संबंधित दस्तावेजों के साथ एक नया अनुरोध पत्र भेजे।

न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने रूस को भारत के साथ हस्ताक्षरित कानूनी सहायता संधि का उल्लेख करते हुए कहा कि रूसी दूतावास को अपने द्विपक्षीय दायित्वों की याद दिलानी चाहिए। इस संधि में कहा गया है कि दोनों पक्षों को आपराधिक मामलों में यथासंभव व्यापक कानूनी सहायता देनी चाहिए। न्यायालय ने अपर सॉलिसिटर जनरल (एएसजी) ऐश्वर्या भाटी से यह भी सुनिश्चित करने को कहा कि मॉस्को स्थित भारतीय दूतावास राजनयिक माध्यमों का सक्रिय रूप से उपयोग करे। विदित हो कि इस घटना में एक रूसी महिला अपने भारतीय पति के साथ चल रहे अपने पांच साल के बच्चे की कस्टडी विवाद के बीच कथित तौर पर बच्चे के साथ भारत से चली गई थी।



### भूस्वामियों को झुग्गी झोपड़ियों के पुनर्विकास का पहला अधिकार

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि महाराष्ट्र झुग्गी-झोपड़ी क्षेत्र अधिनियम, 1971 के तहत अधिसूचित भूमि के पुनर्विकास का पहला अधिकार भूस्वामी को है और राज्य ऐसी जमीन के अधिग्रहण के लिए तब तक आगे नहीं बढ़ सकता, जब तक भूस्वामी का अधिकार खत्म न कर दिया जाए। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति एन. कोटिश्वर सिंह की पीठ ने मुंबई के कुर्ला में अधिग्रहण से संबंधित एक विवाद का निपटारा करते हुए कहा। उन्होंने कहा कि एसआरए को भूस्वामी को झुग्गी-झोपड़ी पुनर्वास योजना के लिए प्रस्ताव करते हुए नोटिस जारी करना आवश्यक है।

### 'एस्ट्रोनॉमी' पर नहीं 'एस्ट्रोलॉजी' पर विश्वास करती है भाजपा : सपा

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने अंतरिक्ष यात्री ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला को उनके अंतरिक्ष अभियान की सफलता पर बधाई देते हुए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर तंज कसा और कहा कि भाजपा 'एस्ट्रोनामी (खगोल विज्ञान) के बजाय एस्ट्रोलाजी यानी ज्योतिष विज्ञान पर विश्वास करती है।

पार्टी कार्यालय पर आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में यादव ने केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर के एक बयान का हवाला देते हुए कहा कि बीजेपी वाले कह रहे हैं कि पहले अंतरिक्ष यात्री भगवान हनुमान जी थे। हमारे सभी भगवान ही अंतरिक्ष में रहते हैं। भाजपा हर बात का श्रेय लेने की कोशिश करती है, लेकिन दुख इस बात का है कि शुभांशु भाजपा के सदस्य नहीं है।

# एक भी मतदाता का शपथ-पत्र मूल रूप में प्राप्त नहीं हुआ : यूपी चुनाव आयोग

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ सपा की शिकायतों पर दिया स्पष्टीकरण

**लखनऊ।** यूपी में वर्ष 2022 में संपन्न हुए विधानसभा चुनाव में 18,000 वोट हटाए या काटे जाने के समाजवादी पार्टी के आरोपों पर राज्य निर्वाचन आयोग ने एक बार फिर स्पष्टीकरण जारी किया है। आयोग का कहना है कि एक भी शपथ पत्र मूल रूप में नहीं मिला है, स्कैन की गईं कॉपियां जरूर मिलीं हैं, जिनमें से कुछ की जांच पूरी हो चुकी है और कुछ की जारी है।

सोशल मीडिया साइट एक्स पर राज्य निर्वाचन आयोग ने सपा मीडिया सेल की एक पोस्ट का जवाब देते हुए लिखा कि 18 हजार शपथ पत्रों के साथ की गई शिकायत का जो उल्लेख बार बार किया जा रहा है, उसके संबंध में यह स्पष्ट किया जाता है कि एक भी मतदाता का शपथ पत्र मूलरूप में प्राप्त नहीं हुआ है। ईमेल के माध्यम से समाजवादी पार्टी द्वारा जो शिकायत की गई है उसमें लगभग 3919 अलग अलग नाम के व्यक्तियों के शपथ पत्रों की स्कैन कॉपी अवश्य प्राप्त हुई हैं। राज्य निर्वाचन आयोग ने लिखा कि शिकायत 33 जिलों के 74 विधानसभा क्षेत्रों से संबंधित है। 5 विधानसभा क्षेत्रों से संबंधित शिकायत की जांच पूर्ण हो चुकी है और एक्स के माध्यम से आम जनता के समक्ष जांच के निष्कर्ष को प्रस्तुत भी किया जा चुका है।

सोमवार को सोशल मीडिया साइट एक्स पर एक पोस्ट में सपा के मीडिया सेल द्वारा लिखा गया- 2022 का पूरा विधानसभा चुनाव, सभी उपचुनाव भाजपा सत्ता की मिलीभगत, इशारे पर लूटे गए और धृतराष्ट्र की भांति चुनाव आयोग भाजपाई बेइमानी के मूक समर्थन में बेइमानियों में संलिप्त रहा।

#### नवंबर-22 में बने शपथ पत्र, मर चुके उससे पहले

अभी तक जिन पांच विधानसभा क्षेत्रों की जांच सम्पन्न हुई है, उनमें यह पाया गया है के ऐसे कतिपय व्यक्तियों के नाम से माह नवम्बर 2022 में शपथ पत्र बने हैं, जिनकी मृत्यु वर्ष 2022 से कई साल पूर्व हो चुकी थी। कतिपय व्यक्तियों ने अपने नाम से बने शपथ पत्र की स्कैन कॉपी को दिखाने पर ऐसा कोई भी शपथ पत्र देने से स्पष्ट इन्कार कर दिया है। कानूनन गलत साक्ष्य दिया जाना एक अपराध माना जाता है।



सेंसेक्स 81635.91
निफ्टी 24967.75



सोना रु. 100345
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 116533
प्रति किलो



# लिवाली से शेयर बाजार में लौटी तेजी

**मुंबई।** सूचना प्रौद्योगिकी और ऑटो कंपनियों में लिवाली से घरेलू शेयर बाजारों में सप्ताह के पहले दिन सोमवार को तेजी लौट आई।

पिछले कारोबारी दिवस की गिरावट के बाद बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स आज 329.06 अंक (0.40 प्रतिशत) की बढ़त में 81,635.91 अंक पर पहुंच गया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी.50 सूचकांक भी 97.65 अंक यानी 0.39 प्रतिशत चढ़कर 24,967.75 अंक पर बंद हुआ। आईटी सेक्टर में जबरदस्त लिवाली के कारण सुबह से ही बाजार में तेजी रही। सेंसेक्स 194.21 अंक की बढ़त के साथ 81,501.06 अंक पर खुला और पूरे दिन हरे निशान में रहा। इस दौरान यह नीचे 81,364.86 अंक और ऊपर 81,799.06 अंक तक गया। निफ्टी-50 सूचकांक भी 79.05 अंक ऊपर 24,949.15 अंक पर खुला। इसका दिवस का निचला स्तर 24,894.35 अंक और उच्चतम स्तर 25,021.55 अंक रहा। एनएसई में निफ्टी आईटी सूचकांक 2.37 फीसदी चढ़ा। रियलिटी, धातु, ऑटो, फार्मा, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद सेक्टरों के सूचकांकों में भी तेजी रही। वहीं, सार्वजनिक बैंकों, वित्तीय सेवाओं और एफएमसीजी सेक्टरों के सूचकांक गिरावट में रहे। सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से 20 के शेयर हरे निशान में बंद हुए। इंफोसिस का शेयर 3.03 प्रतिशत चढ़कर बंद हुआ। टीसीएस में 2.85 प्रतिशत, एचसीएल टेक्नोलॉजीज में 2.55 और टेक मलहद्रा में 1.32 प्रतिशत की तेजी रही। टाटा मोटर्स, सनफार्मा, मारुति सुजुकी, टाइटन, टाटा स्टील और बजाज फाइनेंस के शेयर भी बढ़त के साथ बंद हुए। सबसे अधिक 0.76 प्रतिशत की गिरावट बीईएल के शेयर में रही। एशियन पेंट्स का शेयर 0.39 फीसदी, भारती एयरटेल का 0.38 और आईसीआईसीआई बैंक का 0.21 प्रतिशत फिसल गया। ज्यादा शेयरों पर आधारित निफ्टी.100 सूचकांक में 0.37 फीसदी की तेजी रही। मझौली कंपनियों में निवेशकों की लिवाली कम रही और छोटी कंपनियों में वे बिकवाल रहे। निफ्टी मिडकैप.50 सूचकांक 0.16 प्रतिशत की बढ़त में रहा। वहीं, निफ्टी स्मॉलकैप 100 सूचकांक में 0.04 प्रतिशत गिर गया। एशियाई शेयर बाजारों में तेजी रही। जापान का निक्केई 0.41 प्रतिशत, हांगकांग का हैंगसेंग 1.94 प्रतिशत और चीन का शंघाई कंपोजिट 1.51 प्रतिशत की बढ़त में बंद हुआ। जर्मनी का डैक्स 0.29 प्रतिशत नीचे कारोबार कर रहा था जबकि ब्रिटेन का एफटीएसई सूचकांक 0.13 फीसदी ऊपर था।



### चांदी1.16 लाख प्रति किलो सोना 1,00,345 प्रति 10 ग्राम

**मुंबई।** सोमवार को चांदी ने ऑलटाइम हाई बनाया है। आज एक किलो चांदी की कीमत 2,627 रुपए महंगी होकर 1,16,533 रुपए हो गई है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार 10 ग्राम सोने का भाव 987 रुपए चढ़कर 1,00,345 रुपए पर पहुंच गया है।

देश के महानगरों दिल्ली में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,01,660 और 22 कैरेट सोने की कीमत 93,200, एक किलो चांदी की कीमत 1,21,000 रही, जबकि मुंबई में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,01,510 और 22 कैरेट सोने की कीमत 93,050 व एक किलो चांदी की कीमत 1,21,000 रुपये थी। कोलकाता में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,01,510 और 22 कैरेट सोने की कीमत 93,050 व एक किलो चांदी की कीमत 1,21,000 रही। चेन्नई में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,01,510 और 22 कैरेट सोने की कीमत 93,050 व एक किलो चांदी की कीमत 1,31,000 रही। मार्केट एक्सपर्ट केडिया कमोडिटी के अनुसार 2025 के आखिर तक एक किलो चांदी की कीमत 1.30 लाख रुपए तक पहुंच सकती है। मनीकंट्रोल का अनुमान है कि चांदी में 34 प्रतिशत की बढ़ोतरी हो सकती है, जिससे कीमत 1,46,000 प्रति किलोग्राम तक जा सकती है।

# भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूती और उम्मीद का प्रतीक बनी हुई हैः आरबीआई गवर्नर

मुंबई, वार्ता

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने सोमवार को कहा कि देश की अर्थव्यवस्था मजबूती और उम्मीद का प्रतीक बनी हुई है और आने वाले वर्षों में हम दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होंगे। श्री मल्होत्रा ने यहां उद्योग मंडल फिक्की और भारतीय बैंक संघ (आईबीए) द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित दो दिवसीय सम्मेलन 'फिबैक' के उद्घाटन के मौके पर कहा कि देश ने स्वतंत्रता के बाद काफी प्रगति की है। हमने शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, उद्योग, बुनियादी ढांचा, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, रक्षा प्रशासन, वित्त आदि क्षेत्रों में प्रगति की है। उन्होंने कोरोना महामारी, अमेरिका द्वारा लगाये गए आयात शुल्क और मौजूदा भू-राजनैतिक परिस्थितियों का जिक्र करते हुए कहा, हभारतीय अर्थव्यवस्था कई गुना बढ़ी है। यह मजबूती और उम्मीद का प्रतीक बनी हुई है। पिछले कुछ वर्षों में अभूतपूर्व चुनौतियों के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था की उपलब्धियां अभूतपूर्व हैं। हम आने वाले वर्षों में दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने वाले हैं। आरबीआई गवर्नर ने कहा कि राजकोषीय घाटा 9.2 प्रतिशत से घटकर चालू वित्त वर्ष में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के 4.4 प्रतिशत पर रहने की उम्मीद है। सेवा क्षेत्र के निर्यात में जारी मजबूती के कारण चालू खाते का घाटा पिछले वित्त वर्ष में जीडीपी के 0.6 प्रतिशत पर रहा था। देश का विद.ेशी मुद्रा भंडार 15 अगस्त 2025 को समाप्त सप्ताह में 695 अरब डॉलर था जो 11 महीने के माल आयात बिल के भुगतान के लिए पर्याप्त है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने के लिए रिजर्व बैंक तीन बातों पर फोकस कर रहा है। पहला, वित्तीय स्थिरता को बढ़ावा देना।

# उम्मीदः सुप्रीम कोर्ट जम्मू-कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल करेगाः उमर

**श्रीनगर।** मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने सोमवार को उम्मीद जतायी कि उच्चतम न्यायालय जम्मू.कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल करने के लिए हस्तक्षेप करेगा। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार अभी तक कोई फैसला नहीं ले पायी है, लेकिन हमें अब भी उम्मीद है कि कम से कम सुप्रीम कोर्ट तो ऐसा करेगा।

श्री अब्दुल्ला जम्मू.कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल करने की मांग वाली याचिकाओं पर सुनवाई की तारीख पूर्व निर्धारित तिथि से पहले करने से उच्चतम न्यायालय के इनकार पर पूछे गए सवाल का जवाब दे रहे थे। श्री अब्दुल्ला ने श्रीनगर में संवाददाताओं से कहा कि हम यह भी चाहते हैं कि इस फैसले में और देरी न हो। हम 10 महीने से ज्यादा समय से सरकार में हैं, और पहले दिन से ही हम राज्य के दर्जे के पक्ष में हैं। उन्होंने कहा कि उनके मंत्रिमंडल का पहला फैसला राज्य का दर्जा देने की मांग वाला एक प्रस्ताव पारित करना था, जिसे बाद में उन्होंने प्रधानमंत्री को सौंप दिया। उन्होंने कहा कि जब मैं पहली बार मोदी जी से मिला तो सबसे पहले मैंने कैबिनेट का प्रस्ताव उनके हाथों में थमा दिया। हम इंतज़ार कर रहे हैं, लेकिन हमें अपने इंतज़ार का कोई फ़ायदा नहीं मिला है। उच्चतम न्यायालय 10 अक्टूबर से पहले मामले की सुनवाई के लिए तैयार नहीं है। उन्होंने कहा कि हम थोड़ा और इंतज़ार करेंगे। लेकिन हमें अब भी उम्मीद है कि जहां केंद्र सरकार ने यह फैसला नहीं लिया है, कम से कम उच्चतम न्यायालय तो ज़रूर लेगा।


**बिकाऊ है।**

एक औद्योगिक भूखण्ड क्षेत्र 50850 वर्ग मीटर मय बाऊड्री औद्योगिक क्षेत्र ग्राम गगनोली तहसील लक्सर जिला हरिद्वार।

शीघ्र सम्पर्क करें- 9837333111, 9917200010

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

**स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है**
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीज़ादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

**काम कोर्स उदास क्यों?**
अधिक संतुष्टि, हैस्तअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

**Cipzer**
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, कमजोरी, जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

**वैधानिक सूचना**
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।



# भाजपा ने प्रजापति समाज के साथ किया अन्याय: अखिलेश

### 2027 में बनेगी पीडीए सरकार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार ने प्रजापति समाज के साथ अन्याय किया है और पीडीए नेताओं को झूठे मुकदमों में फंसाकर जेल भिजवाया है।

उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश में खनन समेत अन्य क्षेत्रों में लूट मची हुई है और भाजपा ने भ्रष्टाचार के सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। लखनऊ स्थित समाजवादी पार्टी के राज्य मुख्यालय के डॉ. राममनो. हर लोहिया सभागार में आयोजित प्रजापति समाज के साथ पीडीए एवं महापुरुष सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए अखिलेश यादव ने राजा दक्ष प्रजा. पति और मंडल कमीशन के अध्यक्ष





बी.पी. मंडल के चित्र पर माल्यार्पण कर नमन किया। उन्होंने कहा कि समाजवादी सरकार में प्रजापति समाज को तालाबों पर पटे दिए गए थे, जिन्हें भाजपा सरकार ने निरस्त कर दिया। अखिलेश यादव ने कहा कि प्रजापति समाज में जो नया जोश और ऊर्जा दिख रही है, उससे स्पष्ट है कि 2027 में पीडीए की सरकार बनेगी और सामाजिक न्याय का मार्ग प्रशस्त होगा। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा धोखा देने वाली पार्टी है, जबकि समाजवादी पार्टी हमेशा सामाजिक न्याय की पक्षधर रही है। उन्होंने कहा कि मोहम्मद आज़म खां, गायत्री प्रजापति, रमाकांत यादव और इरफान सोलंकी जैसे नेताओं पर झूठे मुकदमे किए गए हैं। हगायत्री प्रजापति को एक दिन अवश्य न्याय मिलेगा उन्होंने कहा। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार शिक्षा को हाशिए पर धकेल रही है और शराब की अधिक दुकानें खोलकर समाज को भ्रमित करना चाहती है। महंगाई बेलगाम है, बिजली व्यवस्था चौपट है और नोटबंदी का परिणाम जनता अब तक भुगत रही है। अखिलेश यादव ने जातीय जनगणना की मांग करते हुए कहा कि आबादी के हिसाब से सभी वर्गों को हक और सम्मान मिलना चाहिए। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव एवं सांसद प्रो. रामगोपाल यादव ने सम्मेलन में कहा कि प्रजापति समाज का इतिहास गौरवशाली है और यह पीडीए का अभिन्न अंग है। उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव ने प्रजापति समाज को जोड़ने का सराहनीय कार्य किया है। ह2027 में ईवीएम पर प्रजापति समाज की ताकत भाजपा सरकार को बाहर का रास्ता दिखाएगी उन्होंने कहा। इस अवसर पर प्रजापति समाज के कई वक्ताओं ने समाजवादी पार्टी के साथ खड़े रहने का संकल्प लिया। उन्होंने कहा कि समाजवादी सरकार में प्रजापति समाज के हित में अनेक निर्णय लिए गए थे और अब 2027 में वे पूरी तरह एकजुट होकर सपा की सरकार बनाएंगे। सम्मेलन का संयोजन रमेश प्रजापति एवं पूर्व मंत्री दयाराम प्रजापति ने किया। कार्यक्रम में प्रो. रामगोपाल यादव, पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेन्द्र चौधरी, प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल सहित प्रदेशभर से बड़ी संख्या में प्रजापति समाज के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# विद्युत विभाग का चोला पहनकर लाखों की ठगी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** राजधानी में बिजली विभाग का चोला पहनकर लोगों से लाखों रुपये की ठगी करने वाला शख्स फरार है। इलियास नाम का यह व्यक्ति लोगों को मीटर लगवाने और बिजली विभाग से जुड़ी समस्याओं का समाधान कराने का भरोसा दिलाकर ठगी करता रहा है।

जानकारी के अनुसार इलियास ने कई लोगों से मीटर लगवाने और बिल सही करवाने के नाम पर मोटी रकम ऐंठी। हुसैनगंज उपकेंद्र दारुलशफा क्षेत्र के लालबाग निवासी शफीक आलम से भी उसने मीटर लगवाने के नाम पर एक लाख चौसठ हजार रुपये लिए और फरार हो गया। जब पीड़ित ने इलियास की जानकारी जुटाई तो पता चला कि ऐसे बहुत से लोगों को वह लाखों का चूना लगा चुका है। फिलहाल पीड़ित शफीक आलम की तहरीर पर थाना कैसरबाग में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और पुलिस उसकी तलाश कर रही है। बताया जाता है कि पूर्व में कुछ पीड़ितों ने इलियास को पकड़ने की कोशिश भी की थी, लेकिन वह चकमा देकर भाग निकला। अब सवाल यह उठ रहा है कि वर्षों से बिजली विभाग के नाम पर ठगी करने वाले इस शख्स को क्या विभाग का संरक्षण प्राप्त था? क्या विभाग को उसकी गतिविधियों की जानकारी थी या फिर विभाग की लापरवाही ने उसे इतने लंबे समय तक ठगी करने का मौका दिया।

# विनियमित क्षेत्र में चल रहे कार्यो को लेकर जिलाधिकारी ने की बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सीतापुर।** कार्यालय नियत प्राधिकारी/नगर मजिस्ट्रेट, विनियमित क्षेत्र सीतापुर में नियंत्रक प्राधिकारी की बैठक जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में की गई।

बैठक में विभिन्न कार्य सूचियों पर चर्चा कर निर्णय लिए गए। बैठक की शुरुआत में 5 अगस्त 2024 को आयोजित पिछली बैठक की कार्यवाही की पुष्टि की गई।

इसके उपरांत नियंत्रक प्राधिक. ारी सभा के समक्ष प्रस्तुत मानचित्रों एवं प्रस्तावों पर विचार किया गया। इस दौरान मानचित्र संख्या



21/2025-26, जिला चिकित्सालय सीतापुर द्वारा सुरेश कुमार पुत्र खेतराम, (मुख्य चिकित्सा अधिकारी) के प्रकरण के निस्तारण पर विचार किया गया। साथ ही मेसर्स रूद्राक्ष डेवलपर्स, ग्राम रस्यौरा गाटा संख्या 606 मिनजुमला के सापेक्ष वर्तमान भू-उपयोग कृषि (ए-2) से औद्योगिक (प्लेज पार्क) में परिवर्तन के संबंध में अनुसचिव आवास एवं शहरी नियोजन अनुभाग-8 के पत्र दिनांक 15 जुलाई 2025 तथा मुख्य नगर एवं ग्राम नियोजक, उत्तर प्रदेश के पत्र दिनांक 9 जुलाई 2025 में दिए गए।

## आनन्द भदौरिया ने पीड़ित परिवार को दी आर्थिक मदद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सीतापुर।** धौरहरा के सपा सांसद आनंद भदौरिया महोली के नरनी गांव निवासी सौरभ दीक्षित के घर पहुंचे। सौरभ दीक्षित को बाघ ने शिकार बनाया था । सपा सांसद आनंद भदौरिया ने घटना को लेकर दुख जताया। वही पीड़ित परिवार को 50 हजार रुपये की आर्थिक मदद दी। उन्होंने मौके से ही वन विभाग के अधिकारियों से बात की और बाघ को जल्द से जल्द पकड़ने की बात कही। सांसद आनंद भदौरिया ने पीड़ित परिवार को ढांढस बंधाया और कहा कि वह इस दुख की घड़ी में परिवार के साथ खड़े हैं।

### रोजगार महाकुंभ 2025

# यूपी में युवाओं को मिलेगा सुनहरा अवसर

### सैकड़ों कंपनियों का होगा जमावड़ा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का संकल्प हहर हाथ को काम, हर युवा को सम्मान अब नई उड़ान भरने जा रहा है।

राजधानी लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में छब्बीस से अठाईस अगस्त तक तीन दिवसीय हरोज़गार महाकुंभ 2025 का आयोजन होने जा रहा है। इस आयोजन से प्रदेश के लाखों युवाओं को नौकरी और रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे। इस महाकुंभ की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि इसमें देश-विदेश की सौ से अधिक प्रतिष्ठित कंपनियां भाग लेंगी। इनके माध्यम से पचास हज़ार से अधिक युवाओं को रोजगार के अवसर दिए जाएंगे। यह आयोजन न केवल प्रदेश की रोजगार और कौशल क्रांति की नई पहचान बनेगा, बल्कि युवाओं को सीधे उद्योग जगत से जुड़ने और अपने भविष्य को दिशा देने का अवसर भी प्रदान करेगा। रोज़गार महाकुंभ में स्टार्टअप और इनोवेशन से लेकर डेटा-ड्रिवेन सॉल्यूशंस पर काम करने वाली वाधवानी एआई, माइक्रोसाफ्ट और इंटेल जैसी अंतर्राष्ट्रीय कंपनियां शामिल होंगी। इनके माध्यम से साफ्टवेयर डेवलपमेंट, क्लाउड कंप्यूटिंग, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और हार्डवेयर डिजाइन के क्षेत्र में युवाओं को नौकरी का अवसर मिलेगा।

वहीं ईख्रकॉमर्स क्षेत्र से फ्लिपकार्ट और अमेज़न वेब सर्विसेज़ जैसी कंपनियों की मौजूदगी से सप्लाई चेन मैनेजमेंट, लॉजिस्टिक्स और डेटा एनालिटिक्स में अवसर उपलब्ध होंगे। वित्तीय और बैंकिंग सेवाओं के साथ मैन्युफैक्चरिंग और ऑटोमोबाइल क्षेत्र से महिंद्रा जैसी कंपनियां भी रोजगार की बड़ी संभावनाएं लेकर आ रही हैं। इस महाकुंभ में तीन अलगख्रअलग मंचों से युवाओं को अवसर मिलेगा। रोज़गार कॉन्क्लेव में नीतिख्रनिर्माताओं, उद्योग जगत के नेताओं और शिक्षा क्षेत्र के विशेषज्ञों से सीधी बातचीत होगी। कंपनियां ऑन-स्पॉट इंटरव्यू और प्लेसमेंट ड्राइव करेंगी, जिससे पचास हज़ार से अधिक युवाओं को नौकरी का अवसर मिलेगा। साथ ही एग्ज़िबिशन पवेलियन के माध्यम से प्रदेश की औद्योगिक नीतियों और कौशल विकास मॉडल की झलक भी दिखाई जाएगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में यह महाकुंभ न केवल युवाओं के लिए रोजगार का मार्ग प्रशस्त करेगा, बल्कि प्रदेश की अर्थव्यवस्था, निवेश और औद्योगिक विकास को भी नई गति प्रदान करेगा।

# उर्वरक वितरण को लेकर डीएम ने की समीक्षा बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सीतापुर।** सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में उर्वरक वितरण समीक्षा बैठक हुई। जिलाधिकारी द्वारा कड़े निर्देश दिये गये कि निर्धारित प्रक्रिया का पालन सुनिश्चित करते हुए सभी विक्रय स्थलों पर यूरिया का वितरण पॉश मशीन के माध्यम से कराया जाए।

स्टॉक को अनवरत रूप से अद्यतन किया जाए। जिलाधिकारी ने यह निर्देश भी दिये गये कि यूरिया के साथ किसी अन्य उत्पाद की टैगिंग न की जाए तथा निर्धारित मूल्य पर ही यूरिया का विक्रय कराया जाए। सभी सम्बन्धित अधिकारी निरन्तर भ्रमणशील रहते हुए वितरण व्यवस्था की गहन जांच




करें तथा यदि कहीं अनियमितता पायी जाए तो सम्बन्धित के विरुद्ध कठोर कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। उन्होंने बताया जनपद में लगभग 2500 मै0टन यूरिया प्राप्त होना सम्भावित है। जनपद में 50 सहकारी समितियों एवं 150 निजी क्षेत्र की दुकानों पर भी यूरिया के वितरण की व्यवस्था करायी जा रही है, जिनसे किसान सुगमतापूर्वक अपनी आवश्यकता के अनुसार उर्वरक क्रय कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि जनपद में पर्याप्त मात्रा में यूरिया उर्वरक उपलब्ध है, जिसका वितरण कराया जा रहा है। उन्होंने किसानों से कहा कि अपनी आवश्यकता के अनुसार ही उर्वरक का क्रय करें। सहकारी समितियों के अतिरिक्त लगभग 150 निजी क्षेत्र की दुकानों के माध्यम से भी यूरिया उर्वरक क्रय किया जा सकता है। साथ ही जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि समस्त उर्वरक केन्द्रों पर राजस्व, कृषि एवं पुलिस विभाग के कर्मचारियों के सत्पायन के उपरान्त उनकी मौजूदगी में उर्वरक वितरण कराया जाए। बैठक के दौरान जिला ख्रषि अधिकारी संजीव कुमार ने अवगत कराया गया कि आज जनपद में 2 हॉफ रैक यूरिया प्राप्त हो रही है।

# दलित युवाओं को अधिकारी बनाने में मददगार योगी सरकार की योजना

### अब तक 7 हजार से अधिक लाभान्वित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार की परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण योजना अनुसूचित जाति (एससी) और अनुसूचित जनजाति (एसटी) सहित पिछड़े वर्ग के युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में नई राह दिखा रही है।

समाज कल्याण विभाग के अनुसार इस योजना से अब तक 6784 अभ्यर्थी लाभिन्वित हुए हैं, जिनमें हे 701 अभ्यर्थियों का विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में चयन हो चुका है। विभाग की ओर से बताया गया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए इस योजना में 11.4 करोड रूपये का बजट प्रवधान किया गया है।

लखनऊ, गोरखपुर, प्रयागराज, वाराणसी, आगरा, अलीगढ़ और हापुड़ में आठ परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केंद्र संचालित किए जा रहे हैं।

इनमें से लखनऊ में एक केंद्र विशेष रूप से बालिकाओं के लिए समर्पित है। समाज कल्याण विभाग के संयुक्त निदेशक पी के त्रिपाठीने बताया कि इन केंद्रों में विषय विशेषज्ञों द्वारा अभ्यर्थियों को प्रारंभिक परीक्षा, मुख्य परीक्षा और साक्षात्कार तक की तैयारी कराई जाती है। कोविड काल में प्रशिक्षण को ऑनलाइन भी संचालित किया गया था, जिसके परिणामस्वरूप 81 अभ्यर्थी राज्य प्रवर अधीनस्थ सेवा परीक्षा तथा सहायक वन संरक्षक के रूप में चयनित हुए। सरकार का कहना है कि यह योजना सामाजिक और आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के युवाओं को अवसर देकर उन्हें प्रशासनिक सेवाओं में भागीदारी का मौका दे रही है।

## आंधी में टूट गया बिजली का पोल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**इन्हौना अमेठी।** इन्हौना शुक्ल बाजार सड़क मार्ग पर रेलवे स्टेशन अकबरगंज रेलवे स्टेशन से एक किलोमीटर दूर राम केवल यादव के खेत के पास रविवार की बीती रात्रि में तेज हवा और भारी बरसात के चलते एक बिजली का खंभा टूट गया और हाई वोल्टेज बिजली लाइन के तार भी जमीन पर टूट कर गिर गये है जिससे इन्हौना शुक्ल बाजार सड़क मार्ग पर चलने वाले राहगीरों पशुओं और किसानों के लिए खतरा बना हुआ है इस मामले में इन्हौना पावर हाउस पर युवा समाजसेवी हलीम,, श्रीख्रष्ण, सहित अन्य कई लोगों ने टूटें हुए बिजली के तार की जानकारी दी।

# कांग्रेसी नेता के घर शोक संवेदना व्यक्त करने पहुंचे सांसद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जगदीशपुर अमेठी।** वरिष्ठ कांग्रेसी नेता व पूर्व प्रधान का लगभग डेढ़ माह पूर्व बीमारी के चलते निधन हो गया था जहां अमेठी सांसद ने उनके आवास पर पहुंच कर परिजनों से मुलाकात कर शोक संवेदना व्यक्त किया और हर सम्भव मदद का भरोसा दिलाया ।

जगदीशपुर विकास खण्ड के अंतर्गत स्थित पहाड़पुर मजरे गडरियाडीह गांव निवासी 105 वर्षीय वरिष्ठ कांग्रेसी नेता हाजी मुनीर खां चार बार प्रधान व एक बार बीडीसी का भी चुनाव जीता जिनका छः जुलाई 2025 को देहान्त हो गया था। जिसकी जानकारी होने पर सोमवार को अपने दो दिवसीय दौरे पर आए अमेठी सांसद किशोरी लाल शर्मा ने उनके आवास पहुंच कर परिजनों से मुलाकात कर शोक संवेदना व्यक्त की और हर सम्भव मदद का भरोसा दिलाया। इस मौके पर जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंघल पूर्व एमएलसी दीपक सिंह हाजी सलाउद्दीन खां एडवोकेट पूर्व विधानसभा प्रत्याशी



जगदीशपुर विजय पासी कामता प्रसाद मिश्रा मोहम्मद अकमल सतीश कुमार सिंह नेता अजीजुर्रहमान उर्फ रैहान सुल्तानपुरी सिराज कुरैशी सगीर कुरैशी सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## आठ वर्षीय बच्ची से दुराचार, सपा अध्यक्ष ने कहा-दोषियों को सजा मिले

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कौशाम्बी जनपद के लोहन्दा गांव में आठ वर्षीय बच्ची के साथ हुए दुराचार की घटना पर कड़ा रुख अपनाते हुए कहा कि पीड़िता को न्याय मिलना चाहिए और दोषियों को सख्त सजा दी जाएगी।

अखिलेश यादव ने बताया कि समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचे थे, लेकिन प्रशासन ने उन्हें रोक दिया। उन्होंने कहा कि श्याम लाल पाल पुनः पीड़ित परिवार से मिलेंगे और न्याय दिलाने के प्रयास करेंगे। ग्राम लोहन्दा थाना सैनी निवासी जागेश्वर पाल ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसकी आठ वर्षीय पुत्री दोपहर लगभग दो बजे रामायण कार्यक्रम देखने जा रही थी। रास्ते में गांव का ही धन्नू उर्फ सिद्धार्थ पुत्र छोटका तिवारी उसे ईंट भट्ठे पर ले गया और दुराचार किया। लगभग तीन बजे बच्ची घर लौटी और मां को आपबीती बताई। जागेश्वर पाल का कहना है कि जब उन्होंने आरोपी पक्ष से शिकायत की तो उन्हें चुप रहने के लिए पैसे देने की बात कही गई और धमकी दी गई कि यदि पुलिस को सूचना दी तो बेटी को उठा ले जाकर मार दिया जाएगा।

# दो हजार लीटर से अधिक कच्ची शराब पकड़ी, तीन गिरफ्तार

**गोंडा।** अवैध कच्ची शराब के कारोबार के खिलाफ नवाबगंज पुलिस ने रविवार देर रात बड़ी कार्रवाई की। थानाक्षेत्र के जैतपुर माझा में छापेमारी कर दो हजार लीटर से अधिक कच्ची शराब बरामद की गई और तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया, जबकि एक आरोपी नाव से अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया। थानाध्यक्ष अभय सिंह के अनुसार, मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने घेराबंदी कर छेदी पुत्र हरिश्चन्द्र, सुनील पुत्र केशवराम और विजय प्रताप पुत्र सुरेश को दबोचा। इनके पास से सौ लीटर शराब मिली। पूछताछ में तीनों ने स्वीकार किया कि बड़ा जखीरा सोतिया नाले के किनारे झाड़ियों में छिपाकर रखा गया है।

उनकी निशानदेही पर एक सौ ग्यारह पन्नियां बरामद हुईं, जिनमें प्रत्येक में अठारह से बीस लीटर शराब भरी थी। कुल बरामदगी दो हजार लीटर से अधिक रही। चौथा आरोपी श्याम बाबू पुत्र भगवानदीन नाव से भाग निकला जिसकी तलाश की जा रही है।गिरफ्तार आरोपियों को आबकारी अधिनियम की धारा साठ के तहत जेल भेज दिया गया है। थाना प्रभारी ने कहा कि अवैध शराब का कारोबार समाज के लिए गंभीर खतरा है।

रेलयात्री कृपया ध्यान दें!

महत्वपूर्ण जानकारी

वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन सेवा का विस्तार

रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन के लिए उत्तर रेलवे द्वारा 22490/22489 मेरठ सिटी – लखनऊ जं. – मेरठ सिटी वंदे भारत एक्सप्रेस सेवा को दिनाक 27.08.2025 से वाराणसी स्टेशन तक बढ़ाया जा रहा है, जिसका विस्तृत विवरण निम्नानुसार है :-

22490/22489 मेरठ सिटी - वाराणसी - मेरठ सिटी वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन (सप्ताह में 6 दिन)

| रेलगाड़ी सं. 22490 आगमन | रेलगाड़ी सं. 22490 प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 22489 आगमन | रेलगाड़ी सं. 22489 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| – | 06:35 | मेरठ सिटी | 21:05 | – |
| 07:08 | 07:10 | हापुड़ | 20:10 | 20:12 |
| 08:35 | 08:40 | मुरादाबाद | 18:50 | 18:55 |
| 10:04 | 10:06 | बरेली | 17:13 | 17:15 |
| 13:45 | 13:55 | लखनऊ जं. | 13:40 | 13:50 |
| 15:53 | 15:55 | अयोध्या धाम जं. | 11:40 | 11:42 |
| 18:25 | -- | वाराणसी जं. | -- | 09:10 |

चलने की तिथि: 22490 मेरठ सिटी से और 22489 वाराणसी से दिनांक 27.08.2025 से प्रतिदिन मंगलवार छोड़कर।

विस्तृत जानकारी के लिए कृपया रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 डायल करें अथवा रेलवे पूछताछ वेबसाइट www.enquiry.indianrail.gov.in देखें।

रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139

रेलमदद वेबसाइट देखें:- www.railmadad.indianrailways.gov.in

रेलमदद ऐप डाउनलोड करें

पर हमें फॉलो करें

2578/25

उत्तर रेलवे सदैव आपकी सेवा में

www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# खड़ंजा निर्माण व मरम्मत की मांग

### ग्रामीणों ने पंचायत से लगाई गुहार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**तिलोई/अमेठी।** तिलोई विकासखंड की ग्राम पंचायत तिलोई के अंतर्गत आने वाले शिवपुर गांव के ग्रामीण लंबे समय से खड़ंजा निर्माण और पहले से लगे खड़ंजों की मरम्मत की मांग कर रहे हैं। बरसात के मौसम में गली-मोहल्लों की स्थिति बिगड़ने से ग्रामीणों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

गांव के प्रमुख ग्रामीण आदित्य पाठक, हेमंत, बृज किशोर तिवारी, महेश और कन्हैया लाल ने बताया कि शिवपुर गांव की कई गलियों में अब तक खड़ंजा नहीं बिछाया गया है। वहीं, जिन गलियों में पहले



खड़ंजा लगाया गया था, वे आज पूरी तरह जर्जर हो चुके हैं। जगह-जगह ईंटें उखड़ गई हैं और ग्ग्रे बनने से लोगों का चलना मुश्किल हो गया है।ग्रामीणों का कहना है कि बरसात के दिनों में इन रास्तों पर पानी भर जाता है और कीचड़ फैलने से बच्चों व बुजुर्गों का निकलना बेहद कठिन हो जाता है। स्कूल जाने वाले बच्चों और बीमार मरीजों को समय पर अस्पताल तक ले जाना भी मुश्किल हो जाता है। ग्रामीणों ने बताया कि आए दिन लोग फिसलकर गिर जाते हैं और दुर्घटना का शिकार हो जाते हैं।ग्रामीणों का कहना है कि उन्होंने कई बार पंचायत और जनप्रति. निधियों से खड़ंजा निर्माण एवं मरम्मत की मांग की है,

लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। आदित्य पाठक और हेमंत ने कहा कि ग्रामीणों की समस्या को नज़रअंदाज़ करना उचित नहीं है। बृज किशोर तिवारी, महेश और कन्हैया लाल ने भी बताया कि गांव के विकास कार्यों में गंभीरता बरती जानी चाहिए ताकि बुनियादी सुविधाएं सबको मिल सकें।ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही खड़ंजा निर्माण और पुराने खड़ंजों की मरम्मत का कार्य शुरू नहीं कराया गया तो वे सामूहिक रूप से आंदोलन करने को बाध्य होंगे।

## अखिलेश ने डॉ. आशुतोष की बहन के निधन पर जताया शोक

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने पार्टी के मीडिया पैनलिस्ट डॉ. आशुतोष वर्मा की बहन, बाराबंकी निवासी श्रीमती संध्या वर्मा (53) के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि दुख की इस घड़ी में पूरा समाजवादी परिवार शोकाकुल परि. जनों के साथ खड़ा है। अखिलेश यादव ने दिवंगत आत्मा की शांति की प्रार्थना करते हुए परिजनों को इस अपूरणीय क्षति को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की कामना की। समाजवादी पार्टी के मुख्य प्रवक्ता राजेन्द्र चौधरी ने भी निधन पर संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि स्वर्गीय संध्या वर्मा एक सरल और सहृदय व्यक्तित्व की धनी थीं।

शाह टाइम्स

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 21, स्टेशन रोड, शाह टावर लखनऊ-226001 (उ0प्र) से प्रकाशित।

सम्पादक: एस.एन. राना

*कार्यकारी सम्पादक आनन्द बख्श 'सुमन'

☎ 0522-4041004

मुख्यालय: मोबाइल-9720007290

RNI No. UPHIN/2009/31463

www.shahtimesnews.com

email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# मेरे सरकार के कद के बराबर कोई हो नहीं सकता...

## पैगाम-ए-अमन कमेटी की ओर से नातिया महफिल



शाह टाइम्स ब्यूरो

**अमरोहा**। पैगाम-ए-अमन कमेटी के संयोजन में रविवार रात नातिया महफिल का आयोजन कमेटी अध्यक्ष हाजी खुरशीद अनवर के मोहल्ला गुजरी स्थित आवास पर किया गया।

मिर्जा जुबैर इब्ने सैफी ने पढ़ा...कभी जाली तो कभी गुम्बदे खिजरा देखा, मैने जो ख्वाब भी देखा वोह सुनहरा देखा। अनीस अमरोहवी ने फरमाया... कद्दावर हो कोई कितना कद्दावर हो नही सकता, मेरे सरकार के कद के बराबर हो नही सकता। मेहरबान अमरोहवी यूं नमूदार हुए...यहां तो कमाने की धुन में लगा हूं, वहां सब लुटाने को जी चाहता है। इनके अलावा हाफिज गुलाम मुर्तजा, सैय्यद वली आदि ने भी नातिया कलाम पेश किए। इस दौरान मास्टर असलम उस्मानी, सरताज आलम मंसूरी, हाजी अब्दुल कय्यूम राईनी, हाजी मुजफ्फर अली अंसारी,अली इमाम रिजवी, आदिल अब्बासी, यासिर अंसारी, अदनान मसरूर, इकराम जैदी, कमर नकवी, हाजी अफजाल अहमद, कासिम खान, जफर शाह खान, शफीक गामा, शाहरुख खान एडवोकेट, मुन्तजिम अब्बासी एडवोकेट, सूफी निशात, अफसार बख्श आदि मौजूद रहे। सलात-ओ-सलाम व मुल्क व मिल्लत की सला. मती की दुआ के बाद महफिल का समापन हुआ।

# जनता को शुद्ध पेयजल कराए उपलब्धः डीएम

## जल जीवन मिशन योजना की समीक्षा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**अमरोहा**। जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने कहा कि लोगों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराना सरकार की पहली प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि वाटर सप्लाई को समय रहते बढ़ाया जाये।

कलक्ट्रेट सभागार में डीएम निधि गुप्ता वत्स ने जल जीवन मिशन के तहत हर घर नल-हर घर जल योजना की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि योजना का लाभ जनता को अधिक से अधिक दिलाया जाये। अधिकारी धरातल पर काम करें तथा रेगुलर वाटर सप्लाई को बढ़ाये। डीएम ने कहा कि पाइप लाइन बिछाने के लिये तोड़ी गई सड़कों की मरम्मत सही से कराये ताकि जनता को परेशानी न हो। अधिशासी अभियंता व डीपीएम टीपीआई को निर्देश दिये कि कार्यदायी संस्थाओं पर नजर रखे काम गुणवत्ता पूर्वक होना चाहिये। जिन गांवों में मरम्मत का काम हो गया है सत्यापन कर फोटो सहित वास्तविक रिपोर्ट दें। आंगनबाड़ी केन्द्रों, विद्यालयों, पंचायत भवनों, सरकारी कार्यालयों में पानी कनेक्शन की रिपोर्ट उपलब्ध कराये। बैठक में सीडीओ अश्वनी कुमार मिश्र, अधिशासी अभियंता शहरोज आरिफ मौजूद रहे।

## एसपी की पाठशाला में बच्चों ने सीखे सुरक्षा मंत्र




शाह टाइम्स संवाददाता

**बछरायूं**। ब्लू बर्ड इंटरनेशनल स्कूल में साइबर सुरक्षा व यातायात नियतों की जानकारी दी गयी। एसपी अमित आनंद ने कहा कि साईबर अपराधियों की दुनिया हर रोज नए हथकंडे गढ़ रही है। फिशिंग, व्हाट्सएप हैकिंग, फर्जी सोशल मीडिया प्रोफाइल, ऑनलाइन गेमिंग फ्रॉड, बैंकिंग/क्रेडिट कार्ड ठगी, ओटीपी फ्रॉड, रिमोट एक्सेस ऐप, लॉटरी/गिफ्ट स्कैम, ई-कॉमर्स धोखाधड़ी और ईमेल हैकिंग जैसे अपराध आम होते जा रहे हैं। उन्होंने बच्चों को चेताया कि अनजान कॉल, ईमेल या लिंक पर कभी भरोसा न करें। व्यक्तिगत जानकारी, पासवर्ड या बैंक डिटेल किसी को साझा न करें। उन्होंने मोबाइल का प्रयोग करते हुए सड़क पर चलने को खतरनाक बताया और अपील की कि आप खुद नियमों का पालन करें और अपने माता-पिता व परिजनों को भी प्रेरित करें, तभी सड़क हादसों पर रोक लग सकेगी। कार्यक्रम के दौरान स्कूल प्रबंधक राहुल अग्रवाल, निर्देशिका राखी अग्रवाल और प्रिंसिपल अंजली दुबे ने एसपी का स्वागत करते हुए कहा कि यह पहल छात्रों के लिए जीवनभर याद रहने वाला अनुभव है। प्रबंधन ने इसे एक अनूठी पहल बताते हुए पुलिस अधीक्षक का आभार व्यक्त किया।

## त्यौहारों पर नई परम्परा न डालें



**शाह टाइम्स संवाददाता सैदनगली**। थानाध्यक्ष रोहताश कुमार ने गणेश चतुर्दशी व ईद मिलादुन्नबी जुलूस के दौरान शांति व्यवस्था बनाये रखने की अपील की। थाने में आने वाले त्यौहार गणेश चतुर्दशी व ईद मिलादुन्नबी को लेकर अमन कमेटी की बैठक हुई। जिसमें एसओ विकास कुमार ने कहा कि त्यौहार पर किसी नई परम्परा को जन्म न दें। जुलूस के जो रास्ते हैं उन्हीं से निकाला जाये। सभी आपस में मिल जुलकर त्यौहार मनायें किसी को कोई परेशानी है तो इसकी सूचना तुरन्त पुलिस को दें। इस मौके पर राजीव बजरंगी, मुकेश गुप्ता, अनुज अग्रवाल, मोहम्मद इमरान, फजल अब्बासी, मुफ्ती अख्तर रजा, फहीम उद्दीन, मेराज अली, मौलाना गुलाम हुसैन, आस मोहम्मद, तालिब सैफी, आरिफ सैफी, अलाउद्दीन सैफी, जमशेद आलम आदि मौजूद रहे।

# अमेरिका से हुआ समझौता रद्द किया जाए

## भाकियू जनशक्ति ने उठाई मांग



शाह टाइम्स संवाददाता

**हसनपुर**। भारतीय किसान यूनियन जनशक्ति ने अमेरिका व अन्य देश के साथ हुए मुक्त व्यापार समझौते को तुरंत रद्द किये जाने की मांग की है।

सोमवार को भारतीय किसान यूनियन जनशक्ति के जिलाध्यक्ष चौधरी जोगिंदर सिंह के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने एसडीएम पुष्कर नाथ चौधरी को राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन सौंप दिया। जिला अध्यक्ष चौधरी जोगिंदर सिंह ने कहा बिजली का निजीकरण एंव स्मार्ट मीटर लगाने के कार्य को तुरंत रुकवाया जाये। उन्होंने कहा कि किसानों को खेती करने के लिए खाद व बीज मात्रा में नहीं मिल रहा है बीच व खाद किसानों को दिलवाया जाये। उन्होंने कहा कि एमएसपी गारंटी कानून स्वामी नाथन आयोग की रिपोर्ट को लागू किया जाये। उन्होंने कहा कि अमे. रिका समेत कई अन्य देशों से जो मुक्त व्यापार समझौता किया गया उसे तुरंत रद्द किया जाये। क्योंकि यदि यह समझौता हो जाता है तो अमेरिका से मक्का सोयाबीन कनक दूध व उससे बनी वस्तुएं आदि अन्य बहुत सी वस्तु बिना टैक्स के भारतीय बाजारों में आयेंगी। जिससे भारतीय उत्पादन मंडी में नहीं बिक पाएंगे या बहुत ही काम रैटों पर बिकेंगे। इससे भारतीय किसानों की कमर टूट जायेगी। इससे मुद्रास्फीति आसमान छू लेगी। किसान इस समय मंदहाली व कर्जदार के रूप में अपना जीवन व्यतीत कर रहा है। उन्होंने कहा कि किसानों की जो भी मांगे हैं उनको तत्काल पूरा किया जाये। ज्ञापन देने वालों में रईस अहमद, संजीव, रवि, आस मोहम्मद, मेहंदी हसन, अमित, नूर हसन, विपुल, मोहम्मद गौरी, महावीर सिंह, नुसरत आदि मौजूद थे।

## फसलों में लगने वाले रोग के बारे में बताया

**रहरा**। किसानों को फसले में लगने वाले रोगों की जानकारी देते उनसे बचाव के उपाय बताये गये जबकि मिट्टी व वायु प्रदूषण की जानकारी दी गयी। रविवार को ढबारसी कस्बे में सहकारिता की अग्रणी संस्था इफको द्वारा अमरीश त्यागी की अध्यक्षता में किसान दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केंद्र गजरौला से डॉ इस. पी. सिंह द्वारा सभी फसलों में लगने वाली बीमारियां से बचाव के उपाय बताते हुए अत्यधिक पेस्टीसाइड से होने वाले सभी नुकसान, बीमारी के बारे में अवगत कराया।कृषि विज्ञान केंद्र से डॉ. अमित तोमर द्वारा अच्छे बीज की पहचान तथा बीज बोने की की सलाह दी। लखनऊ से सुरेश सिंह उप महाप्रबंधक इफको ने किसानों को बताया कि यूरिया की मात्रा को आधा करते हुए शेष नाइट्रोजन की आपूर्ति हेतु नैनो यूरिया का प्रयोग करना चाहिए। इस अवसर पर इफको के प्रति. निधि जितेंद्र सिंह, प्रवीण सिंह क्षेत्र अधिकारी अमरोहा, संचालक राजीव गोयल, किसान में अवधेश गोस्वामी, मोहित, दीपक, निकुल समेत करीब 120 किसान मौजूद रहे।

# सौंदर्य प्रसाधन की दुकान से पकड़ी स्मैक

## पुलिस ने देर शाम की छापेमारी

शाह टाइम्स संवाददाता

**गजरौला**। नगर के बस्ती रोड स्थित एक सौंदर्य प्रसाधन की दुकान से पुलिस ने भारी मात्रा में स्मेक पकड़ी। पुलिस की छापेमारी होती देखकर आसपास के दुकानदारों की भीड़ भी लग गयी।

जानकारी के अनुसार नगर के बस्ती रोड स्थित एक सौंदर्य प्रसाधन की दुकान पर स्मेक बेचे जाने की जानकारी मिलने पर पुलिस ने छापेमारी की। अबरार नामक व्यक्ति की चूड़ी की दुकान है। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने सोमवार की देर शाम चूड़ी की दुकान पर छापेमारी की। पुलिस ने मौके से स्मैक की 91 पुड़िया बरामद की। पुलिस की छापेमारी से बाजार में हड़कंप मच गया। भागने की कोशिश कर रहे चूड़ी की दुकान स्वामी अबरार व उसके एक साथी को पुलिस ने हिरासत में लिया तथा थाने ले गई। थाने पहुंचीं सीओ ने हिरासत में लिए गए दोनों आरोपियों से पूछताछ की। सीओ के मुताबिक एक पुड़िया की कीमत 200 रुपये है। ऐसे में दोनों आरोपियों से 18500 रुपये की स्मैक बरामद की गई है। सीओ ने बताया कि आरोपी स्मैक सप्लाई करने के लिए सोमवार को ही लाए थे, लेकिन पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया।

# दो पक्षों में मारपीट सात पर मुकदमा

## गांव जिवाई में हुआ विवाद

शाह टाइम्स संवाददाता

**जोया**। डिडौली थाना क्षेत्र के जिवाई गांव में आपसी विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई। मारपीट के दौरान महिलाओं समेत कई लोग घायल हो गए। पीड़ित नदीम निवासी जिवाई ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि बीते शनिवार की रात करीब वह अपने भतीजे लकी के साथ बाइक से घर लौट रहा था। इसी दौरान गांव के ही अनीस ने उसके भतीजे को गंदी-गंदी गालियां दीं। भतीजे ने घर आकर पूरी बात बताई। इस पर नदीम ने अपने पिता अशफाक को अनीस से बात करने भेजा। आरोप है कि तभी अनीस अपने स्वजनों के साथ गाली-गलौज और झगड़ा करने लगा। देखते ही देखते अनीस व उसके परिवार के लोगों ने लाठी-डंडों से हमला बोल दिया और महिलाओं व पुरुषों को जमकर पीटा। पीड़ित पक्ष के अनुसार इस घटना में शजर अली, राशिद, नदीम, लकी, शहवाज, अफरोजा और रेशमा घायल हो गए।पीड़ितों ने बताया कि मारपीट करने वालों में अनीस , मेहरोज, नाजिम, सुहेब, जैद, नाजिर और अयान शामिल रहे। इन लोगों ने जान से मारने की धमकी भी दी।पीड़ित नदीम ने की तहरीर पर पुलिस ने 7 लोगों के विरुद्ध संबंधित धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# नुक्कड़ नाटक से दी नशा मुक्ति की सीख

## एसआरएस इंटरनेशनल स्कूल में वार्षिक किशोर कार्यक्रम



शाह टाइम्स संवाददाता

**गजरौला**। एसआरएस इंटरनेशनल स्कूल में वार्षिक किशोर कार्यक्रम के प्रथम दिवस में बच्चों ने आत्मविश्वास और रचनात्मकता के साथ प्रतिभाग किया। बच्चों ने सड़क सुरक्षा, साइबर सुरक्षा आदि पर नुक्कड़ नाटिकाएं प्रस्तुत की।

सोमवार को स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में कक्षा छह से 11 तक के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। छात्रों ने नशा मुक्ति, सड़क सुरक्षा, साइबर सुरक्षा, और कृत्रिम बुद्धिमता के समाज जैसे विषयों पर नुक्कड़ नाटिकाएं प्रस्तुत की। बच्चों के अभिनय, संवाद और विषय की समझ ने दर्शकों को गहराई से प्रभावित किया। अनी ने मानसिक स्वास्थ्य, आत्म-देखभाल, भावनात्मक बुध्द्धिमता और स्वस्थ जीवनशैली जैसे विषयों पर मॉडल्स, पोस्टर और प्रजेंटेशन के माध्यम से अपनी रचनात्मक सोच को प्रस्तुत किया। विभिन्न भाषणी और संवाद सत्र में अत्री ने आत्मविश्वासपूर्वक अपने विचार व्यक्त किए। यह मंच उनके संचार कौशल, विवेचन शक्ति और आत्म-अभिव्यक्ति के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर बना। इस रोचक प्रश्नोतरी में छावी ने मानसिक स्वास्थ्य, जीवन प्रबंधन और मानसिक वृत्त से जुड़े प्रश्नों का उत्तर देकर अपनी जागरूकता का परिचय दिया। प्रबंध निदेशक चौ.वीरेंद्र सिंह ने कहा कि हमारे छात्र हर वर्ष राष्ट्रीय मंचों पर प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं। ऐसे कार्यक्रमों से उन्हें न केवल ज्ञान मिलती है, बल्कि वे व्यवहारिक जीवन के लिए आवश्यक जीवन कौशल भी सीखते हैं, जो उनके व्यक्ति को सशक्त बनाते हैं। निदेशक पुनीत सिंह ने बताया कि मंगलवार को युवा संसद डिवेट, पेंटिंग प्रतियोगिता, सुर संगम, मनोवृति आदि कार्यक्रम संपन्न होंगे। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य धर्मेंद्र चतुर्वेदी व कार्यक्रम समन्वयक साक्षी सिंह उपस्थित रहे

# गन्ना मूल्य 518 रुपये कुंतल घोषित हो

## इफ्कों की दवाईयों व उर्वरक की जांच की जाए



शाह टाइम्स ब्यूरो

**अमरोहा**। भारतीय किसान यूनियन शंकर के राष्ट्रीय अध्यक्ष दिवाकर चौधरी ने कहा कि सरकार किसानों की मांगों की तरफ ध्यान नहीं दे रही। पिछले नौ साल में योगी सरकार ने गन्ना मूल्य 55 रूपये प्रति कुंतल बढ़ाया है।

सहकारी गन्ना विकास समिति के प्रांगण में भाकियू शंकर के राष्ट्रीय अध्यक्ष दिवाकर चौधरी ने कहा कि गन्ना उत्पादन में लागत लगातार बढ़ती जा रही है। परन्तु सरकार रेट बढ़ाने को तैयार नही है। जिससे किसान परेशान है। उन्होंने 518 रूपये प्रति कुंतल गन्ना मूल्य करने की मांग की। इफ्को की नकली दवाई व उर्वरकों की जांच की जाये। गन्ना क्रय केन्द्रों पर 25 फिट लम्बी वेबरीज लगाकर दुर्घटनाओं को रोका जाये। कीमती जमीनों को कब्जा मुक्त कराकर किसानों के लिए भवन व गोदाम बने। गन्ना समिति के अध्यक्ष कमल सिंह व जिला गन्ना अधिकारी मनोज कुमार ने जल्द समस्याओं का आश्वासन दिया। इस मौके पर धर्मवीर सिंह, सत्यवीर सिंह, दिग्विजय सिंह, नौबहार सिंह, योगेश्वर सिंह, राकेश, जगत सिंह, मोनू चौधरी, कल्लू, भीम यादव, चरण सिंह, महीपाल त्यागी, आदित्य त्यागी, संजीव, मनोज, महीपाल आदि मौजूद रहे।




मंडी धनौरा। हादसे के बाद जाम लगाकर हंगामा काटते मृतका के परिजन।

## युवक को सांप ने डसा

**गजरौला**। नगर के मोहल्ला नाईपुरा निवासी युवक को एक सांप ने काट लिया, हालत बिगड़ने पर परिजनों ने उसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से उसे बेहतर उपचार के लिए हायर सेंटर रैफर कर दें। नगर के विनोद पुत्र मनोहर घर के बाहर घास काट रहा था, तभी एक जहरीले सांप ने उसे काट लिया है। परिजन उसे उपचार को निजी अस्पताल ले गए, जहां से उसे हायर सेंटर रैफर किया गया।

## अभद्र व्यवहार की निंदा

**गजरौला**। रोजगार सेवक संघ ने खंड विकास अधिकारी को ज्ञापन सौंप ब्लाक अध्यक्ष व जिला कार्यकारिणी के अलावा जिलाध्यक्ष कुबेर सिंह के साथ किये गये व्यवहार पर निंदा जताते धरना देने का निर्णय लिया तथा 28 को विकास भवन में होने वाले धरने में शामिल होने का निर्णय लिया। ज्ञापन देने वालों में सुभाष, गोविंद, मोहित, दिलशाद, ओमपाल, नौ सिंह आदि के हस्ताक्षर हैं।

## कबड्डी में छात्रों ने दिखाया दमखम



**शाह टाइम्स संवाददाता गजरौला**। नगर के शिव इंटर कॉलेज, गजरौला में कबड्डी की जनपद स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता मे संकुल गजरौला की टीम चयन हेतु प्रतिस्पर्धा का आयोजन हुआ, जिसका शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ.शलभ भारद्वाज ने टॉस उछालकर किया। प्रतियोगिता मे शिव इंटर कॉलेज, ज्ञान भारती इंटर कॉलेज, नेहा मेमोरियल इंटर कॉलेज व केएसएम इंटर कॉलेज के बालक वर्ग का ट्रायल कर टीम चुनी गयी। इस अवसर पर संकुल प्रभारी अवधेश कुमार सिंह ने बताया कि बालकों के सभी वर्ग मे चुनी गई टीमें कृषक इंटर कॉलेज, ड्योढ़ी वजिदपुर मे 9 सितम्बर को प्रतिभाग करेंगी। चयन मंडल मे शैलेंद्र कुमार, संदीप कुमार तथा उमेश कुमार निर्णायक रहे।

# पांच डग्गामार वाहन सीज 160 का चालान

शाह टाइम्स ब्यूरो

**अमरोहा**। एसपी अमित कुमार आनंद के निर्देशन में टीएसआई अनुज मलिक ने सोमवार को गजरौला चौपला ओर जोया फ्लाई ओवर के ऊपर विशेष चेकिंग अभियान चलाया। अभियान के दौरान पुलिस ने बिना फिटनेस के संचा. लित पांच डग्गामार वाहनों को मौके पर सीज कर दिया। इन वाहनों के पास न तो फिटनेस प्रमाणपत्र था और न ही यात्रियों की सुरक्षा के मानक पूरे किए गए थे। इसके अलावा यातायात नियमों का पालन न करने वाले 160 वाहन चालकों के चालान काटे गए। इनमें बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चालक, बिना सीट बेल्ट चारपहिया वाहन चालक, प्रदूषण एवं बीमा प्रमाणपत्र न रखने वाले वाहन शामिल रहे। टीएसआई ने इस दौरान आमजन को जागरूक करते हुए कहा कि सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए यातायात नियमों का पालन करना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे हमेशा हेलमेट और सीट बेल्ट का प्रयोग करें, वाहन के सभी कागजात पूरे रखें और निर्धारित गति सीमा का पालन करें। जिम्मेदार पुलिस अधिकारियों ने साफ किया कि ऐसे अभियान आगे भी नियमित रूप से चलाए जाएंगे। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा। अधिकारियों का कहना है कि इन अभियानों का मुख्य उद्देश्य जुर्माना वसूलना नहीं, बल्कि लोगों को सड़क सुरक्षा के महत्व के प्रति जागरूक करना है।

## हादसे में पति गंभीर रूप से घायल, मचा कोहराम

# बेकाबू टैंकर ने बाइक को रौंदा, पत्नी की मौत

शाह टाइम्स संवाददाता

**मंडी धनौरा**। चुचैला कलां गांव में गजरौला-चांदपुर रोड सोमवार को मातम में बदल गई। कस्बे की जामा मस्जिद के पास बेकाबू टैंकर ने बाइक सवार दंपती को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में पत्नी सुनीता (60) की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि पति मुनेश सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टैंकर चालक महिला को करीब 100 मीटर तक घसीटता हुआ ले गया।

दुर्घटना की खबर मिलते ही परिजनों और ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा। उन्होंने शव को सड़क पर रखकर जाम लगा दिया। देखते ही देखते रोड पर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और अफरातफरी का माहौल बन गया। सूचना पाकर तहसीलदार मूसाराम थारू और थाना प्रभारी बालेंद्र कुमार भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और आक्रोशित परिजनों को काफी मशक्कत के बाद समझा-बुझाकर जाम खुलवाया। गांव मिलक मुसलेहपुर निवासी मुनेश सिंह अपनी पत्नी सुनीता के साथ बिजनौर जिले के हल्दौर स्थित मठ पर प्रसाद चढ़ाकर घर लौट रहे थे। जैसे ही दंपती चुचौला कस्बे में पहुंचे, पीछे से आ रहे टैंकर ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में मुनेश घायल हो गए और पत्नी की मौके पर ही मौत हो गई। मृतका का पुत्र भारतीय थल सेना में तैनात है और इस समय लद्दाख में ड्यूटी पर है। परिजनों का कहना था कि जब तक बेटा गांव नहीं लौट आता, तब तक अंतिम संस्कार नहीं करेंगे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी भेज दिया है। पुलिस जांच में सामने आया कि हादसा करने वाला टैंकर चालक विजेंद्र, निवासी चांदपुर (जिला बिजनौर) है। वह टैंकर लेकर शीरा भरने के लिए बुलंदशहर जा रहा था। हादसे के बाद वह वाहन समेत भाग निकला, लेकिन ग्रामीणों ने पीछा कर धनौरा कस्बे से पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर दिया। थाना प्रभारी बालेंद्र कुमार ने बताया कि मृतका के पति की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर चालक और टैंकर दोनों को कब्जे में ले लिया गया है।

**संबंध विच्छेद-**
मैने परिवार समेत अपने बेटे मौ. शुऐब के गलत व्यवहार के कारण संबंध विच्छेद कर अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में अपने किसी भी कृत्य के लिए स्वयं जिम्मेदार होगा।
मुख्तार अहमद पुत्र रियाज अहमद निवासी मोहल्ला बटवाल नई बस्ती थाना अमरोहा नगर, जिला अमरोहा।

**संबंध विच्छेद-**
मैने परिवार समेत अपने बेटे अवेस व पुत्रवधू फबीहा के गलत व्यवहार के कारण संबंध विच्छेद कर अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में अपने किसी भी कृत्य के लिए स्वयं जिम्मेदार होंगे।
सुल्तान अहमद पुत्र अनवार अहमद निवासी मोहल्ला रेता गाजी नगर कैलसा रोड शिव प्लेस के पीछे दरबारे कलां थाना अमरोहा नगर, जिला अमरोहा

# सपा के पोषित माफिया कर सकते हैं मेरी हत्याः पूजा पाल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** कौशांबी जिले में चायल विधानसभा क्षेत्र की विधायक पूजा पाल ने समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव पर गंभीर आरोप लगाते हुए दोहराया कि सपा के पोषित माफिया और गुंडों से उनकी जान को खतरा है।

अपने पति राजू पाल की हत्या के दर्द को याद करते हुए पूजा पाल ने एक पत्र के माध्यम से अखिलेश यादव को संबोधित किया, जिसमें उन्होंने सपा की अपराधियों को संरक्षण देने की नीति और सपा से खुद के निष्कासन को लेकर तीखा हमला बोला। यह पत्र सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है, जिसमें पूजा ने अपनी सुरक्षा को लेकर गंभीर आशंका जताई और कहा कि जब मेरे पति की हत्या हुई उस समय राज्य में समाजवादी पार्टी की ही सरकार थी, इसलिये मुझे भय है कि समाजवादी पार्टी के पोषित माफिया गुंडे मेरी हत्या करा सकते हैं। पत्र में लिखा कि 2005 में उनके पति राजू पाल की सपा शासनकाल में दौड़ा.दौड़ाकर हत्या की गई थी। उस समय



प्रयागराज के मुख्य मार्गों पर एके.47 से घंटों फायरिंग कर आतंक फैलाया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि सपा ने उनके और उनके पति के खिलाफ माफिया अतीक अहमद के भाई अशरफ को तीन चुनावों में प्रत्याशी बनाकर विरोध किया। उन्होंने कहा कि जब मुझे सहारे की जरूरत थी, तब सपा ने मेरे पति के हत्यारे को मेरे खिलाफ खड़ा किया, लेकिन मेरे क्षेत्र की जनता और पाल समाज ने मेरा साथ दिया और सपा के अपराधी प्रत्याशियों को हराया। पूजा ने इस समर्थन के लिए जनता और पाल समाज का आभार जताया। श्रीमती पाल ने अखिलेश यादव की पिछले दिनो हुयी प्रेस कॉन्फ्रेंस में उनके बयान का जिक्र करते हुए, जिसमें उन्होंने कहा कि सपा ने पूजा को टिकट देकर विधायक बनाया, लेकिन भाजपा ने उनका विरोध किया, पूजा ने स्पष्ट किया कि उनकी कोई महत्वाकांक्षा मंत्री बनने की नहीं थी।

मेरा उद्देश्य पति के हत्यारों को सजा दिलाना था। योगी सरकार ने मुझे न्याय दिया और हत्यारों को मिट्टी में मिला दिया। लेकिन सपा आज भी अपराधियों को दूध पिलाकर पाप कर रही है, जिसे आने वाली पीढ़ियां माफ नहीं करेंगी। उन्होंने कहा कि समाज में यह भ्रम है कि राज्यसभा चुनाव में क्रॉस वोटिंग के कारण उन्हें सपा से निकाला गया। यह गलत है। उन्होंने कहा कि मेरा निष्कासन तब हुआ, जब मैंने सदन में माफिया अतीक अहमद का नाम लिया। सपा अपराधियों की बुराई बर्दाश्त नहीं कर सकी। उन्होंने दावा किया कि इस कदम से अतीक अहमद के परिवार का मनोबल बढ़ा है, जिसमें अभी भी दर्जनों अपराधी मौजूद हैं। हालांकि मौजूदा योगी सरकार के दबाव में वे चुप हो सकते हैं, लेकिन सपा के इस कदम से उनकी हिम्मत बढ़ी है, जिससे मुझे अपनी जान का खतरा है। पूजा पाल ने सपा के पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) फॉर्मूले पर तंज कसते हुए कहा कि अखिलेश इसका अर्थ बार.बार बदलते हैं। वह एक छोटी, अभागी, बेसहारा पाल समाज की बेटी हैं जबकि अखिलेश राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री हैं, फिर भी पीडीए पर स्थिर नहीं रह पाते। उन्होंने सपा प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल के केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को लिखे पत्र का उल्लेख करते हुए कहा कि वे भी जांच की मांग करती हैं। मुझे गृह मंत्री पर अटूट विश्वास है। इसकी जांच होनी चाहिए। अखिलेश के उस बयान पर कि मुख्यमंत्री से मिलने के बाद पूजा को खतरा कैसे बढ़ गया, पूजा ने पलटवार किया। मेरे पति की हत्या सपा शासन में हुई थी। तब से आज तक किसी भी सरकार में ऐसा अपराध नहीं हुआ। मुझे डर है कि सपा के पोषित माफिया मेरी हत्या करा सकते हैं। पूजा ने सपा पर अपराधियों के प्रति प्रेम का आरोप लगाते हुए कहा कि उनके द्वारा माफिया का नाम लेने पर पूरी पार्टी उनके पीछे पड़ गई। पूजा पाल ने अखिलेश के उस बयान पर भी सवाल उठाया जिसमें उन्होंने कहा कि सपा से असहमत विधायकों को भाजपा मंत्री बनाए। उन्होंने तंज कसते हुए पूछा कि सपा की सरकार में कितने अतिपिछड़ों को मंत्री बनाया गया? आपने केवल अपने समाज और मुस्लिम समाज को प्राथमिकता दी। अतिपिछड़ों को जूठन जैसा सम्मान मिला। यह इतिहास गवाह है कि सपा अतिपिछड़ों की नहीं हो सकती। उन्होंने कहा कि उन्हें भारतीय जनता पार्टी या इसके नेताओं से कोई खतरा नहीं है। मैंने खतरों से जूझते हुए जीवन जिया है। मेरे साथ मेरे क्षेत्र की जनता और उत्तर प्रदेश का अतिपिछड़ा पाल समाज चट्टान की तरह खड़ा है। मुझे मिटाना सपा के लिए आसान नहीं होगा। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी की नीतियां सामाजिक एकता के लिए घातक है।

## खाद की समस्या को लेकर सपा ने किया प्रदर्शन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अयोध्या।** समाजवादी पार्टी (सपा) सांसद अवधेश प्रसाद के नेतृत्व में अयोध्या में सपा कार्यकर्ताओं ने सोमवार को खाद की समस्या को लेकर प्रदर्शन किया और राष्ट्रपति को संबोधित पांच सूत्रीय ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में किसानों की मुख्य समस्याओं को लेकर तत्काल कार्रवाई की मांग की गई। सपा सांसद ने आरोप लगाया कि जनपद में यूरिया खाद की भारी कमी बनी हुई है। उन्होंने कहा कि किसान दिनभर खाद के लिए लंबी लाइनों में खड़े रहने को मजबूर हैं। उन्होंने ने प्रशासन पर किसानों के खिलाफ लाठीचार्ज और दमनकारी रवैये का आरोप लगाया। सपा सांसद अवधेश प्रसाद ने चेतावनी दी कि यदि समय पर खाद उपलब्ध नहीं कराई गई तो आंदोलन तेज होगा। 28 अगस्त से तहसील स्तर पर आंदोलन शुरू करने का ऐलान किया गया।

आंदोलन की शुरुआत मिल्कीपुर तहसील से होगी। सांसद ने कहा कि छुट्टा मवेशी किसानों की फसलें बर्बाद कर रहे हैं। छुट्टा मवेशियों के हमलों से लोगों की लजदगियां भी खतरे में हैं। सपा ज्ञापन में यूरिया खाद की कालाबाजारी रोकने की मांग की गई। साथ ही, किसानों की जमीन अधिग्रहण, बिजली संकट और कानून.व्यवस्था जैसे मुद्दे उठाए गए। सपा नेताओं ने आरोप लगाया कि सरकार किसानों की समस्याओं को लेकर पूरी तरह विफल है। भाजपा अयोध्या विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने कहा कि किसानों को खाद मिल रही है। लेकिन विपक्ष द्वारा यूरिया खाद को लेकर अफवाह फैलाई जा रही है।

## चाचा का हत्यारोपी गिरफ्तार

**जौनपुर।** उत्तर प्रदेश में जौनपुर जिले के सुजानगंज क्षेत्र में चाचा की हत्या के आरोपी युवक को पुलिस ने सोमवार को गिरफ्तार कर लिया। अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण आतिश कुमार सिंह ने बताया कि सुजानगंज थाना क्षेत्र के सराय पघ्री निवासी मनोज यादव (27) की गत दिनों लोहे की राड, से वार कर कर हत्या कर दी गई थी। जांच में पता चला कि मृतक के भतीजा शनि उर्फ भगवान ने मनोज की प्रताघ्ना से परेशान होकर उसकी रात के समय सिर पर लोहे की राड का प्रहार कर हत्या कर दी थी। आरोपी भतीजे शनी को सोमवार को गिरफ्तार कर उसके निशान देही पर घटना में प्रयुक्त लोहे के राड बरामद किया है।

# खरीफ सीजन में किसानों को उर्वरकों की कमी नहीं होने दी जाएगीः शाही

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कहा है कि किसानों को खरीफ सीजन की बुवाई और रोपाई के उपरान्त फसल संस्तुति के अनुसार पर्याप्त मात्रा में उर्वरकों की उपलब्धता सुनिश्चित करायी जा रही है। इसके लिए प्रदेश सरकार लगातार केंद्र सरकार से व्यक्तिगत सम्पर्क एवं पत्राचार कर रही है।

उन्होंने बताया कि एक अगस्त से 24 अगस्त के बीच केंद्र सरकार से प्रदेश के लिये 268 यूरिया उर्वरक रैक मंगायी गई, जिनमें से 223 रैक प्राप्त हो चुकी हैं तथा शेष 45 रैक रास्ते में हैं, जो अगले तीन से चार दिन में जनपदों को उपलब्ध हो जाएगी। कृषि मंत्री ने बताया कि



किसानों की दैनिक खपत के अनुरूप प्रतिदिन 10 से 12 रैक प्रदेश में भेजी जा रही हैं। 24 एवं 25 अगस्त को केंद्र सरकार द्वारा 20 यूरिया रैक प्रदेश के अयोध्या, जौनपुर, गोंडा, प्रयागराज, बारा. बंकी, रायबरेली, बिजनौर, मुजफ्फरनगर, बलरामपुर, सन्तकबीरनगर, सुल्तानपुर, लखीमपुर खीरी, अमेठी, मिर्जापुर एवं वाराणसी सहित विभिन्न जनपदों के लिए डिस्पैच की गई हैं, जो आगामी दो से तीन दिनों में पहुंच जाएंगी।

कृषि मंत्री ने किसानों से अपील की कि उर्वरकों की बोरियों पर एक ही नाम जैसे भारत यूरिया अथवा भारत डीएपी के लेबल उपलब्ध रहते हैं, इसलिए किसी भी ब्राण्ड को लेकर भ्रमित न हों और अपने नजदीकी बिक्री केन्द्र से आसानी से उर्वरक प्राप्त करें। मंत्री ने कहा कि किसान आगामी फसलों के लिए उर्वरकों का पूर्व भण्डारण न करें, ताकि सभी किसानों को उनकी आवश्यकता के अनुसार उर्वरक मिल सके। प्रदेश में सहका. रिता एवं निजी क्षेत्र के माध्यम से यूरिया, डीएपी और एनपीके उर्वरकों की कुल उपलब्धता क्रमशः 5,72,958 मीट्रिक टन, 4,06,859 मीट्रिक टन एवं 2,98,612 मीट्रिक टन है। चालू वित्तीय वर्ष में अब तक 12,653 छापे डाले गए, 3,385 नमूने लिये गए, 10471 विश्लेषित नमूने, 35 अमानक नमूने, 122 को निर्गत की गई चेतावनी, 15 दुकानों की बिक्री प्रतिबंधित की गई, 12 दुकानों की सील की गई, 1196 लाइसेंस निरस्त किए गए, 571 लाइसेंस निलंबित किए गए और 111 प्राथमिकी दर्ज कर 11 व्यक्तियों को जेल भेजा गया। कृषि मंत्री ने कहा कि किसानों को निर्धारित मूल्य (एमआरपी) पर ही उर्वरकों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी।

## एक नजर

### वाराणसी में 2021 से अब तक 97 हजार से अधिक युवाओं को मिली नौकरी

**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश रोजगार मिशन के तहत 26 से 28 अगस्त तक लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में तीन दिवसीय 'रोजगार महाकुंभ.2025' का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन का उद्देश्य 50 हजार से अधिक युवाओं को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोजगार के अवसर प्रदान करना है। इच्छुक अभ्यर्थी रोजगार संगम पोर्टल पर पंजीकरण कर सकते हैं। सहायक निदेशक (सेवायोजन), वाराणसी मंडल, मुकेश कुमार ने बताया कि वर्ष 2017 से अब तक रोजगार मेलों के माध्यम से 97 हजार से अधिक युवाओं को देश और विदेश में नौकरी के प्रस्ताव मिले हैं। 'रोजगार महाकुंभ.2025' में सरकार का लक्ष्य 50 हजार युवाओं को उनकी योग्यता के अनुरूप नौकरी प्रदान करना है। क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय, वाराणसी के रोजगार मेला प्रभारी दीप सिंह ने बताया कि 'रोजगार महाकुंभ.2025' के जरिए युवाओं को संयुक्त अरब अमीरात, जापान, जर्मनी और सऊदी अरब जैसे देशों में रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे। इसके साथ ही, भारत की प्रतिष्ठित और बहुराष्ट्रीय कंपनियों में योग्यता के आधार पर नौकरी पाने का मौका भी इस महाकुंभ में मिलेगा। इस बार रोजगार महाकुंभ में एआई प्रशिक्षण मंडप विशेष आकर्षण का केंद्र होगा। यहां उद्योग विशेषज्ञों के सहयोग से युवाओं को डिजिटल कौशल और एआई आधारित नौकरियों की तैयारी के लिए प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।

### सपा कार्यकर्ताओं ने पुलिस के खिलाफ किया प्रदर्शन

**वाराणसी।** वाराणसी जिला मुख्यालय पर सोमवार को समाजवादी पार्टी (सपा) के कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन चोलापुर के तेवर गांव में कुछ दिन पूर्व एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मृत्यु के मामले में पुलिस पर निष्पक्ष जांच न करने का आरोप लगाते हुए किया गया। प्रदर्शन में मृतक युवक कुणाल गोंड के परिजन और ग्रामीण भी शामिल थे। सपा के जिलाध्यक्ष सुजीत यादव लक्कड़ ने बताया कि पुलिस ने जांच में कुणाल की मृत्यु को दुर्घटना बताकर मामले से पल्ला झाड़ लिया, जबकि युवक के शरीर पर मिले निशान किसी अन्य कारण की ओर इशारा करते हैं। युवक का शव जुलाई माह में नाद नदी के किनारे मिला था। पार्टी कार्यकर्ताओं ने इस मामले को लेकर एसीएम तृतीय को पत्रक सौंपा। परिजनों का आरोप है कि 20 जुलाई को कुणाल जिन युवकों के साथ घर से निकला था, उनके परिजनों के साथ रास्ते को लेकर हुए विवाद के कारण रंजिश थी। उन्होंने मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है।

### सोशल मीडिया के पहले पत्रकार मोहम्मद मासूम का निधन

**जौनपुर।** उत्तर प्रदेश में जौनपुर जिले की गौरवशाली विरासत, संस्कृति और गंगा.जमुनी तहज़ीब को सोशल मीडिया के ज़रिये पूरी दुनिया तक पहुंचाने वाले पत्रकार सै"यद मोहम्मद मासूम का सोमवार सुबह निधन हो गया। वह लगभग 70 वर्ष के थे। मासूम शिराघ्.ए.हिन्द डॉट कॉम के संस्थापक एवं संरक्षक थे। न्यूज़ पोर्टल की अहमियत और उसकी ताक़त से जिले के पत्रकारों को सबसे पहले जागरूक करने का श्रेय भी उन्हीं को जाता है। वह एक ज़मींदार जुल्घ्द्र बहादुर के खानदान से ताल्लुक रखते थे, जिनका परिवार करीब 750 वर्षों से जौनपुर पर बसा है। उन्होंने ब्लॉग और वेबसाइट के माध्यम से लगातार जिले के इतिहास को सामने रखा और शासन.प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराया। उनकी कोशिश रही कि जौनपुर को 'हिस्टोरिकल प्लेस[ या पर्यटक स्थल घोषित कर, यहां की धरोहरों को रोजगार और विकास से जोड़ा जाए। पत्रकार के अंतिम दर्शन के लिए उनके पैतृक आवास पर लोगों की भीड़ उमड़ रही है। उनका अंतिम संस्कार सोमवार को अपरा]न उनके खानदानी कब्रिस्तान में पूरे नागरिक सम्मान के साथ किया गया।

### कच्चा मकान ढहा, मां बेटे की मौत पांच गंभीर

**फतेहपुर।** उत्तर प्रदेश के फतेहपुर जिले में आज भारी बारिश के बीच लबदकी कोतवाली क्षेत्र में एक कच्चा मकान ढह जाने से घर के अंदर सो रहे सात लोग दब गए जिसमें मां और बेटे की मृत्यु हो गई जबकि पांच लोग अस्पताल में मौत और लजदगी से जूझ रहे हैं। जिलाधिकारी रविंद्र सिंह ने आज यहां बताया कि लबदकी कोतवाली क्षेत्र के ग्राम हरदौली में आज सुबह बरसात के बीच गृहस्वामी मुकेश बाजपेई (54), उनकी मां माधुरी ,पुत्री क्षमता, प्रकाशनी, व कामिनी तथा पुत्र प्रखर अलग.अलग चारपाई पर सोए थे कि अचानक भरभराकर घर ढह गया जिसमें मलबे में सारे लोग दब गए।

# कुत्तों को लेकर लखनऊ नगर निगम ने जारी की एडवाइजरी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** कुत्तों को लेकर उच्चतम न्यायालय का आदेश आने के बाद सोमवार को लखनऊ नगर निगम ने एडवाइजरी जारी कर कहा है कि निर्धारित स्थल पर ही फीलडग कराएं।

साथ ही यह भी कहा है कि पालतू कुत्तों को लेकर लाइसेंस बनवा लें। उच्चतम न्यायालय द्वारा श्वान संबंधित आदेश के अनुपालन में भारत सरकार के मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय द्वारा जारी की गई पशु जन्म नियंत्रण नियम 2023 अंतर्गत जारी लखनऊ नगर निगम ने एक एडवाइजरी जारी की है। जिसमे कहा गया है कि सभी रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन,




अपार्टमेंट ओनर एसोसिएशन गाइडलाइन 2023 का अनुपालन करते हुए स्थानीय नागरिकों, फीडर्स के सहयोग से फीलडग स्पॉट (कुत्तों को भोजन देने का स्थान) चयन करें। जहां पर बच्चों और बुजुर्गों का आना.जाना कम हो, जो कि प्रवेश तथा निकास द्वार के निकट न हो तथा निश्चित समय अनुसार श्वानों की फीलडग कराई जाए। गाइडलाइन में कहा गया है कि उस स्थान के कुत्तों की नसबंदी तथा एंटी.रेबीज़ वैक्सीनेशन में फीडर्स द्वारा आवश्यकतानुसार लखनऊ नगर निगम का सहयोग किया जाए। इसलिए सभी श्वान पालकों को यह सलाह दी जाती है कि सार्वजनिक स्थलों पर अपने पालतू डॉग्स को लीश (पट्टे) के साथ बाहर टहलायें। नगर निगम ने कहा है कि यह एडवाइजरी कुत्तों द्वारा काटने की घटनाओं को कम करने के उद्देश्य से जारी की जा रही है।

## बहराइच में छह उर्वरक विक्रेताओं के लाइसेंस निलंबित

**बहराइच।** उत्तर प्रदेश के बहराइच जिले में किसानों की शिकायतों पर जिला कृषि अधिकारी ने सोमवार को कई उर्वरक प्रतिष्ठानो का निरीक्षण किया और अनियमितताएं पाई जाने पर छह उर्वरक विक्रेताओं के लाइसेंस निलंबित कर दिए। निलंबित विक्रेताओं में यादव खाद बीज भंडार राय बोझा, राम केवल वर्मा उर्वरक विक्रेता रायबोझा, ट्विंकल खाद भंडार सर्राकला शामिल हैं।

इसके अलावा न्यू नवभारत खाद बीज भंडार मटेही, फिरोज खाद बीज भंडार राजापुर कला और उर्रा बाजार स्थित श्री गोविंद खाद बीज भंडार की दुकानें भी बंद कर दी गईं। जिला कृषि अधिकारी सूब. ेदार यादव ने सभी उर्वरक विक्रेताओं के लिए नए दिशा–निर्देश जारी किए हैं। निर्देशों के अनुसार विक्रेताओं को पोस मशीन से आधार कार्ड और खतौनी की जांच करनी होगी, और उर्वरक की बिक्री सरकार द्वारा निर्धारित मूल्य पर ही करनी होगी। साथ ही स्टॉक और वितरण के रिकॉर्ड रोजाना अपडेट करना अनिवार्य होगा।

# बिहार में चुनाव आयोग जिन्दा लोगों को मृत घोषित कर रहाः के एल शर्मा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमेठी।** गांधी परिवार के करीबी कांग्रेस के स्थानीय सांसद किशोरी लाल शर्मा ने चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर सवाल खड़ा करते हुए सोमवार को कहा कि बिहार विधानसभा चुनाव में निर्वाचन आयोग के कामकाज में पारदर्शिता का सर्वथा अभाव है।

श्री शर्मा ने पत्रकारों से बात. चीत में कहा कि चुनाव आयोग निष्पक्षता से काम नहीं कर रहा है। उसके सबूत भी मिल रहे हैं। चुनाव आयोग उन लोगों को भी मृत घोषित कर रहा हैं जो लजदा है। इसलिए उस पर थोड़ा शक पैदा होता है कि इलेक्शन कमीशन किसी पार्टी



विशेष के लिए काम कर रहा है। इस बात को उठाने के लिए श्री राहुल गांधी ने यह यात्रा निकाली है। यूरिया खाद की समस्या के सवाल पर उन्होंने कहा कि अधिकारी कहते हैं कि जिले में पर्याप्त यूरिया की उपलब्ध है मगर एक किसान चार.चार बोरी उठा रहा है। शर्मा ने अधिकारियों से कहा कि किसान चार बोरी खाद कैसे ले जाएगा जब खतौनी पर उसको खाद मिलनी है। उसी अनुपात में उसको खाद मिलनी है। इसका मतलब है खाद बांटने का सिस्टम कहीं ना कहीं फेल है। यह ड्यूटी अधिकारियों की है कि अगर खाद की उपलब्धता है तो वहां उपलब्ध करायें। उन्होंने कहा कि अमेठी में ही नहीं पूरे उत्तर प्रदेश में अपराधी भय मुक्त हो गए हैं। सांसद के एल शर्मा सोमवार अपने संसदीय क्षेत्र के दौरे पर थे।इस दौरान वह कई कार्यक्रमों में शिरकत किए।

# आर्थिक और सांस्कृतिक ताकत को नई पहचान देगा यूपीआईटीएस

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** ग्रेटर नोएडा स्थित इंडिया एक्सपो मार्ट में 25 सितंबर से शुरु होने वाले यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो (यूपीआईटीएस) का तीसरा संस्करण उत्तर प्रदेश की आर्थिक एवं सांस्कृतिक समृद्धता को ई पहचान देगा।

अधिकृत सूत्रों ने सोमवार को बताया कि 25 से 29 सितंबर के बीच होने वाले इस भव्य आयोजन में विभिन्न स्टॉल्स के लिए कुल 37085 स्क्वायर मीटर क्षेत्र निर्धारित किया गया है, जिसमें से अब तक 28649 स्क्वायर मीटर स्पेस बुक भी हो चुका है। इससे साफ़ है कि इस बार का यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो वाकई रिकॉर्ड तोड़ भागीदारी के साथ प्रदेश की आर्थिक और सांस्कृतिक ताकत को नई पहचान देगा। शो में इन्वेस्ट यूपी, यूपीसीडा, जीनीडा, यीडा और नोएडा जैसे औद्योगिक विकास से जुड़े विभाग प्रमुख आकर्षण होंगे। साथ ही आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स, ऊर्जा और अतिरिक्त ऊर्जा विभाग भी अपनी योजनाओं को प्रदर्शित करेंगे। आने वाले विजिटर्स को आकर्षित करने के लिए नगर विकास, पर्यटन एवं संस्कृति और स्वच्छ गंगा मिशन से जुड़े विशेष स्टॉल भी लगाए जाएंगे। वहीं, सिंचाई विभाग, फूड सेफ्टी एंड ड्रग्स एडमिनिस्ट्रेशन, हेल्थ एंड हॉस्पिटल्स, आयुष, पर्यावरण और वन विभाग भी इसमें हिस्सा लेंगे। उन्होंने बताया कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था से जुड़े विभाग जैसे कृषि विभाग, डेयरी डेवलपमेंट, एनीमल हज्बंड्री, फिशरीज और यूपीएसआरएलएम अपने.अपने सेक्टर की उपलब्धियों को सामने रखेंगे। साथ ही ओडीओपी और जीआई प्रोडक्ट्स भी घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय आगंतुकों का ध्यान खींचेंगे। इस बार शुगर एंड केन, टेक्सटाइल्स एंड हैंडलूम्स, क्रेडाई, बैंकिंग एंड फाइनेंस, ट्रांसपोर्ट (ऑटो व ईवी), यूपीएसडीएम और हायर एजुकेशन से जुड़े स्टॉल भी शोभा बढ़ाएंगे।

## करंट लगने से मिठाई कारोबारी की मौत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रायबरेली।** उत्तर प्रदेश में रायबरेली जिले के गदागंज इलाके में सोमवार को मिठाई व्यापारी की इलेक्ट्रॉनिक कांटा लगाते समय करंट लगने से मौत हो गई। पुलिस सूत्रों के अनुसार गदागंज बाजार में मिठाई की दुकान चलाने वाले विजय कुमार साहू (54) दुकान खोलने के बाद इलेक्ट्रॉनिक कांटा (वज़न तौलने वाली मशीन) का प्लग बिजली के सॉकेट में लगा रहे थे। इसी दौरान उन्हें जोरदार करंट लग गया और वे मौके पर ही गिर पड़े। विजय कुमार के परिजन उन्हें लेकर अस्पताल भागे लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इसके बाद उनके बेटे ने घटना की सूचना पुलिस को दी।

# नकली खाद बनने वाले दो लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**शाहजहांपुर।** उत्तर प्रदेश में शाहजहांपुर जिले के रोजा क्षेत्र में शनिवार को मोहम्मदी रोड पर बने गोदाम में नकली जैविक एवं सूक्ष्म तत्व बनाने की नकली खाद बनने वाली फैक्टरी पकड़ी गई थी।

इसमें काफी मात्रा में नकली उर्वरक बरामद हुए हैं।मौके से एक ट्रक पत्थर पाउडर हजारों की संख्या में खाली बोरियां बरामद हुई हैं। मामले में जांच के बाद कृषि अधिकारी ने दो लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। जिला कृषि अधिकारी विकास किशोर ने सोमवार को बताया कि शनिवार को थाना रोजा क्षेत्र में मोहमदी रोड पर अंकुर वेयर हाउस में संचालित हो रही विभा एग्रो इंडिया नामक फर्म पत्थर के पाउडर से नकली खाद बना रही थी। पुलिस और कृषि विभाग की टीम ने छापा मारकर फैक्ट्री से बड़ी मात्रा में नकली खाद व पैकिंग सामग्री बरामद की है। टीम ने मौके से एक ट्रक भी पकड़ा है, जिसमें 362 बोरी पत्थर का सफेद पाउडर लदा हुआ था। पत्थर के इसी पाउडर से नकली खाद बनाई जाती थी।परिसर से उर्वरक के छह नमूने परीक्षण के लिये लेने बाद गोदाम को नायब तहसीलदार निशी सिंह की उपस्थिति में मय मोहर सील करके फोटोग्राफी की गई तथा उक्त परिसर की चाबी तथा ट्रक को पुलिस अभिरक्षा में दिया गया। उन्होंने बताया कि गोदाम में अवैध रूप से नकली खाद का निर्माण किया जा रहा था। महेश चंद्र मिश्र ने अपना गोदाम थाना वण्डा के रहने वाले रणजीत सिंह को किराये पर दिया जो अज्ञात लोगों के साथ मिलकर किसानों के साथ धोखाधड़ी कर रहे थे। कृषि अधिकारी की तहरीर पर पुलिस ने गोदाम मालिक महेश चन्द्र मिश्रा और रणजीत सिंह के खिलाफ उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 की धारा 03 धारा 07, धारा 13, धारा 20 (ग) एवं धारा 25 तथा आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 में मुकदमा दर्ज किया है।

# अमेरिकी टैरिफ से भदोही का कालीन उद्योग प्रभावित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**भदोही।** चीन व तुर्की के मशीन निर्मित सस्ते गलीचों से भारतीय कालीनों को मिल रही कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच अमे. रिका के टैरिफ वार से भदोही का कालीन उद्योग बुरी तरह प्रभावित हुआ है।

कारपेट एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल (सीईपीसी) के प्रशासनिक समिति सदस्य असलम महबूब ने आज यहां यूनीवार्ता को बताया कि रूस. यूक्रेन की जंग के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति द्वारा लगाए गए 50 फीसद अतिरिक्त टैरिफ से उबर पाना कालीन निर्यातकों के लिए टेढ़ी खीर बन गई है। अमेरिका द्वारा लगाया गया 25 फीसद अतिरिक्त टैरिफ लागू हो गया है, जबकि शेष 25 फीसद टैरिफ 27 अगस्त से लागू हो जाएगा। अमेरिका के टैरिफ वार से कालीन उद्योग पर काफी बोझ बढ़ने की आशंका बढ़ गई है।

उन्होंने बताया कि भारतीय हैंडनाटेड (हस्त निर्मित) काल. ीनों के उत्पादन से लेकर निर्यात तक का पूरा काम कुशल बुनकर मजदूरों द्वारा हाथ से किया जाता है। जिससे कालीनों की रंगाई, धुलाई, फीनिलशग सहित अन्य छोटे बड़े कार्यों को पूरा करने में पूरे कालीन के कास्ट का 55.60 फीसद खर्च मजदूरी में चला जाता है। इसके उलट चीन व तुर्की जैसे कुछ देश मशीन मेड सस्ते कालीन तैयार कर रहे हैं। इन कालीनों का उत्पादन कास्ट कम होने से भारतीय हैंडमेड कालीनों को विश्व बाजार में कड़ी प्रतिस्पर्धा मिल रही है। इन परिस्थितियों में पहले से ही जबरदस्त प्रतिस्पर्धा झेल रहे भारतीय कालीन उद्योग जगत के लिए अमेरिका के 50 प्रतिशत अतिरिक्त टैरिफ से हालात काफी खराब होने के कयास लगाए जा रहे हैं।

श्री महबूब ने बताया कि विश्व बाजार में होने वाले भारतीय कालीनों के सकल निर्यात का लगभग 60 फीसद अकेले अमेरिका को होता है। यूएस द्वारा भारत पर थोपे जा रहे अतिरिक्त टैरिफ से अमेरिकी बाजार में भारतीय कालीन की कीमत बढ़ने से विपरीत असर पड़ने की आशंकाओं के बीच निर्यातक काफी परेशान हैं लोगों का मानना है कि ऐसे ही हालात बने रहे तो भारतीय कालीन का कारोबार पूरी तरह चौपट होने की आशंका बढ़ गई है। कालीन कारोबार में एक आंकड़े के अनुसार लगभग 13.5 लाख लोगों का श्रम निहित है। इन परिस्थितियों में बड़े पैमाने पर बेरोजगारी की विभीषिका उत्पन्न हो सकती है। सूत्रों की मानें तो कालीन के कारोबारी अभी से मजदूरों की छंटनी शुरू कर दिए हैं।

काम छूटने से मजदूर इधर.उधर भटकने को मजबूर हो गए हैं।

# डंपर ने गोवंश को मारी टक्कर

## हिंदूवादी संगठन की भीड़ ने की डंपर चालक की धुनाई




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** उसावां थाना क्षेत्र में रविवार रात एक डंपर चालक द्वारा गोवंश को टक्कर मारने का मामला सामने आया है कलान से बदायूं की ओर बालू भरा डंपर जा रहा था एसएसके बारात घर के पास रुके हुए गोवंश के झुंड से टकरा गया। चालक ने डंपर नहीं रोका और डंपर चालक ने गोवंश को लगभग डेढ़ किलोमीटर तक घसीटा हिंदूवादी संगठन के सदस्यों ने अपने वाहनों से पीछा कर थाने के पास डंपर को रोककर भीड़ ने चालक की पिटाई शुरू कर दी एक पुलिसकर्मी ने चालक को बचाने का प्रयास किया लेकिन उसे भी वहां से भागना पड़ा चालक ने पुलिसकर्मी के पैर पड़कर मदद मांगी बाद में अतिरिक्त पुलिस बल की मदद से चालक को भीड़ से बचाया गया घटना का वीडियो सामना आया है जिसमें चालक को भीड़ पीटते हुए दिखाई दे रही है। राष्ट्रीय बजरंग दल इकाई उसावा के कार्यकर्ताओं की तरफ से पशु क्रूरता अधिनियम के तहत प्राथमिक की दर्ज कर ली गई है। एसएचओ वीरपाल सिंह के अनुसार चालक के खिलाफ प्राथमिक दर्ज कर ली गई है और डंपर को सीज कर दिया गया है।

# पाइप लाइन डालने पर ग्रामीणों ने किया विरोध प्रदर्शन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कुंवर गांव।** गांव गांव जल जीवन मिशन के तहत कार्यदाई संस्था द्वारा पानी की पाइप लाइन डालने का काम किया जा रहा है वहीं कुछ गांवों में अभी तक ओवरहेड टैंक का निर्माण पूरा तक नहीं हुआ है लेकिन गलियों में पाइप लाइन डालने के लिए ठेकेदारों द्वारा गालियां खोदकर डाली जा रही है जिससे ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ऐसा ही एक मामला सालारपुर ब्लाक क्षेत्र की ग्राम पंचायत फरीदपुर चकोलर का सामने आया है जहां ओवर हैंड टैंक का कोई निर्माण नहीं हुआ है लेकिन पाइप लाइन के डालने के लिए गलियों की सड़के खोदी जा रही है। ग्रामीणों ने बताया कि ठेकेदार से जानकारी लेने पर पता चला कि औरंगाबाद खालसा में ओवर हैंड टैंक बनाया जाएगा जहां से चकोलर को भी पानी की सप्लाई दी जाएगी जबकि चकोलर से औरंगाबाद खालसा की दूरी लगभग तीन किलोमीटर है ऐसे में ग्रामीणों का कहना है कि अगर औरंगाबाद खालसा से पानी की सप्लाई चकोलर को दी जाती है तो ग्रामीणों को पूरा भरपूर पानी नहीं मिलेगा क्योंकि चकोलर गांव औरंगाबाद खालसा से ऊंचाई पर है। कार्यदाई संस्था द्वारा चकोलर में पाइपलाइन डालने की तैयारी की जा रही है जबकि औरंगाबाद में ओवरहेड टैंक का निर्माण पूर्ण नहीं हुआ है कार्यदाई संस्था ने केवल बोरिंग करने के बाद छोड़ दिया है और कार्य रुका पड़ा है चकोलर के ग्रामीणों का कहना है अगर कि गांव की गलियां खोदकर पाइपलाइन डाली जाती है तो अभी बरसात का मौसम है ऐसे में ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ेगा। ग्रामीणों ने सोमवार को विरोध प्रदर्शन करते हुए।

अधिशासी अभियंता जल निगम ग्रामीण बदायूं को शिकायती पत्र दिया है उनका कहना है कि जब तक ओवरहंड टैंक का कार्य पूरा न कर लिया जाए तब तक गांव में पाइपलाइन नहीं डाली जाए इस मौके पर ग्रामीण धनपाल, गिरीश पाल, हेतराम पाल,महेंद्र पाल,घनश्याम पाल, मोहनलाल, तोताराम अमित पाल ,राजू पाल ,मैकू हसन, विनोद कुमार, गंगा प्रसाद, लालाराम, मनोज पाल आदि मौजूद रहे।

# बाबा मेडिकोज पर जीविंस हेल्थकेयर ने लगाया मेगा लाइव स्टॉल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**इस्लामनगर।** नगर के बाबा मेडिकोज पर जीविंस हेल्थकेयर द्वारा एक मेगा लाइव स्टॉल लगाया गया। जिसमें कंपनी के उत्पादों के उपयोग के बारे में जानकारी दी गई। कंपनी के डायरेक्टर स्पर्श सक्सेना, शिखर सक्सेना ने बताया कि उनकी कंपनी का मुख्य मकसद सर्वोत्तम गुणवत्ता वाले उत्पाद बनाना है। कंपनी के प्रबंध निदेशक संजीव सक्सेना ने बताया कि मात्र 2 साल में कंपनी के उत्पादों ने अपनी बेहतर परिणाम के फलस्वरुप ष्आई.एस.ओष एवं ष्जी.एम.पीष द्वारा प्रमाणित हो चुकी है। श्री सक्सेना ने बताया कि शुरू से ही कंपनी का लक्ष्य है कि किसी भी उत्पाद में गुणवत्ता खराब नहीं होनी चाहिए। कंपनी द्वारा सूक्ष्म जलपान के साथ विज्ञापन हेतु पुरूस्कार का भी वितरण किया गया। मेगा लाइव स्टॉल में मेडीकल प्रबंधक प्रिंस गुप्ता, कंपनी के एरिया मैनेजर दुर्गेश ठाकुर, डॉ. बासु, डॉ. राकेश, डॉ. नेम सिंह, डॉ. दीपक, डॉ. अजीम, डॉ. परवेज, डॉ. नसीम सहित काफी चिकित्सक एवं केमिस्ट बंधु उपस्थित रहे।

# राजकीय इंटर कॉलेज में अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस पर सघन एड्स जागरूकता कार्यक्रमों की दी जानकारी



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** सोमवार को केदारनाथ महिला इंटर कॉलेज टिकट गंज एवं राजकीय इंटर कॉलेज बदायूँ में अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष्य में सघन एड्स जागरूकता अभियान के सफल संचालन हेतु एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्या डॉ. अमलेश एवं प्राचार्य गुल नवाज आलम द्वारा की गई। गोष्ठी में जिला कार्यक्रम अधिकारी (एड्स) डॉ. विनेश कुमार ने विद्यार्थियों को एचआईवी/एड्स के फैलने के चार प्रमुख कारणों असुरक्षित यौन सम्बन्ध, एचआईवी ग्रस्त महिला से जन्मे बच्चे, संक्रमित व्यक्ति का रक्त दूसरे को चढ़ाना तथा संक्रमित सिरिंज से इंजेक्शन लगानेकृके बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने विद्यार्थियों से सुरक्षित जीवनशैली अपनाने का आहवान किया। इस अवसर पर सुषमा सिंह (काउं. सलर) ने कहा कि यदि कोई महिला एचआईवी संक्रमित है तो उसका प्रसव चिकित्सकीय देखरेख में ही होना चाहिए। उन्होंने एसटीआई (यौन जनित संक्रमण) की संपूर्ण जानकारी देते हुए उपस्थित सभी को जागरूक किया। शनि दूबे, प्रोग्राम मैनेजर लोक स्मृति सेवा संस्थान ने कहा कि सही जानकारी ही सही बचाव है। उन्होंने अपनी संस्था द्वारा उच्च जोखिम समूह जैसे कृएफएसडब्ल्यू, एमएसएम एवं ड्रग यूजर्सकृमें चलाए जा रहे जागरूकता कार्यक्रमों की जानकारी दी, जिनका उद्देश्य एचआईवी/एड्स की रोकथाम, जांच, बचाव एवं इलाज के प्रति जनजागरूकता फैलाना है। लइसके अतिरिक्त सुदेश सक्सेना (डीपीटीसी/एसटीएस) ने बताया कि एचआईवी/एड्स से पीड़ित मरीजों में टीबी का खतरा सबसे अधिक रहता है, इसलिए सभी एचआईवी संक्रमित मरीजों की समय-समय पर टीबी जांच अनिवार्य है। कार्यक्रम का संचालन रोहित सक्सेना (एसएसके प्रोग्राम मैनेजर) एवं आकाश सक्सेना द्वारा किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षिका हेमा मेहता,शालिनी सिंह, कविता रस्तोगी तथा अन्य शिक्षकों का विशेष सहयोग रहा।

# मधुमेह के प्रति छात्र-छात्राओं को किया गया जागरूक



**आई एम खान, शाह टाइम्स**

**बिसौली।** रामशरण वैद्य आदर्श इंटर कॉलेज मई-बसई में सोमवार को छात्र - छात्राओं को मधुमेह रोग के सम्बन्ध में जानकारी दी गई। कार्यक्रम में बच्चों को मधुमेह से बचने के लिए नियमित व्यायाम, पर्याप्त नींद तथा तनाव कम करने की अपील की गयी। प्रभारी प्रधानाचार्य रामाधार शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि डायबिटीज एक प्रकार का साइलेंट किलर है, जो हमारे शरीर को धीरे-धीरे कमजोर करता है, ऐसे में सेहतमंद बने रहने के लिए जरूरी है कि हम अपनी जीवन शैली के प्रति सजग रहें। विद्यालय के रेडक्रॉस प्रभारी हरदीप सिंह ने कहा कि बच्चों की दिनचर्या में हो रहे बदलाव के कारण उन्हें मधुमेह जैसे गंभीर रोग हो रहें हैं, उन्होंने छात्र-छात्राओं को खान-पान के प्रति सजग रहने तथा शारीरिक श्रम करने के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर सुधाकर शर्मा, विश्वेश पाठक, मनोज कुमार, विपिन शर्मा, रऊफ अहमद, अंकित सिंह, कामेन्द्र सिंह, विनोद कुमार, राकेश कुमार शर्मा, रेनू, शिवानी, साक्षी, अंशिका, अमित पाराशरी, आशीष आदि उपस्थित रहे।

# 6 व 7 सितम्बर का होगी जनपद में पीईटी-2025 परीक्षा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** जिलाधिकारी अवनीश राय ने बताया कि पीईटी-2025 परीक्षा जनपद में 06 और 07 सितम्बर 2025 को दो-दो पालियों में आयोजित होगी। प्रथम पाली प्रातः 10:00 बजे से मध्यान्ह 12:00 बजे तक तथा द्वितीय पाली अपराह्न 03:00 बजे से 05:00 बजे तक होगी। प्रत्येक पाली की अवधि 120 मिनट निर्धारित है। जनपद में कुल 24 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं, जहाँ लगभग 39,360 अभ्यर्थी परीक्षा देंगे। प्रति पाली 9,840 परीक्षार्थियों की बैठने की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। उन्होंने बताया कि परीक्षा केन्द्रों पर सुरक्षा एवं अनुशासन बनाए रखने के लिए पर्याप्त प्रशासनिक और पुलिस बल की तैनाती की गई है। प्रत्येक केन्द्र पर स्थायी मजिस्ट्रेट, सेक्टर मजिस्ट्रेट और स्टैटिक मजिस्ट्रेट की नियुक्ति की गई है। इसके साथ ही निरीक्षण अधिकारी, पर्यवेक्षक और रूट मजिस्ट्रेट भी तैनात रहेंगे। परीक्षा के दौरान सीसीटीवी कैमरों से निगरानी होगी तथा ट्रैफिक नियंत्रण, विद्युत आपूर्ति, पेयजल और चिकित्सा सुविधा की विशेष व्यवस्था की गई है। नकलविहीन परीक्षा सुनिश्चित करने के लिए जिला स्तर पर विशेष निगरानी दल गठित किए गए हैं, जो लगातार निरीक्षण करेंगे। उन्होंने परीक्षार्थियों को निर्देशित किया है कि वे परीक्षा केन्द्र पर समय से पहुँचे। प्रवेश पत्र के साथ आधार कार्ड, वोटर आईडी या अन्य वैध पहचान पत्र अवश्य साथ लाएं। परीक्षा केन्द्र पर मोबाइल फोन, कैलकुलेटर, ब्लूटूथ डिवाइस, स्मार्ट वॉच और अन्य किसी भी इलेक्ट्रॉनिक उपकरण को लाना पूरी तरह प्रतिबंधित है। अभ्यर्थियों को केवल ब्लैक या ब्लू बॉल पेन ही साथ लाने की अनुमति होगी। अनुशासन भंग करने या प्रतिबंधित सामग्री लाने पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी। जिला प्रशासन पूरी तरह कटिबद्ध है कि पीईटी-2025 परीक्षा जनपद बदायूं में शांति, निष्पक्षता और पारदर्शिता के साथ सम्पन्न हो।

# पांच किसानों की जमीन कुर्क

**आई एम खान, शाह टाइम्स**

**बिसौली।** उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक की शाखा निजामुद्दीनपुर शाह का कर्ज अदा न करने पर नायब तहसीलदार सृजन यादव के नेतृत्व में राजस्व विभाग की टीम द्वारा बकायेदारों की भूमि कुर्क कर ली गई। बैंक एवं तहसील प्रशासन की इस कारवाई के बाद अन्य बड़े बकायेदारों में हड़कंप मच गया है।

शाखा प्रबंधक विकास शर्मा ने बताया कि अतर सिंह पुत्र कामिल सिंह अम्बियापुर, शैलेश पाल सिंह पुत्र बाबू सिंह अम्बियापुर, रूम सिंह पुत्र रमेश चंद्र गहोरा, एवं व्रजपाल सिंह पुत्र मुंशी सिंह निवासी गहोरा को तमाम बार नोटिस भेजी गई। बैंक कर्मियों द्वारा अन्य प्रयास भी किए गए। नायब तहसीलदार सृजन यादव ने बताया कि कागजी खानापूर्ति के बाद सोमवार को दलबल सहित बैंक कर्मियों के साथ बकायादारों की भूमि पर पहुंच कर कुर्की की कार्रवाई की गई। बाकीदारों के खेतों में लाल झंडी के साथ ही बोर्ड भी लगा दिया गया है। इस दौरान बैंक के सहायक प्रबंधक अजय चौधरी, लेखपाल अमित कुमार, लेखपाल अरविन्द कुमार, अमीन वीरेंद्र कुमार शर्मा, अमीन वीरेंद्र सिंह आदि उपस्थित रहे।

# ग्राम पंचायतों में डिजिटल पुस्तकालय हेतु पुस्तकों के चयन की प्रक्रिया प्रारम्भ

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** जिला पंचायत राज अधिकारी यावर अब्बास ने जानकारी देते हुए बताया कि जिलाधिकारी अवनीश राय की अध्यक्षता में जनपद स्तरीय चयन समिति द्वारा ग्राम पंचायत स्तर पर डिजिटल पुस्तकालय स्थापित किये जाने हेतु ग्राम पंचायतों में विद्यार्थियों के अध्ययन के लिए पाठ्य समाग्री व पुस्तकों के चयन हेतु 50 प्रतिशत पुस्तकों के चयन शासकीय प्रकाशकों द्वारा व 50 प्रतिशत चयन अन्य प्रकाशकों की पुस्तकों के द्वारा, जिसमें स्थानीय भाषाओं के साहित्यकारों, स्थानीय स्वतंत्रता सेना. नियों, राष्ट्र नायकों एवं शहीदों की जीवनी क्षेत्रीय लेखकों, प्रतिष्ठित विद्वानों की पुस्तकों, कवियों की पुस्तकें, सांस्कृतिक साहित्य से सम्बन्धित हो, को भी सम्मिलित किया जाना है। उन्होंने बताया कि इसके सम्बन्धित प्रकाशकों की पुस्तकें जनपद स्तरीय समिति पुस्तकों का चयन करेगी जिसमें जनपद स्तरीय समिति सामर्थ्य व मूल्य निर्धारण और समझने में आसान भाषा व सामग्री पर विचार करते हुए पुस्तकों का चयन करेगी। उन्होंने बताया कि 07 दिवस के अन्दर सभी प्रकाशक अपनी पुस्तकें जिला पंचायत राज अधिकारी कार्यालय में सूची एवं दर विषय एवं भाषावार उपलब्ध करायें। उन्होंने बताया कि इन पुस्तकों के चयन हेतु आप सभी को अवगत कराना हैं कि जो भी व्यक्ति, फर्म, संस्था इन विषय-वस्तु को ग्राम पंचायतों में डिजिटल पुस्तकालय (बाल एवं किशोर पुस्तकालय) स्थापित किये जाने हेतु उपलब्ध कराने के इच्छुक हो अपनी पुस्तकों के प्रकाशन व लेख से सम्बन्धित विवरण जिला पंचायत राज अधिकारी कार्यालय कक्ष संख्या 210 विकास भवन में अथवा जनपद की ई-मेल आई0 डी0- dprobd&up@nic-पद पर विवरण उपलब्ध करा सकते हैं, साथ ही जो ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थी जो पाठ्य सामग्री व पुस्तक अपनी ग्राम पंचायत की डिजिटल पुस्तकालय में पढ़ना चाहते हैं वो भी पाठ्य सामग्री व पुस्तक की सूची विवरण इस ई-मेल पर प्रेषित कर सकते हैं।

# एसडीबी पब्लिक स्कूल में संस्थापक दिवस हर्षोल्लास से मनाया




**आई एम खान, शाह टाइम्स**

**बिसौली।** सोमवार को एस.डी.बी. पब्लिक स्कूल के संस्थापक स्व. याकेश वार्ष्णेय की पुण्य स्मृति में संस्थापक दिवस बड़े हर्षोल्लास एवं श्रद्धा के साथ मनाया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बिसौली विधायक आशुतोष मौर्य ने कक्षा 1 से 12 तक के विजेता विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार प्रदान किए, साथ ही बच्चों को कैश अवार्ड भी देकर उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं। इस अवसर पर विद्यार्थियों राधिका, नमामी और दिव्यांशी ने संस्थापक दिवस पर अपनी भावनाएँ और कविताएँ प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम में गणेश वंदना, ब्रज की फूलों की होली, मदर स्पेशल, ऑपरेशन सिंदूर, नारी शक्ति तथा रघुपति राघव राजा राम जैसी विविध सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने वातावरण को भक्तिमय और उत्साहपूर्ण बना दिया। मंच पर प्रिंसिपल मीनू बत्रा, डायरेक्टर अखिलेश वार्ष्णेय, उनकी पत्नी आंचल वार्ष्णेय, मैनेजर राजेश वार्ष्णेय तथा संस्थापक स्व. याकेश वार्ष्णेय की पत्नी आशु वार्ष्णेय मंच. ासीन रहे। डायरेक्टर अखिलेश वार्ष्णेय और मैनेजर राजेश वार्ष्णेय ने मुख्य अतिथि को गिफ्ट, मोमेंटो एवं बुके भेंट कर सम्मान किया। शिक्षकगण सिम्मी, मुस्कान, मेघा, सईदा रिजवी, प्रिया, शिल्पी, कविता, सविता, पारुल, सौम्या, रचुल, प्रशांत, श्वेता, अनमोल, विष्णु आदि की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम का सफल संचालन वाइस प्रिंसिपल शारदा बवेजा ने किया, जिन्होंने अंत में सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। समापन रंगारंग उत्सव और राष्ट्रीय गान के साथ हुआ।

## एक नजर

# जायंट्स ग्रुप ऑफ महिला समृद्धि की पूर्व अध्यक्षों को उत्कृष्ट सेवाओं के लिए किया सम्मानित

**आई एम खान, शाह टाइम्स**

**बिसौली।** जायंट्स ग्रुप ऑफ बिसौली महिला समृद्धि की पूर्व अध्यक्षों को



उनकी उत्कृष्ट सेवाओं के लिए सम्मानित किया गया। आशीष गार्डन में जायंट्स वेलफेयर फाउंडेशन के पूर्व अध्यक्षों के सम्मेलन में जायंट्स ग्रुप ऑफ बिसौली महिला समृद्धि के पूर्व अध्यक्षों को उनकी उत्कृष्ट सेवाओं के लिए सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार जायंट्स फेडरेशन के विश्व उपाध्यक्ष एस.पी. चतुर्वेदी द्वारा प्रदान किए गए। पूर्व अध्यक्ष पारुल अग्रवाल, आंचल वार्ष्णेय, डॉ. स्वाति रंजन तथा रूपम गुप्ता को उनके द्वारा उत्कृष्ट कार्य करने के लिए सम्मानित किया गया। ग्रुप की पूर्व अध्यक्षों के सम्मानित होने पर ग्रुप की सदस्यों ने हर्ष व्यक्त किया।


**लोकप्रिय हिंदी दैनिक शाह टाइम्स समाचार पत्र में समाचार एंव विज्ञापन / सूचनाओं के लिए निम्न नम्बरों पर सम्पर्क करें।**

| | | | |
|---|---|---|---|
| भगवान दास | संवाददाता | बदायूं सिटी | 9411010546 |
| कैलाश मिश्रा | संवाददाता | इस्लामनगर | 9458213331 |
| राजीव सक्सेना | संवाददाता | उघैती | 9761005266 |
| नईम आजाद | संवाददाता | बिल्सी | 9808271513 |
| अंकित गुप्ता | संवाददाता | रुदायन | 8430206061 |

अजीत शर्मा क्राइम संवाददाता बदायूं सिटी 9259362222

धर्मेंद्र कुमार दीक्षित संवाददाता आसफपुर 7830155078

आतिफ निसार ज़ैनू संवाददाता सहसवान 8954188786

बीके तोमर संवाददाता खेड़ा नवादा बदायूं 9412302152

अनुराग मिश्रा संवाददाता वजीरगंज 9759558639

बदायूं मे न्यूज एजेंसियों के लिए संपर्क करें जिला प्रभारी 7500110219 9411827221


# एफएलएन एवं एनसीएआरटी पुस्तकों पर आधारित ब्लॉक स्तरीय शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ



**आई एम खान, शाह टाइम्स**

**बिसौली।** ब्लॉक संसाधन केंद्र पर एफएलएन एवं एनसीईआरटी पुस्तकों पर आधारित पांच दिवसीय ब्लॉक स्तरीय शिक्षण प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारम्भ हुआ। शिविर का शुभारंभ ज्ञानदायिनी मां शारदे की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। मंत्री अनुज कुमार शर्मा ने बुनियादी शिक्षा की महत्ता पर प्रकाश डाला। कोषाध्यक्ष शोभित यादव ने प्रशिक्षण के बिंदुओं से अवगत कराया। नोडल एआरपी रानी मैम ने कक्षा तीन की पुस्तक वीणा में हुए महत्वपूर्ण बदलाव से परिचय कराया। संदर्भदाता साहू सावेन्द्र गुप्ता ने गणित मेला पुस्तक से परिचय कराते हुए विभिन्न महत्वपूर्ण बिंदुओं से सभी को अवगत कराया। एआरपी मचिन मिश्रा ने पुस्तकों के अभ्यास कार्यों से बच्चों में आने वाली समझ से परिचय कराया। एआरपी सौरभ पाठक ने वीणा एवं गणित मेला के संबंध में प्रतिभागियों की जिज्ञासा का समाधान किया। इस अवसर पर अर्चना गौतम, पुरुषोत्तम दास, मोहित कुमार, प्रिंस भट्ट, राहुल कुमार, योगेंद्र त्यागी, डौली शर्मा, रजनेश सिंह, गीतांजलि, श्रजुता सागर, ओमेंद्र पाल सिंह, नेशपाल सिंह, कांति, अलका, शिखा शर्मा, मंजू रानी, तृप्ति रानी, हेमंत सिंह, बबलू, राजेश शाक्य, संजय, विजय आदि उपस्थित रहे।

# प्रदेश का निवेश मित्र पोर्टल उद्योग एवं व्यवसाय में ला रहा है सुगमता

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार समग्र सुधारों, डिजिटलीकरण एवं निवेशकों के अनुकूल नीतियों के माध्यम से व्यवसायों एवं निवेशों को सुगम बनाने को उल्लेखनीय कार्य कर रही है।

उत्तर प्रदेश को वर्ष 2022 में श्ईज ऑफ डूइंग बिजनेसश् में श्टॉप अचीवरश् तथा वर्ष 2022, 2023 एवं 2024 में लॉजिस्टिक्स रैंकिंग में श्अचीवर्सश् के रूप में मान्यता प्राप्त हुई है। साथ ही राज्य को वर्ष 2021 के गुड गवर्नेंस इंडेक्स में प्रथम स्थान एवं एक्सपोर्ट प्रिपेयर्डनेस इंडेक्स में द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ है, जिससे उत्तर प्रदेश भारत के सबसे सुरक्षित एवं निवेशक अनुकूल गतव्यों में से एक के रूप में स्थापित हुआ है। उत्तर प्रदेश का समर्पित ऑनलाइन पोर्टल श्निवेश मित्रश् सिंगल-विंडो क्लियरेंस सिस्टम, 45 विभागों की सेवाओं को एकीकृत करता है, जो अनुमोदन, लाइसेंस एवं अनापत्ति प्रमाणपत्र हेतु 525 से अधिक सेवाएं प्रदान कर रहा है। यह पोर्टल आवेदन प्रस्तुत करने एवं ट्रैकिंग की प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करता है, जिससे विलम्ब एवं प्रशासनिक समस्याओं का न्यूनीकरण सुनिश्चित होता है। गत वर्ष में चिकित्सीय प्रतिष्ठान, कृषि, उद्यान, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम फिल्म एवं मनोरंजन, आबकारी, फार्मास्यूटिकल तथा भू-विज्ञान एवं खनन जैसे विभिन्न क्षेत्रों से संबंधित अनुमोदन सेवाए भी निवेश मित्र पोर्टल में एकीकृत की गई है। निवेश मित्र पार्टल देश के उन अग्रणी पोर्टल्स में से एक है. जिन्हें नेशनल सिंगल विण्डो सिस्टम में एकीकृत किया गया है। निवेश मित्र में निरंतर अन्य सेवाएं भी जोड़ी जा रही है तथा सभी प्रकार की स्वीकृतियों/अनापत्तियों को एक ही स्थान पर (वन-स्टॉप सॉल्यूशन) उपलब्ध कराने हेतु कार्य किया जा रहा है। उद्यमियों द्वारा प्रस्तुत लाइसेंसिंग आवेदनों के 97 प्रतिशत से अधिक का निस्तारण किए जाने के साथ, निवेश मित्र पोर्टल वर्तमान में देश के सबसे कुशल सिंगल विंडों पोर्टलों में से एक बन गया है।

व्यवसाय में सुगमता (ईज ऑफ डूईगं बिजनेस) प्रदेश में मिनिमम गवर्नेस, मैक्सिमम गवर्नेस के सिद्धांत को चरितार्थ करते हुए निवेश मित्र पार्टल में व्यापक प्रशासनिक सुधार लागू किए गए है, जिनका उद्द्देश्य एक पारदर्शी, कुशल एव प्रभावी ऑनलाइन अनुमोदन प्रणाली की स्थापना है। समस्त आवेदन अनिवार्य रूप से केवल निवेश मित्र के माध्यम से स्वीकार किए। जाते हैं. भौतिक रूप से या विभाग के स्तर पर आवेदन स्वीकार नहीं किए जाते हैं। संबधित विभागों द्वारा प्राप्त किए गए आवेदनों एवं समस्त स्वीकृतियों से संबधित पृच्छाएं आवेदन प्राप्त होने के बाद केवल 07 दिनों के भीतर एक बार की जा सकती है। अब तक निवेश मित्र पोर्टल के माध्यम से 19 लाख से अधिक अनुमोदन डिजिटल रूप से निर्गत किए जा चुके हैं। पोर्टल पर उपलब्ध उपयोगकर्ता फीडबैंक प्रणाली के अनुसार, 96 प्रतिशत उपयोगकर्ता निवेश मित्र से 'संतुष्ट' है। नियामक अनुपालन भार (रेग्यूनेटरी कम्प्लायंस बर्डन) को कम करने की दिशा में किए गए कार्य इस पोर्टल को अधिक प्रभावी एवं पारदर्शी बनाने हेतु सक्रिय रूप से प्रदेश सरकार इसका पुनर्विकास कर रही है, जिसमें सिंगल विंडो अधिनियम 2024 को लागू करना भी सम्मिलित है। नियामक अनुपालन जटिलताओं को कम करने के प्रयासों के दृष्टिगत, उत्तर प्रदेश में लगभग 65 विभागों में कुल 4,675 अनुपालन कम किए गए है। कुल 4,098 अनुपालनों को सुगम बनाया गया एवं डिजिटल रूप प्रदान किया गया है, जिनमें से 2,512 अनुपालनों को जी2बी श्रेणी के अंतर्गत कम किया गया है एवं 1,586 अनुपालनों को जी2सी श्रेणी के अतर्गत कम किया गया है। इसके अतिरिक्त अब तक कुल 577 अनुपालनों को निरपराधीकरण (डिक्रिमिनलाइजेशन) श्रेणी के अतर्गत लाया गया है।

इसके साथ ही कुल 948 अधिनियम /नियम/विनियम आदि को समाप्त किया जा चुका है। अब उत्तर प्रदेश में व्यापार करने के लिए उ.प्र. दुकान और वाणिज्य अधिष्ठान अधिनियम-1962 के अंतर्गत पंजीकरण पर्याप्त है तथा ट्रेड लाइसेंस की आवश्यकता को समाप्त कर दिया गया है। उत्तर प्रदेश में व्यापार करने के लिए उ.प्र. दुकान और वाणिज्य अधिष्ठान अधिनियम 1962 के अतर्गत पंजीकरण के नवीनीकरण की व्यवस्था समाप्त कर दी गई है। यदि दुकान में शून्य कर्मचारी है तो उ.प्र. दुकान और वाणिज्य अधिष्ठान अधिनियम 1962 के अतर्गत पंजीकरण की आवश्यकता समाप्त कर दी गई है। उद्यमों से संबंधित अनुपालनों के उल्लंघन के अपराधों के निरपराधीकरण (डिक्रिमिनलाइजेशन) के लिए अग्निशमन विभाग, श्रम विभाग, परिवहन विभाग व विधिक माप विज्ञान विभाग के कानूनों के अंतर्गत अपराधों की कम्पाउंडिंग कर दी गई है।

# बरेली में हनीट्रैप गिरोह का भंडाफोड़

■ रिटायर्ड दरोगा के बेटे और महिला समेत पांच आरोपी गिरफ्तार



शाह टाइम्स ब्यूरो

**बरेली।** इज्जतनगर थाना पुलिस ने हनीट्रैप गिरोह का भंडाफोड़ किया है। रिटायर्ड दरोगा के बेटे और महिला समेत पांच शातिरों को गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गए गिरोह के पास से घटना में प्रयुक्त छह मोबाइल फोन और एक स्कॉर्पियों कार बरामद की गई है। आरोपियों की गिरफ्तारी निर्माणाधीन रोडवेज बस स्टैंड मिनी बाईपास रोड के पास से हुई है।

पुलिस के मुताबिक गिरोह का सरगना आकाश पुत्र नरेश कुमार है, जिसने अपने साथियों के साथ मिलकर भोले-भाले लोगों को हनी ट्रैप के जाल में फंसाकर लाखों की रंगदारी वसूलने की साजिश रची थी। गिरोह की मुख्य सदस्य हनी उर्फ नेहा खान पहले पीड़ित से फोन पर बातचीत कर उसे अपने जाल में फंसाती थी, और फिर होटल या सुनसान जगह पर बुलाती थी। गिरोह के अन्य सदस्य पीड़ित को घेर लेते थे।

ताजा मामले में एक युवक को नेहा खान ने जाल में फंसाया था। महिला ने उसके वीडियो व फोटो बना लिए थे। फिर उसे होटल सहगल में बुलाया गया, जहां उसे गिरोह के गुड्डू बंजारा, अवधेश, आकाश, मिथलेश और अन्य साथियों ने स्कॉर्पियों में डालकर ले गए। मिनी बाईपास पर ले जाकर पीड़ित से मारपीट कर वीडियो-फोटो वायरल करने और दुष्कर्म के झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देकर पांच लाख रुपये की रंगदारी मांगी गई।

बदनामी के डर से पीड़ित ने गिरोह को 30 हजार रुपये और सोने की अंगूठी सौंप दी। इसके बाद आरोपी लगातार उसे और रुपये देने के लिए दबाव बनाया जा रहा था। एसएसपी के निर्देश पर गठित टीम ने मुखबिर की सूचना पर दबिश देकर हनी उर्फ नेहा खान, गुड्डू बंजारा, अवधेश, आकाश और मिथलेश गंगवार को गिरफ्तार कर लिया। गिरोह का एक और सदस्य मोहित मिश्रा व दो अज्ञात अभी फरार बताए जा रहे हैं।

आरोपियों के खिलाफ थाना इज्जतनगर में कार्रवाई की गई है। सभी को रिमांड के लिए अदालत में पेश किया जाएगा। पुलिस के मुता. बिक गिरोह के शातिर सदस्य कई युवकों को हनी ट्रैप के जरिए फंसा चुके हैं।

ब्लैकमेलिंग का शिकार लोग अब तक सामने नहीं आए थे। इज्जतनगर पुलिस की इस कार्रवाई को बड़ी सफलता माना जा रहा है। बताया जा रहा है कि अवधेश के पिता पुलिस के रिटायर्ड दरोगा हैं।

# सदस्य राज्य महिला आयोग ने किया वन स्टॉप सेंटर का निरीक्षण



शाह टाइम्स ब्यूरो

**बरेली।** सोमवार को को पुष्पा पांडे सदस्य राज्य महिला आयोग लखनऊ उत्तर प्रदेश के द्वारा वन स्टॉप सेंटर का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान चंचल गंगवार केंद्र प्रबंधक, रेखा कुमारी चौकी प्रभारी, रिंकी सैनी जिला मिशन कोऑर्डिनेट एवं ड्यूटी रोस्टर अनुसार सभी स्टाफ उपस्थित पाए गए, साथ ही चंचल गंगवार केंद्र प्रबंधक से केंद्र की कार्यप्रणाली के बारे में पूछताछ की गई। केंद्र प्रबंधक द्वारा बताया गया कि आज 21 पीड़िताएं केंद्र पर आवासित हैं, जिन पीड़िताओं को 5 दिन से अधिक सेंटर पर रहते हुए हो गए थे, उनके बारे में पूछा गया कि निस्तारण में देरी क्यों है, तो बताया गया की आयु संबंधी परीक्षण में चिकित्सा विभाग से रिपोर्ट मिलने में समय लग जाता है, इस वजह से पीड़िताओं के केस में निस्तारण होने में समय लग रहा है। माह अगस्त में कुल 70 प्रकरण केंद्र पर आए, तत्पश्चात केंद्र में अल्पावास हेतु आवासित पीड़िताओं से बात की गई, एवं केंद्र द्वारा दी जाने वाली सुविधाओं के बारे में पूछताछ की गई, केंद्र पर आवासित पीड़िताओं के द्वारा बताया गया कि केंद्र पर किसी भी प्रकार की समस्या नहीं है। भोजन मेन्यू के अनुसार दिया जाता है, एवं आवश्यकता अनुसार सहायता उपलब्ध कराई जाती है।

## एक नजर

# ईधजागीर के जूनियर हाई स्कूल में चोरी

शाह टाइम्स संवाददाता

**खिड़की तोड़कर चोरों ने हजारों का सामान चुराया**

**नवाबगंज।** कस्बे से सटे गांव ईधजागीर के पूर्व माध्यमिक विद्यालय में रविवार की रात चोरों ने स्कूल के कमरों में लगी खिड़की तोड़कर कमरे में रखा हजारों का सामान चुरा लिया और फरार हो गए। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका ने घटना की तहरीर पुलिस को दी है। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका सुषमा कुमारी द्वारा दी गई तहरीर में बताया कि आज सोमवार को जब वह सुबह करीब 7:30 बजे स्कूल पहुंची तो विद्यालय के कमरों में लगी खिड़की टूटी हुई थी, जब अन्दर जाकर देखा तो कमरे से इनवर्टर, साउंड सिस्टम, घंटा आदि के साथ ही अन्य समान गायब था। प्रधानाध्यापिका ने घटना की अज्ञात चोरों के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी है।

# आज होगा नव निर्वाचित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह

शाह टाइम्स संवाददाता

**नवाबगंज।** 29 जुलाई को निर्वाचित हुई एडवोकेट प्रेक्टिशनर्स एसोसिएशन कार्यकारिणी को आज शपथ दिलाई जाएगी।

संगठन के अध्यक्ष हाजी माजिद हुसैन जैदी, सचिव दुष्यंत गंगवार ने बताया कि तहसील के सभागार में 26 अगस्त मंगलवार को दोपहर दो बजे संगठन की नव निर्वाचित कार्यकारिणी को शपथ ग्रहण कराई जाएगी। शपथ ग्रहण समारोह में जिले के न्यायिक अधिकारियों के साथ ही बरेली बार के अध्यक्ष मनोज हरित, सचिव दीपक पाण्डे, बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के सदस्य श्रीश महरोत्रा के साथ ही जनपद की तहसील बार कमेटियों के पदाधिकारी और स्थानीय अधिकारी शामिल होंगे।

मालूम हो गुजरे माह 29 जुलाई को हुए संगठन के चुनाव में शिशुपाल सिंह गंगवार को अध्यक्ष, पुष्पपाल सिंह को सचिव और कोषाध्यक्ष पद पर वीरेन्द पटेल को चुना गया था। दो सप्ताह से अधिक समय गुजर जाने के बाद भी नव निर्वाचित पदाधिकारियों को अभी तक शपथ नहीं दिलाई जा सकी थी। शपथ ग्रहण समारोह को लेकर संगठन के पदाधिकारी इसकी तैयारी में जुट गए हैं।

# शव मिलने के तीसरे दिन भाई ने पुलिस को दी तहरीर, जताई हत्या की आशंका

शाह टाइम्स संवाददाता

**नवाबगंज।** शनिवार को कस्बे की शमशान भूमि में मिले ईको चालक मुनीश कुमार के शव के मामले में तीसरे दिन मृतक के भाई विजय कुमार ने पुलिस को तहरीर देकर भाई की हत्या किए जाने की आशंका जताते हुए इसकी जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है।

नगर की चाणक्यपुरी के रहने वाले स्व० बालकराम के पुत्र ईको चालक मुनीश कुमार का शव शनिवार को कस्बे की शमशान भूमि से बरामद हुआ था, मृतक की पत्नी ममता ने अपने पति की हत्या किए जाने का आरोप लगाया था। मृतक का अंतिम संस्कार किए जाने के बाद सोमवार को तीसरे मृतक के भाई विजय कुमार ने अपने भाई मुनीश कुमार की हत्या किए जाने की आशंका जताते हुए इसकी जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है। कोतवाल अरुण कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि तहरीर मिली है, जिसके जांच के निर्देश दिए गए हैं। जांच के बाद आगे की कार्यवाही की जाएगी।

# बरेली में यूपी 112 के बेड़े की बढ़ी ताकत

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बरेली।** जिले में अपराध नियंत्रण के लिए यूपी-112 के बेड़े को मजबूत किया गया है। सोमवार को एसएसपी अनुराग आर्य ने 12 नई पीआरवी को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। नई गाड़ियों में तेज रफ्तार एसयूवी गाड़ियां भी शामिल हैं।

पुलिस लाइन में सोमवार दोपहर बाद एक आयोजन कर यूपी 112 की इन 12 नई गाड़ियों को क्रियाशील किया गया। एसएसपी ने बताया कि नई गाड़ियों में एक इना. वा क्रिस्टा व 11 स्कार्पियो शामिल हैं। ये अत्याधुनिक जीपीएस सिस्टम से लैस हैं।

इनमें इमरजेंसी किट भी शामिल है, जिससे किसी मरीज को प्राथमिक उपचार दिया जा सके। इन गाड़ियों में तैनात कर्मचारियों के पास बॉडी वार्न कैमरा और क्राइम सीन प्रोटेक्शन किट भी रहेगी। इस मौके पर एसपी सिटी मानुष पारीक, एसपी दक्षिणी अंशिका वर्मा, एसपी यातायात अकमल खान, एसपी उत्तरी मुकेश चंद मिश्रा, एसपी क्राइम मनीष सोनकर, सीओ प्रथम आशुतोष शिवम, सीओ सेकेंड सोनाली मिश्रा समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

एसएसपी ने बताया कि अब तक ग्रामीण क्षेत्र में पुलिस के पास बोलेरो व शहरी क्षेत्र में इनोवा गाड़ियां थीं। अब विभाग ने बोलेरो की जगह स्कार्पियो की तैनाती शुरू कर दी है। नई 12 गाड़ियों को मिलाकर यूपी 112 में चार पहिया वाहनों की संख्या अब 93 हो गई है।

एसएसपी ने बताया कि शहर में रिस्पॉन्स टाइम पांच से छह मिनट और देहात में करीब आठ मिनट है, नई गाड़ियों से इसे और कम करने का प्रयास किया जाएगा

# शराब पीकर उत्पात मचाते गुरुजी सहित चार को पकड़ा, वाहन किए सीज



शाह टाइम्स संवाददाता

**शीशगढ़।** शराब पीकर उत्पात मचाना महंगा पड़ गया। पुलिस ने सहायक अध्यापक सहित चार लोगों को गिरफ्तार करके जेल भेजा है। बरामद सभी वाहनों को सीज कर दिया गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार नितिन गंगवार पुत्र शंकर लाल सहायक अध्यापक निवासी ग्राम ढकया डाम, रवि सिंह पुत्र राजेंद्र, विजय सिंह पुत्र महेंद्र सिंह निवासी बरेली बस अड्डा, शुभम गुप्ता पुत्र राजीव गुप्ता निवासी गड़ी कस्बा शीशगढ़ बीती रात्रि बरेली अड्डे के निकट शराब पीकर उत्पात मचा रहे थे। सूचना मिलने पर पुलिस बल के साथ मौके पर प्रभारी निरीक्षक हरेंद्र सिंह ने सभी को पकड़ लिया। उनके कब्जे से एक कार, मोटरसाइकिल व एक स्कूटी भी बरामद हुई, जिसको पुलिस ने मोटर व्हीकल एक्ट 207 में सीज कर दिया है। गिरफ्तार किए गए सभी आरोपियों को जेल भेज दिया गया। पुलिस की इस बड़ी कार्यवाही को लेकर हड़कंप मच गया है।

## शराबियों की पुलिस से नोंकझोंक, वीडियो वायरल

सड़क किनारे शराब पीकर उत्पात मचाने की सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शराबियों को हिरासत में लिया तो शराबियों ने पुलिस से नोंकझोंक शुरू कर दी। हेकड़ी भी दिखाने लगे। हालांकि पुलिस बल की सख्ती के सामने शराबियों की हेकड़ी ढीली पढ़ गई। किसी व्यक्ति ने घटना का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया।

> सड़क किनारे शराब पीकर उत्पात मचा रहे चार लोगों को मौके से ही गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से एक कार, एक मोटरसाइकिल, एक स्कूटी बरामद हुई, जिनको सीज किया गया है। कानून के साथ खिलबाड़ करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा।
>
> **हरेंद्र सिंह**
> **प्रभारी निरीक्षक**
> **कोतवाली शीशगढ़**

# डीएम ने की खाद तथा रसद विभाग में प्रचलित महत्वपूर्ण योजनाओं की प्रगति की समीक्षा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बरेली।** डीएम अविनाश सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को जनपद में खाद




तथा रसद विभाग में प्रचलित महत्वपूर्ण योजनाओं की प्रगति की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में सम्पन्न हुई।

बैठक में डीएम ने निर्देश दिए कि जनपद की जिन तहसीलों में अन्नपूर्णा माडल शॉप बनाने हेतु भूमि का चिन्हांकन नहीं हो पाया है, वहां शीघ्र भूमि का चिन्हांकन कर कार्य प्रारम्भ कराए जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि जिन तहसीलों में राशन वितरण की दुकानें कम हैं उन्हें बढ़ाया जाए, और ऐसे स्थान पर दुक. ानों का चिन्हांकन किया जाए जहां ट्रक जा सके। बैठक में निर्देश दिए गए कि जिन दुकानों का कार्य पूर्ण हो गया है, उन्हें जनप्रतिनिधियों के हाथों से उद्घाटन कराकर प्रारम्भ कराया जाए, और जो भी दुकानें रिक्त हैं उसे कोटेदारों को आवंटित कर दी जाएं। बैठक में समस्त उप जिलाधिकारियों व खण्ड विकास अधिकारीयों को निर्देश दिए गए कि सप्ताह में तीन बार गौशालाओं व सीएचसी का निरिक्षण अवश्य करें, और सभी लोग टीम वर्क के साथ कार्य करें, तथा जो अधिकारी जिस क्षेत्र का निरीक्षण करें, उसकी आख्या बनाकर मुख्य विकास अधिकारी को प्रस्तुत की जाए। बैठक में डीएम निर्देश दिए कि समस्त कोटेदारों को निर्देशित किया जाए कि वह समय से राशन की दुकानों को खोलें, और राशन में घटतौली न की जाए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी देवयानी, अपर जिलाधिकारी (वि/रा) संतोष कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी नगर सौरभ दुबे, जिला पूर्ति अधिकारी मनीष कुमार, डीसी मनरेगा हसीब अंसारी, जिला पंचायत राज अधिकारी, समस्त उपजिलाधिकारी व खण्ड विकास अधिकारी सहित सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# आरएसी की समूहा नवाबगंज इकाई कराएगी इज्तेमाई निकाह

■ अदनान मियां के समूहा नवाबगंज पहुंचने पर हुआ जोरदार इस्तकबाल

शाह टाइम्स संवाददाता

**बरेली।** ऑल इंडिया रजा एक्शन कमेटी (आरएसी) की तहसील नवाबगंज समूहा इकाई पिछले 19 साल से अंजुमन गुलामान-ए-मुस्तफा के बैनर तले अजमत-ए-मुस्तफा कॉन्फ्रेंस आयोजित कराती रही है। अबकी बार 20वें साल में आयोजकों ने कॉन्फ्रेंस के साथ-साथ इज्तेमाई निकाह भी कराने का फैसला किया है। दोनों कार्यक्रमों की सरपरस्ती नबीरा-ए-आला हजरत व आरएसी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना अदनान रजा कादरी करेंगे। इस सिलसिले में नबीरा-ए-आला हजरत नवाबगंज समूहा पहुँचे, जहां हजरत का जोरदार इस्तकबाल हुआ, और अदनान मियां ने प्रोग्राम की तैयारियों का जायजा लिया।

नबीरा-ए-आला हजरत ने पिछले दिनों बरेली के एक बड़े बैंक्वेट हॉल और लॉन में 11 खुशनसीब लड़के-लड़कियों का इज्तेमाई निकाह कराया था। उसके बाद से ही समूहा की आरएसी इकाई ने तय कर लिया था कि इस बार अजमत-ए-मुस्तफा कॉन्फ्रेंस के साथ-साथ इज्तेमाई निकाह भी कराए जाएंगे। उन्होंने नबीरा-ए-आला हजरत से मुलाकघत कर अपनी मंशा जाहिर की।
इसके बाद मौलाना अदनान रजा कघदरी ने कार्यक्रम के लिए 6 नवंबर की तारीखघ तय की है। इसी सिलसिले में नबीरा-ए-आला हजरत समूहा पहुँचे, और वहां एक बैठक कर तैयारियों के बारे में जानकारी ली। उन्होंने इज्तेमाई निकाह के प्रोग्राम के लिए जगह भी देखी, और तैयारियों के सिलसिले में जरूरी निर्देश दिए। इस मौके पर इमरान रजा बरकाती, मौलाना निजाम उद्दीन, मौलाना जहीर उल हसन, काशिफ रजा, फुरकान रजा, समी वहाब, रिजवान रजा आदि मौजूद रहे।

इस कार्यक्रम की तैयारी में आरएसी की नवाबगंज समूहा इकाई के मौलाना जियाउल मुस्तफा, मौलाना उस्मान, हाफिज लियाकघ्त खघँ, हाफिज महशर अली, आरिश मलिक, आरिफ खघँ, मतलूब अहमद, मुहम्मद उमर, मुहम्मद अकरम, गुलाम मुस्तफा, इफ्तेखघर रजा, साजिद अली, शराफत अली, शकील सैफी, मुहम्मद आकघ्बि, वहीद रजा, परवेज अख्तर, मुजीब रजा आदि जुटे हुए हैं।

# अपराधियों पर कसेगा शिकंजा खाकी से कांपेंगे अपराधी

## डीआईजी साहनी ने चार जिलों के कप्तानों संग की मैराथन समीक्षा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बरेली।** बरेली परिक्षेत्र के तेजतर्रार डीआईजी अजय कुमार साहनी ने सोमवार को परिक्षेत्रीय कार्यालय में समीक्षा बैठक बुलाई। इसमें बरेली, बदायूं, पीलीभीत और शाहजहांपुर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक और पुलिस अधीक्षक शामिल रहे। बैठक में अपराध नियंत्रण, कानून-व्यवस्था और लंबित मामलों के शीघ्र निस्तारण को लेकर सख्त निर्देश दिए गए।



तेजतर्रार डीआईजी अजय कुमार साहनी ने साफ कहा कि कानून-व्यवस्था से समझौता कतई बर्दाश्त नहीं होगा, अपराधियों को हर हाल में सलाखों के पीछे भेजा जाए।

बैठक में डीआईजी ने अपराध नियंत्रण अपराधों की समीक्षा और माफियाओं के विरुद्ध कार्यवाही की समीक्षा की। बैठक में निरोधात्मक कार्यवाह गुंडा अधिनियम, गौवध निवारण अधिनियम, सशस्त्र अधिनियम और गैंगस्टर अधिनियम के तहत की गई कार्यवाही की समीक्षा की गई।

महिला सुरक्षा मिशन शक्ति फेज-5 के तहत महिला सुरक्षा, सम्मान और सशक्तिकरण के लिए चलाए जा रहे अभियानों की समीक्षा की गई। साइबर थाने और अन्य थानों पर साइबर अपराध से संबंधित कार्यवाही की समीक्षा की गई। आगामी पंचायत चुनाव की तैयारियों के संबंध में समीक्षा की गई। बैठक में जनपदों में अपराध नियंत्रण और कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। पुलिस उपमहानिरीक्षक ने जनपदों के पुलिस अधिकारियों को अपराधों पर अंकुश लगाने और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

बैठक में लिए गए निर्णयों के अनुसार, जनपदों में अपराध नियंत्रण और कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए कड़ी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस अधिकारी अपने-अपने जनपदों में अपराधों पर अंकुश लगाने और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक कदम उठाएंगे।

डीआईजी ने अधिकारियों को हिदायत दी कि फरार अपराधियों की जल्द गिरफ्तारी हो, माफियाओं की कमर तोड़ने के लिए सख्त कार्रवाई तेज की जाए, और जनता को सुरक्षित माहौल मुहैया कराया जाए।

# 1847 सैंपलों की जांच रिपोर्ट आई निगेटिव

शाह टाइम्स संवाददाता

**बरेली।** बर्ड फ्लू की आशंका पर मंडल भर के पोल्ट्री फार्मों से लिए गए सभी नमूनों की जांच रिपोर्ट निगेटिव आई है। पशुपालन विभाग की ओर से पिछले सप्ताह मंडल के चारों जिलों से 1875 मुर्गियों के ब्लड सैंपल लेकर आईवीआरआई जांच के लिए भेजे गए थे। जुलाई में भी 1065 सैंपल जांच के लिए भेजे गए थे। इस तरह दो महीने में कुल 2840 सैंपल भेजे गए। सभी की रिपोर्ट निगेटिव आई है।

# एसएसपी ने किया बड़ा फेरबदल, नौ इंस्पेक्टर और 54 दरोगा के कार्यक्षेत्र बदले

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बरेली।** एसएसपी अनुराग आर्य ने नौ इंस्पेक्टर और 54 दरोगा के कार्य क्षेत्र बदल दिए हैं। फरीदपुर थाने के इंस्पेक्टर क्राइम रविंद्र नैन को शीशगढ़, चमन कुमार को शीशगढ़ से फरीदपुर में इंस्पेक्टर क्राइम, चंद्रवीर को पुलिस लाइन से कोतवाली में इंस्पेक्टर क्राइम, लव सिरोही को कोतवाली से कैंट में इंस्पेक्टर क्राइम, शैलेंद्र कुमार को कैंट से क्योलड़िया में इंस्पेक्टर क्राइम बनाया है। इसी तरह सुधीर कुमार को भमोरा से आंवला में इंस्पेक्टर क्राइम, प्रमोद कुमार को सुभाषनगर चौकी से प्रेमनगर में इंस्पेक्टर क्राइम, वरुण को पुलिस लाइन से फतेहगंज पश्चिमी में इंस्पेक्टर क्राइम, राजकुमार को डीसीआरबी से अलीगंज थाने में इंस्पेक्टर क्राइम के पद पर ट्रांसफर किया गया है। एसएसपी ने 54 दरा. गाओं का भी तबादला किया है। कुशलपाल को मॉडल टाउन चौकी से जगतपुर चौकी, जितेंद्र कुमार को कुतुबखाना से मॉडल टाउन, राजीव शर्मा को प्रेमनगर से कुतुबखाना, रामपाल को दुनका चौकी से प्रेमनगर, मोहित कुमार बारादरी से बैरियर टू, शिवकुमार को बैरियर टू से कस्बा बहेड़ी चौकी, विजयपाल सिंह कस्बा बहेड़ी से धौरा टांडा, संजय कुमार को धौराटांडा से बंजरिया, कृपाल सिंह को बंजरिया से सिरौली, श्रीषचंद्र को सिरौली से दूसरे जनपद भेजा है।

जितेंद्र कुमार को मठ की चौकी से सुभाषनगर, विक्रांत तोमर को किला से मठ की चौकी, जाकिर अली कैंट से किला, अर्जुन सिंह को किला से कैंट, नितिन शिरीष को इज्जतनगर से सराय चौकी, राजेंद्र सिंह को अशरफ खां से इज्जतनगर, अरुण यादव को इज्जतनगर से अशरफ खां चौकी, मुनेंद्रपाल को बिथरी चैनपुर से जगतपुर, बलवीर को बिथरी से वरिष्ठ उपनिरीक्षक बिथरी चैनपुर बनाया गया है। पवन कुमार को सुभाषनगर से करगैना चौकी, राहुल शर्मा करगैना से वीआईपी सेल, धर्मपाल कैंट से बभिया, हरवीर कैंट से इज्जतनगर, राजकुमार मढ़ीनाथ से गैर जनपद, रविंद्र सिंह को सीबीगंज से मढीनाथ, राहुल को किला से मलूकपुर, रामकिशन को भोजीपुरा से सुभाषनगर भेजा गया। इसके अलावा दरोगा दीपक को हाफिजगंज से डेलापीर, चंद्रवीर को डेलापीर से हाफिजगंज व सनी चौधरी को चुड़ैली डाम से गैर जनपद ट्रांसफर किया गया।

# कमिश्नर की अध्यक्षता में मण्डलीय समीक्षा बैठक हुई सम्पन्न

■ बैठक में जीडीपी बढ़ाने हेतु जिलों की सहभागिता पर किया गया मंथन



शाह टाइम्स ब्यूरो

**बरेली।** कमिश्नर सौम्या अग्रवाल की अध्यक्षता में सोमवार को मण्डलीय समीक्षा बैठक विकास भवन स्थित सभागार में सम्पन्न हुई।

बैठक में देश को वन ट्रिलियन डालर की अर्थव्यवस्था बनाने व देश की जीडीपी बढ़ाने हेतु मण्डल के प्रत्येक जनपद के योगदान की समीक्षा की गयी, जिसके अन्तर्गत डिस्ट्रिक प्रोडेक्ट (डीडीपी) पर विचार विमर्श किया गया। समीक्षा में पाया गया कि चीजों का उत्पादन बढ़ रहा है, लेकिन उत्पादकता कम हो रही है। जैसे खाद्यान्य उत्पादन में उत्पादन बढ़ रहा है, लेकिन प्रोडेक्टविटी कम हुई है। दालों के उत्पादन में बरेली आगे है, तथा गन्ने की उत्पादन में घटा है, जिसपर कमिश्नर ने प्रोडक्टिविटी कम होने पर समस्त मुख्य विकास अधिकारियों को एनालायसिस करते हुए सुधार करने के निर्देश दिए।

बैठक में परिवार रजिस्टरों की स्कैनिंग की प्रगति के बारे में भी जानकारी ली गयी। बैठक में बताया गया कि खरीफ-2025 डिजिटल क्राप सर्वे मुख्यत: पंचायत सहायकों की आईडी बनाकर कार्य कराया जाना शुरू हो गया है।

बैठक में धान खरीद की समीक्षा के दौरान अवगत कराया गया कि वर्तमान वर्ष हेतु मिलों से प्राप्त आवे. दन 205, पंजीकृत राइस मिल 170, पंजीकृत हेतु अवशेष मिलों की संख्या 35, वर्तमान वर्ष में अनुमोदित क्रय केन्द्र 408, शासन द्वारा क्रय केन्द्र खोलने का लक्ष्य 405 है। बैठक में स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान टीबी प्रोग्राम एनटीईपी (नेशनल ट्यूबरक्लोसिस एलिमिनेशन प्रोग्राम) के अंतर्गत विभिन्न घटकों की प्रगति की समीक्षा की गयी। शाहजहांपुर में विशेष रूप से निक्षय पोषण पोटली वितरण हेतु सुधार लाने के निर्देश दिए गए। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के अन्तर्गत संस्थागत प्रसव की समीक्षा की गयी, और जिन चिकित्सा संस्थानों पर संस्थागत प्रसव की सुविधा नहीं शुरू की गयी है अथवा कम है, वहां गति लाने के निर्देश दिए गए। बैठक में सभी चिकित्सा इकाईयों में अग्नि व विद्युत सुरक्षा की व्यवस्था सम्बन्धी एनओसी प्राप्त करने की समीक्षा की गयी, और उक्त के अन्तर्गत बरेली के अनुरूप कार्य करने के निर्देश दिए गए।

बैठक में अवगत कराया गया कि गोल्डन कार्ड बनाने में जनपद बरेली की स्थिति बेहतर है। आयुष्मान आरोग्य मंदिर के कार्य में प्रभावी क्रियाशीलता लाने व ई-कवच पोर्टल पर रिपोर्ट समय से अपडेट करने के निर्देश दिए गए।

बैठक में बाढ़ से निपटने की समीक्षा के दौरान अवगत कराया गया कि समस्त तटबंध की सुरक्षा निरंतर निगरानी की जा रही है। बदायूं में सदर, सहसवान व दातागंज का आंशिक भाग बाढ़ से प्रभावित है, तथा शाहजहांपुर में कलान, जलालाबाद व तिलहर का भी आंशिक भाग बाढ़ से प्रभावित है। बैठक में निराश्रित गौवंश संरक्षण व गौशाला निर्माण की समीक्षा की गयी, जिसमें अवगत कराया गया कि मण्डल में 627 पशु आश्रय स्थल हैं, जिनमें वर्तमान में पोर्टल के अनुसार 66389 गौवंश संरक्षित हैं। गौवंशों को रात के समय दुर्घटना से बचाने हेतु रेडियम बेल्ट पहनाने की प्रक्रिया जनपद बरेली में चल रही है, बदायूं में अभियान प्रारम्भ किया गया है तथा शाहजहांपुर, पीलीभीत में बजट के अभाव में अभी लंबित है। बैठक में निर्माणाधीन गौशालाओं के बारे में बताया गया कि कार्य प्रगति पर है, कहीं भी निर्माण कार्य रुका नहीं है। जनपद शाहजहांपुर में 10 के सापेक्ष 05 गौशालाएं पूर्ण कर ली गयी हैं, जिनकी तकनीकी जांच चल रही है, उक्त के उपरांत हैंडओवर किया जाएगा। चारागाह की भूमि हरे चारे की उत्पादकता की भी समीक्षा की गयी। बैठक में अवगत कराया गया कि पूरे मण्डल में 26 गौशालाएं एनजीओ द्वारा संच. ालित हैं, जिसमें 12 अस्थायी तथा 14 वृहद गौ संरक्षण केन्द्र हैं। जिसपर निर्देश दिए गए कि एनजीओ द्वारा संचालित गौशालाओं का विशेष ध्यान दिया जाए, और व्यवस्थाएं दुरूस्त करवायी जाएं। बैठक में अवगत कराया गया कि जनपद पीलीभीत की गौशालाओं में 100 प्रतिशत कैमरे लग गए हैं, अन्य जनपदों में भी इस दिशा में कार्य किया जा रहा है।

बैठक में 'मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना की समीक्षा की गयी। जिसपर अवगत कराया गया कि योजनान्तर्गत मण्डल का वार्षिक लक्ष्य 7800 है, मण्डल में 11236 पत्रावलियां बैंकों को भेजी गयी हैं, जिनमें से 2608 आवेदन स्वीकृत हुए हैं, 2242 लोगों को ऋण वितरण किया गया। योजना की प्रदेश स्तरीय रैंकिंग में जनपद बरेली 7वें स्थान पर है। बैठक में आकांक्षात्मक विकासखण्डों की समीक्षा के दौरान जनपद बदायूं के विकासखण्ड अम्बियापुर, आसफपुर, कादरचौक, सलारपुर, उसवां, वजीरगंज, बरेली के विकासखण्ड बहेड़ी, दमखोदा (रिच्छा), फतेहगंज पश्चिमी, मझगवां, शेरगढ़ तथा पीलीभीत के विकासखण्ड पुरनपुर की विभिन्न पैरामीटर पर समीक्षा की गयी। बैठक में संयुक्त विकास आयुक्त प्रदीप कुमार, अपर आयुक्त न्यायिक प्रीति जायसवाल, जिलाधिकारी बरेली अविनाश सिंह, जिलाधिकारी बदायूं अवनीश राय, जिलाधिकारी शाहजहांपुर धर्मेन्द्र प्रताप सिंह, सम्बंधित मुख्य विकास अधिकारी, कार्यदायी संस्थाओं सहित मण्डल स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

**शाह टाइम्स आपके साथ....**

**हमें बताएं अपने इलाके की समस्या**

प्रिय पाठक, शहर में यदि आपके घर के आसपास या इलाके में सड़क टूटी होने, कूड़ा न उठने जैसी कोई ऐसी समस्या है जो तमाम लोगों को परेशान कर रही है तो फोटो के साथ हमें लिख भेजें। हम आपकी समस्या को प्रमुखता से अपने अगले अंक में प्रकाशित करेंगे। शाह टाइम्स के व्हाट्सएप नंबर 9720775874 पर अपनी समस्या आप हमें भेज सकते हैं।

# निक्की हत्याकांड में ससुर और जेठ गिरफ्तार

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नोएडा।** बुटीक संचालिका निक्की भाटी की हत्या के मामले में ससुर सतवीर (55) व जेठ रोहित भाटी (30) को कासना कोतवाली पुलिस ने सोमवार को गिरफ्तार कर लिया। घटना के बाद से आरोपी फरार चल रहे थे। पुलिस ने सास दया, ससुर और जेठ को सूरजपुर स्थित कोर्ट में पेश किया।

तीनों को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। पुलिस आरोपी पति विपिन भाटी को रविवार को जेल भेज चुकी है। पत्नी की जलाकर हत्या करने के मामले में एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। 59 सेकंड के वीडियो में देखा जा सकता है कि एक युवक घर के पास सफेद रंग की कार के पास खड़ा है। आग लगने के बाद चिल्लाने और शोर की आवाज सुनने के बाद एक युवक और अन्य लोग तेजी से गली में भागते हैं। परिजन सोनू भाटी का कहना है कि घर की ओर भागने वाले कोई और नहीं बल्कि विपिन, उसके पिता और पड़ोसी हैं। वीडियो सामने आने के बाद विपिन भाटी के परिवार के समर्थन में परिजन और गांव के कई लोग सोमवार सुबह घर के बाहर एकजुट हुए। उन्होंने कहा कि विपिन के परिवार को जबरन फंसाया जा रहा है। घटना के वक्त विपिन सहित पूरा परिवार बाहर था। उसके साथ तीनों बच्चे भी थे। सरकार और प्रशासन से मांग है कि मामले में निष्पक्ष जांच की जाए।

वीडियो में देखा जा सकता है कि विपिन और उसके पिता घर के बाहर थे। सास दया दूध लेने के लिए गई थी। जेठ अपने काम से बाहर गया था। जब ससुराल पक्ष के सभी लोग घर के बाहर थे, तो वह कैसे महिला को आग लगा सकते हैं। विपिन का परिवार सक्षम है। घटना के वक्त विपिन घर के नीचे था और गाड़ी धोने की तैयारी कर रहा था। शादी के आठ साल से अधिक हो चुके हैं। परिजन आज जो दहेज उत्पीड़न का आरोप लगा रहे हैं, उन्होंने पहले कोई शिकायत क्यों नहीं की। दहेज के आरोप बेबुनियाद हैं। पति-पत्नी की आपस में लड़ाई होती थी। विपिन ने कभी में ससुर की मर्सिडीज की मांग नहीं की। विपिन और उसके परिवार के लोग निक्की और उसकी बहन कंचन को इंस्टाग्राम पर वीडियो बनाने के साथ घर पर बुटीक और पार्लर चलाने से मना करते थे। निक्की और उसकी बहन इंस्टाग्राम और रील बनाने की शौकीन थी। इसी कारण कहासुनी होती थी। निक्की के मार पिटाई का जो वीडियो वायरल हो रहा है, वह वीडियो पिछले साल सर्दियों का है। विपिन की मां दया ने शॉल ओढ़ रखा है। वीडियो में देखा जा सकता है कि विपिन के कमर से खून निकल रहा है। विपिन को पहले निक्की ने गुस्से में कैंची मारी थी, जिसके बाद दोनों में मारपीट हुई थी। इस वीडियो को एडिट कर कंचन और उसके परिवार वालों की तरफ से जनता के सामने पेश किया जा रहा है।

विपिन को एकतरफा कार्रवाई में फंसाया जा रहा है। निक्की ने स्वयं आग लगाकर आत्महत्या की है। घटना का वीडियो उसकी बहन ने बनाया है। उसने बच्चों को भी गलत बयानबाजी करने के लिए कहा है।





> नामजद आरोपी ससुर और जेठ को गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपी पति और सास को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। सभी पहलुओं की जांच की जा रही है।
> -सुधीर कुमार, एडिशनल डीसीपी, ग्रेटर नोएडा

# सेक्टर-31 में जर्जर इमारत की छत गिरी, बड़ा हादसा टला

शाह टाइम्स संवाददाता

**नोएडा।** सेक्टर-31 में 1980 के दशक में बने एक सरकारी आवास की छत अचानक गिर गई। गनीमत रही कि इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई। जानकारी के अनुसार, मकान की छत पर तीन मोटे स्लैब रखे थे, जो लंबे समय से पानी के रिसाव और रखरखाव के अभाव में कमजोर हो गए थे। रविवार को पानी के दबाव के कारण छत अचानक गिर गई।

घटना की सूचना मिलते ही प्राधिकरण के अधिकारी मौके पर पहुँच गए। महानगर प्रबंधक (सिविल) एस.पी. सिंह, महानगर प्रबंधक (निरीक्षण) मीना भागवत और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। टीम ने पाया कि वर्षों से मरम्मत न होने और लगातार पानी के रिसाव के कारण छत की मजबूती कमजोर हो गई थी।

गौरतलब है कि सेक्टर-31 में एलआईजी श्रेणी के कुल 128 आवासीय फ्लैट बने हैं। इनमें से कई मकानों की हालत बेहद खराब हो चुकी है।



नोएडा प्राधिकरण ने माना है कि जिन भवनों का रखरखाव नहीं किया गया और जिनके मूल ढांचे में बदलाव किए गए, वे अब जर्जर अवस्था में पहुँच गए हैं।

प्राधिकरण ने सभी आवंटियों से अपील की है कि वे तत्काल जर्जर मकान खाली कर सुरक्षित स्थानों पर चले जाएँ, ताकि किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना से बचा जा सके।

## गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के कर्मचारी की ट्रेन से कटकर मौत

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर रेलवे स्टेशन पर सोमवार सुबह एक हादसा हुआ। गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी बिजेंद्र सिंह (55) की ट्रेन से कटकर मौत हो गई। बिजेंद्र सिंह बागपुर गांव थाना दनकौर के रहने वाले थे। वह सुबह के समय रेलवे ट्रैक पार कर रहे थे। इसी दौरान तेज रफ्तार पट ट्रेन की चपेट में आ गए। घटना में मौके पर ही उनकी मौत हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पंचायतनामा की कार्रवाई शुरू कर दी है। दनकौर पुलिस ने मृतक के परिजनों को घटना की जानकारी दे दी है।

# कार व बाइक की टक्कर में चार की मौत

■ एक ही बाइक पर सवार होकर जा रहे थे चारों दोस्त

शाह टाइम्स संवाददाता

**नोएडा।** ईकोटेक-3 कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत गांव कुलेसरा पुस्ता रोड पर सोमवार को दर्दनाक सड़क हादसे में चार किशोरों की जान चली गई। सभी मृतक दोस्त एक ही बाइक पर सवार होकर जा रहे थे। तभी सामने से आ रही वैगनआर कार से उनकी टक्कर हो गई। हादसे में घायल हुए चारों किशोरों को उपचार के लिए सेक्टर-39 जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया और पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई।



पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मृतकों की पहचान सुमित, लवकुश, रिहान और मोनू ठाकुर के रूप में हुई है। सभी की उम्र 16 से 18 वर्ष के बीच है। चारों दोस्त सोमवार को टीवीएस राइडर बाइक पर सवार होकर कहीं जा रहे थे। गांव कुलेसरा पुस्ता रोड पर अचानक सामने से आ रही वैगनआर कार (नंबर यूपी 16 सीआर 3293) ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी।टक्कर इतनी जोरदार थी कि चारों युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने तुरंत घटना की सूचना पुलिस को दी और घायलों को अस्पताल पहुंचाया। लेकिन चिकित्सकों ने उपचार के दौरान चारों को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने हादसे में शामिल कार को कब्जे में ले लिया है और कार चालक को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

**गांव में गमगीन माहौल:** मृतकों के शवों को पुलिस ने कब्जे में लेकर पंचायतनामा भरते हुए पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा है। हादसे की खबर मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और रो-रोकर बेहाल हो गए। गांव में मातम पसरा हुआ है। एक साथ चार युवा दोस्तों की मौत से गांव में गमगीन माहौल है।

बड़ा सवाल क्या चारों ने हेलमेट लगाया था या नहीं: ईकोटेक-3 कोतवाली प्रभारी अजय कुमार का कहना है कि घटना की तहरीर पर आवश्यक कार्यवाही की जा रही है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। कार चालक की लापरवाही की भी जांच की जा रही है। पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि बाइक सवार ने हेलमेट लगाया था कि नहीं।

## एक नजर

### गणपति के स्वागत की तैयारी में जुटे भक्त, प्रतिमाएं से सजा बाजार

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** गणपत्ति बप्पा के आगमन के लिए शहर के बाजार सज गए हैं। गणेश चतुर्थी 27 अगस्त से छह सितंबर तक है। बाजारों में कई स्थानों पर भगवान की मूर्तियां की खरीदारी की जा रही है। इस बार मिट्टी और अन्य पदार्थों से बनीं इको फ्रेंडली मूर्तियां लोगों की पहली पसंद बन रही है। बाजार में मूर्तियां की कीमत 150 रुपये से शुरू होकर पांच हजार रुपये तक है। मूर्ति विक्रेता मनोज ने बताया कि ज्यादातर लोग छोटी मूर्तियों की खरीदारी करना पसंद कर रहें हैं क्योंकि लोग इनका विसर्जन घर के अंदर ही कर देते हैं। यह मूर्तियां इको फ्रेंडली होती हैं, इसलिए इनकी मांग ज्यादा है।

इनमें प्राकृतिक रंग जैसे हल्दी, चंदन और फूल का इस्तेमाल होते हैं। ये पानी में आसानी से घुल जाती हैं । आठ फीट तक की प्रतिमाएं: बाजार में इस बार आधा फीट से लेकर आठ फीट तक की गणेश मूर्तियां उपलब्ध हैं। लोगों को सबसे ज्यादा चार से आठ फीट तक की मूर्तियां पसंद आ रही हैं। लोगो छोटी मूर्तियों को भी खरीद रहे हैं। बीएसएनएल चौराहे पर स्थित मूर्ती कारीगर ने बताया कि पिछले वर्ष के अपेक्षा में इस बार मूर्तियों के लिए अच्छे ऑर्डर आए हैं। हालांकि, बाजार में मिट्टी की गणेश प्रतिमाएं खरीदना महंगा हो गया है। बारिश के कारण मिट्टी की आपूर्ति बाधित हुई है, जिसके कारण इस बार कीमतें भी बढ़ गई हैं।

### चलती कार में लगी आग ड्राइवर ने कूदकर बचाई जान

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** सेक्टर-64 में रविवार को एक चलती कार में अचानक से आग लग गई। चालक ने सूझबूझ दिखाते हुए तुरंत कार को साइड में लगाया और कूदकर अपनी जान बचाई। गनीमत रही कि हादसे में किसी को चोट नहीं आई। मौके पर मौजूद लोगों ने तुरंत पुलिस और फायर ब्रिगेड को सूचना दी। थोड़ी ही देर में दमकल की दो गाड़ियां पहुंचीं और करीब 20 मिनट की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। इस दौरान किसी तरह की अफरातफरी न हो, इसके लिए यातायात पुलिस ने ट्रैफिक को डायवर्ट कर दिया। चीफ फायर ऑफिसर (सीएफओ) प्रदीप कुमार चौबे ने बताया कि चालक की सूझबूझ से बड़ा हादसा टल गया। हालांकि आग इतनी भीषण थी कि पूरी कार जलकर राख हो गई। मौके पर मौजूद लोगों के मुताबिक, जिस समय कार में आग लगी, आसपास से कई लोग गुजर रहे थे।

**शॉर्ट सर्किट हो सकती है वजह:** शुरुआती जांच में कार में आग लगने की वजह शॉर्ट सर्किट मानी जा रही है। हालांकि दमकल विभाग और पुलिस इसकी तकनीकी जांच कर रही है, जिससे सही कारणों का पता लगाया जा सके।

**बड़ा हादसा टला:** कार में आग लगते ही कुछ समय के लिए इलाके में अफरा-तफरी मच गई। लोग घटनास्थल से दूर भागे और ट्रैफिक रोक दिया गया। पुलिस और दमकल की तत्परता से स्थिति जल्द ही नियंत्रण में आ गई। राहत की बात यह रही कि इस हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ, लेकिन कार मालिक को लाखों का नुकसान उठाना पड़ा है।

### 5928 खरीदारों की रजिस्ट्री अटकी

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** नोएडा प्राधिकरण क्षेत्र स्थित 22 ग्रुप हाउसिंग परियोजनाएं भले ही पूरी तरह बनकर तैयार हो चुकी है, लेकिन इनमें फ्लैट खरीदारों को अब तक उनके घर की रजिस्ट्री नहीं मिल सकी है। बिल्डरों द्वारा प्राधिकरण का बकाया भुगतान नहीं किए जाने से रजिस्ट्री नहीं हो पा रही है। प्राधिकरण के मुताबिक 22 परियोजनाओं में कुल 5928 फ्लैटों की रजिस्ट्री फंसी हुई है। नोएडा प्राधिकरण ने इन परियोजनाओं और संबंधित बिल्डरों की विस्तृत सूची तैयार कर ली है जिसे अंतिम परीक्षण के बाद जल्द ही सार्वजनिक किया जाएगा। खास बात यह है कि इन सभी परियोजनाओं में निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है। किसी भी परियोजना से जुड़ा कोई कानूनी मामला अदालत में लंबित नहीं है।

**खरीदारों को हो रही परेशानी:** प्राधिकरण का कहना है कि रजिस्ट्री अटकने से सबसे ज्यादा नुकसान फ्लैट खरीदारों को हो रहा है जिनमें से कई वर्षों से अपने मकानों में रह रहे है। कानूनी हक उन्हें अब तक नहीं मिल पाया है। इनमें से कुछ बिल्डरों ने आंशिक रूप से बकाया राशि का भुगतान पूर्व में किया है, जिससे कुछ रजिस्ट्रियां हुई भी है। लेकिन कुल बकाया के अनुपात में बड़ी संख्या में रजिस्ट्रियां अब भी लंबित है।

**राहत के बावजूद नहीं चुकाया बकाया:** प्राधिकरण द्वारा इन बिल्डरों को कई बार बकाया भुगतान के लिए मौके और नीतिगत राहत दी गई। दिसंबर 2023 में केंद्र सरकार द्वारा गठित अमिताभकांत समिति की सिफारिशों पर लागू की गई जीरो पीरियड पॉलिसी में भी इन बिल्डरों को शामिल किया गया।

# यमुना सिटी में अगले वर्ष से खुलेंगे रोजगार के द्वार

शाह टाइम्स संवाददाता

**ग्रेटर नोएडा।** यमुना विकास प्राधिकरण क्षेत्र में अगले वर्ष से रोजगार के द्वार खुल जाएंगे। इसके लिए यमुना विकास प्राधिकरण (यीडा) औद्योगिक इकाई का फैक्टरी एक्ट के तहत पंजीकरण पर जोर दे रही है। बीते एक माह में करीब आठ कंपनियों ने इसके अंतर्गत पंजीकरण कराया है। प्राधिकरण के अधिकारी ने बताया कि जिले में फैक्टरी एक्ट के तहत काफी कम कंपनियां पंजीकरण कराती है। इसका असर प्रदेश की जीडीपी के साथ ही काम करने वालों की सुरक्षा, स्वास्थ्य और कल्याण पर भी पड़ता है। यमुना सिटी में सेक्टर-24, 24ए, 29, 30, 32, 33 को औद्योगिक सेक्टरों के रूप में विकसित किया गया है।

सेक्टर में अबतक 3041 भूखंडों का आवंटन किया जा चुका। इनमें से 2297 को चेकलिस्ट जारी की जा चुकी, जबकि 1836 लीजडीड करा चुके हैं। उसके बावजूद अभी तक सिर्फ 990 ने नक्शा पास कराया है जबकि 15 कंपनियां ही संचालित है। 16 जुलाई तक शहर में संचालित 15 में से सिर्फ तीन कंपनियों ने ही फैक्टरी एक्ट के तहत अपना पंजीकरण कराया था, जिसकी संख्या अब आठ हो गई है। प्राधिकरण का दावा है कि वर्तमान में क्षेत्र में कुल 242 कंपनियों के निर्माण की प्रक्रिया चल रही है। अगले वर्ष तक कुल 100 कंपनियों में उत्पादन शुरू हो जाएगा, ऐसे में शहर में युवाओं के लिए रोजगार के द्वार भी खुलेंगे व एयरपोर्ट से उड़ान के साथ ही औद्योगिक गतिविधियां भी तेज होगी।

एक औद्योगिक भूखंड पर 14 दावेदार यमुना विकास प्राधिकरण की औद्योगिक भूखंड योजना में उद्यमियों की अच्छी प्रतिक्रिया देखने को मिली है। प्राधिकरण ने जून में सेक्टर-29, 32, 33 और 8000 वर्गमीटर से छोटे 37 और इससे बड़े क्षेत्रफल के पांच औद्योगिक भूखंडों की योजना को शुरू किया था। इसके अलावा सेक्टर-24ए में मिक्स लैंड यूज के लिए 19 भूखंडों की योजना आई थी। योजना के तहत आवेदन की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। प्राधिकरण के मुताबिक 8000 वर्गमीटर से छोटे 37 भूखंडों पर कुल 528 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जबकि इससे बड़े क्षेत्रफल के पांच भूखंडों के सापेक्ष 75 आवेदन आए हैं। ऐसे में एक भूखंड पर 14 से 15 आवेदकों की दावेदारी है। वहीं, मिक्स लैंड यूज के 19 भूखंडों पर भी 30 आवेदन प्राप्त हुए हैं। बताया गया कि 8000 वर्गमीटर से छोटे भूखंडों का आवंटन ई नीलामी व इससे बड़े भूखंड साक्षात्कार के माध्यम से आवंटित किए जाएंगे। बीते एक माह का औद्योगिक गतिविधियों का विवरण कार्य जुलाई अबतक फैक्टरी एक्ट के तहत पंजीकरण 03 08 फैक्टरियों का लगभग पूरा निर्माण 64 82 फैक्टरियों का छत तक निर्माण 45 75 फैक्टरियों की नींव का निर्माण 35 43 फैक्टरियों का फाउंडेशन 37 46 शहर में औद्योगिक गतिविधियां तेज हो इसके लिए उद्यमियों से लगातार संपर्क किया जा रहा है।

> 18 माह में शहर में रोजगार के द्वार खोलने के प्रयास हैं, इसके लिए कार्ययोजना बनाकर काम किया जा रहा है।
> - आरके सिंह, सीईओ यमुना प्राधिकरण

## डेंगू के तीन नए मरीज मिले

**नोएडा।** डेंगू के तीन नए मरीजों की पुष्टि सोमवार को मलेरिया विभाग ने की। तीनों मरीजों का इलाज घर में चल रहा है। जिले में अब कुल मरीजों की संख्या 44 हो गई है। मलेरिया के भी दो मरीज की पुष्टि हुई है। इस बीमारी से पीड़ित मरीजों की संख्या 53 हो गई है। जल भराव और लार्वा पनपने के स्थान मिलने पर एक महीने में 50 लोगों और संस्थानों को नोटिस जारी किया गया है। घर घर कूलर, फ्रिज ट्रे, जलभराव आदि जांच चल रही है। जिला मलेरिया अधिकारी श्रुति कीर्ति वर्मा ने बताया कि मच्छर जनित बीमारियों से बचाओ को लेकर कार्य किए जा रहे हैं।

# ग्राहकों के 7.56 लाख रुपये लेकर कंपनी का पूर्व कर्मी फरार

शाह टाइम्स संवाददाता

**नोएडा।** हॉलिडे और ट्रैवल प्लान करने वाली एक कंपनी का पूर्व कर्मचारी ग्राहकों के साढ़े सात लाख रुपये लेकर फरार हो गया। कंपनी प्रबंधन ने अदालत के आदेश पर फेज-वन थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। सेक्टर-11 में रहने वाले राकेश रंजन ने न्यायालय में दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि सेक्टर-4 में उनकी एपिक यात्रा के नाम से कंपनी का कार्यालय है।

कंपनी में 9 जनवरी 2025 को प्रयागराज के प्रीतमनगर निवासी अमित सचान ने बतौर सेल्स एग्जीक्यूटिब के पद पर नौकरी प्राप्त की थी। प्रयागराज में आयोजित हुए महाकुंभ के दौरान आरोपी ने अच्छा कार्य किया। कंपनी द्वारा आरोपी को नियुक्ति करते समय एक मोबाइल सिम जारी किया गया था। एक मार्च 2025 से 20 अप्रैल 2025 तक आरोपी ने कंपनी में कार्य किया। इसके बाद से लगातार ग्राहकों के फोन कंपनी के पास आने लगे।

जानकारी करने पर पता चला कि 21 अप्रैल 2024 से अमित सचान मोबाइल फोन बंद करके गायब है। कंपनी के 30 हजार रुपये वेतन के और कुछ ग्राहकों से केदारनाथ धाम के लिए हेलीकॉप्टर टिकट आदि के नाम पर सात लाख 56 हजार रुपये ऑनलाइन अपने खाते में ट्रांसफर कराए हैं। इनमें सत्य नारायण शेट्टी से 2.38 लाख रुपये, रवि कुमार से 1.60 लाख रुपये, अमित ओम प्रकाश तिवारी से 64 हजार रुपये, ममता दास से 18 हजार रुपये, कृष्ण कुमार पाडिया से 90 हजार रुपये, आशुतोष धर्म सिंह पटेल से 99 हजार रुपये, भारत भूषण से 1.63 लाख रुपये, केसी शर्मा से 40 हजार रुपये, ज्योति कुलयाल से 47 हजार रुपये लिए थे। थाना स्तर से सुनवाई न होने पर कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। थाना प्रभारी निरीक्षक का कहना है कि कोर्ट के आदेश पर मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

# बारिश से कई जगह हुआ जलभराव, जाम में भी जूझे लोग

शाह टाइम्स संवाददाता

**नोएडा।** सप्ताह के पहले दिन सोमवार को वाहनों के अधिक दबाव व बारिश की वजह से लोगों को कई जगह जाम में फंसना पड़ा। कालिंदी कुंज, सेक्टर-16ए फिल्म सिटी मार्ग, सेक्टर-62 मॉडल टाउन गोलचक्कर सहित कई स्थानों पर वाहनों की लंबी कतार लगी रही। बारिश की वजह से सड़कों पर जलभराव से भी लोगों को परेशानी उठानी पड़ी। बाकी दिनों के मुकाबले सोमवार को सड़कों पर वाहनों का काफी दबाव रहता है। सोमवार सुबह से ही बारिश होनी शुरू हो गई थी। इससे पहले रविवार रात को भी रूक-रूककर बारिश होती रही। बारिश की वजह से शहर में कई स्थानों पर जलभराव हो गया।



एमपी वन मार्ग पर सेक्टर-19 टेलीफोन एक्सचेंज के सामने, सेक्टर-10 के सामने बने यू-टर्न, सेक्टर-21ए पेट्रोल पंप के सामने के अलावा सेक्टर-31 निठारी के सामने, सेक्टर-95 दलित प्रेरणा स्थल के सामने समेत कई स्थानों पर सड़कों पर पानी भर गया। इस दौरान यहां से गुजर रहे वाहनों की रफ्तार धीमी रही। यहां से गुजर रहे खासतौर से दोपहिया वाहन चालकों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। जलभराव के अलावा कई स्थानों पर लोगों को जाम में भी फंसना पड़ा। कालिंदी कुंज, सेक्टर-16ए फिल्म सिटी मार्ग, सेक्टर-62 मॉडल टाउन गोलचक्कर, सेक्टर-63 छिजारसी, सेक्टर-63 एनआईबी पुलिस चौकी, सेक्टर-57 लेबर चौराहा, पर्थला गोलचक्कर आदि स्थानों पर लोगों को सुबह-शाम जाम में फंसना पड़ा। इन जगह सुबह आठ बजे से ही जाम लगना शुरू हो गया था। करीब साढ़े ग्यारह बजे के बाद यातायात सामान्य हो सका। शाम को भी इन जगह वाहनों की लंबी कतारें लगी रहीं। सेक्टर-12 में रहने वाले विवेक कुमार ने बताया कि सोमवार सुबह वह कालिंदी कुंज रास्ते से बदरपुर जा रहे थे। करीब सवा एक घंटे में वह सेक्टर-37 से कालिंदी कुंज लालबत्ती को पार कर सके। इस रास्ते पर आए दिन जाम लगने के बावजूद संबंधित विभाग समाधान नहीं कर रहे हैं। सेक्टर-34 में रहने वाले समरजीत ने बताया कि शाम को डीएनडी पर दिल्ली की ओर से लौटते समय टोल प्लाजा से पहले ही जाम में फंस गए थे। करीब पौने घंटे तक यहां जाम में फंसकर रास्ते को पार कर सके। इस बारे में यातायात पुलिस के अधिकारियों का कहना है कि सोमवार को सड़कों पर वाहनों का दबाव अधिक था। सभी मुख्य प्वाइंट पर पुलिसकर्मी तैनात थे। बारिश की वजह से भी वाहनों की रफ्तार पर असर पड़ा।

## चोरी की बाइक के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

**नोएडा।** बीटा-2 कोतवाली पुलिस ने सोमवार को नट मढ़ैया गोल चक्कर के पास से चोरी के बाइक के साथ दो आरोपियों की गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान अनुज निवासी अंधियार, जहांगीराबाद और विशु निवासी झबीरन बुलंदशहर के रूप में हुई। उप निरीक्षक राहुल कुमार ने बताया कि सोमवार को वह चौकिंग कर रहे थे, तभी एच्छर में नट मढैया गोल चक्कर पर चेकिंग के दौरान उन्हें दो बाइक आती दिखाई दी। दोनो बाइक सवारों को रुकने का इशारा किया तो उन्होंने बाइक की गति बढ़ा दी, जिन्हें पीछा कर पकड़ लिया गया। आरोपियों ने बताया कि वह फिलहाल तिलपता में किराये पर रहते हैं। जब उनकी बाइक का नंबर ई चालान एप पर चेक किया गया तो बाइक मुकेश कुमार निवासी गोविंद नगर पोस्ट कटघर गली नं. 5 मुरादाबाद के नाम पर पंजीकृत मिली।

# पालिताना के सिद्धवड तीर्थ पर ऐतिहासिक पर्युषण पर्व की शुरुआत

■ 1100 आराधक 21 घंटे मौन व मोबाइल त्याग कर कर रहे साधना
■ गुरु भगवंतों की निश्रा में मनाया जा रहा है 'आत्मा को जानो, आत्मा को अनुभव करो' उत्सव

**पालिताना।** जैन धर्म के इतिहास में पहली बार एक अनोखा और ऐतिहासिक पर्युषण पर्व का आयोजन पालिताना के शत्रुंजय गिरिराज की तलहटी में स्थित सिद्धवड तीर्थ की पावन भूमि पर बनाया गया 'तक्षशिला नगरी' में हो रहा है। निज में निवास, सिद्धवड में चातुर्मास की थीम के अंतर्गत 175 साधु-साध्वी भगवंतों की निश्रा में प्रतिदिन लगभग 1100 आराधक 21 घंटे का मौन धारण करेंगे और मोबाइल फोन का पूरी तरह त्याग करेंगे। यह अनुशासन भाद्रवा सुद 4 तक यानी लगभग दो महीनों तक चलेगा। आराधक प्रतिदिन 6 घंटे स्वाध्याय भी करेंगे। आचार्य हेमवल्लभसूरीश्वरजी, पन्यास लब्धिवल्लभविजयजी महाराज और पन्यास यशरत्नविजयजी महाराज की निश्रा में 'आत्मा को जानो, आत्मा को अनुभव करो' उत्सव मनाया जा रहा है। इस पूरे आयोजन का लाभ मुंबई के हिरालक्ष्मीबेन खांतीलाल शाह परिवार ने लिया है। परिवार के मुखिया पंकजभाई शाह ने बताया कि प्राकृतिक वातावरण और गुरु भगवंतों की सन्निधि में आराधक आत्मा की गहराई का अनुभव करेंगे। आचार्य हेमवल्लभसूरीश्वरजी महाराज ने प्रवचन में कहा कि सुख कहीं बाहर नहीं है, वह हमारे भीतर ही है। जब आत्मा इंद्रियों के अधीन होकर विषयों की याचना करता है तो यह सबसे करुण दृश्य बन जाता है। इस अवसर पर गुजरात के गृह मंत्री हर्षभाई संघवी और जैन अग्रणी दीपकभाई बारडोली भी उपस्थित रहे। गृह मंत्री संघवी ने मोबाइल त्याग और मौन साधना की सराहना की। शासनरत्न कुमारपाल विजयशाह ने कहा, 'बिना कारण बोलना विकृति है, जबकि मौन प्रकृति है।' उन्होंने लाभार्थी पंकजभाई के परिवार के प्रति आभार व्यक्त किया। पंकजभाई शाह ने जानकारी दी कि 3 से 7 सितंबर और 17 से 21 सितंबर के दौरान पांच दिन के दो विशेष शिविर आयोजित होंगे।

# भारत के इलेक्ट्रिक मोबिलिटी भविष्य को गति देगा केएएल

**तिरुवनंतपुरम।** केएएल लॉर्ड्स टेक्नोलॉजीज़ प्राइवेट लिमिटेड, एक अगली पीढ़ी की इलेक्ट्रिक मोबिलिटी कंपनी, ने आज अरलुमुडु स्थित केरल ऑटोमोबाइल्स लिमिटेड (केएएल) के कारखाने में अपना आधिकारिक उद्घाटन किया। यह कंपनी चार दशकों से अधिक के विनिर्माण अनुभव वाली केरल सरकार की एक उपक्रम, केरल ऑटोमोबाइल्स लिमिटेड (केएएल) और भारत के सबसे सक्रिय और नवोन्मेषी ईवी ब्रांडों में से एक, लॉर्ड्स ऑटोमेटिव प्राइवेट लिमिटेड के बीच एक रणनीतिक संयुक्त उद्यम का परिणाम है। उद्घाटन समारोह में केरल सरकार के माननीय उद्योग, विधि एवं कॉयर मंत्री पी. राजीव उपस्थित थे और इसकी अध्यक्षता नेय्याट्टिनकारा के माननीय विधायक के. अंसलन ने की। इस अवसर पर रमेश मिगलानी, निदेशक, लॉर्ड्स ऑटोमेटिव प्राइवेट लिमिटेड, वीर सिंह, सीईओ, लॉर्ड्स ऑटोमेटिव प्राइवेट लिमिटेड, एमडी, काल लॉर्ड्स टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड, डॉ. सुनील कोरगांवकर (निदेशक, लॉर्ड्स ऑटोमेटिव प्राइवेट लिमिटेड), श्रीमती एनी जुला थॉमस आईएएस (ओएसडी, उद्योग विभाग), पुल्लुविला स्टेनली (अध्यक्ष, केरल ऑटोमोबाइल्स लिमिटेड), राजमोहन (अध्यक्ष, नेय्याट्टिनकरा नगर पालिका), श्रीमती एल. रानी (अध्यक्ष, अथियान्नूर ब्लॉक पंचायत), के. अजितकुमार (कार्यकारी अध्यक्ष, पीटी) और श्रीमती अजीथा के.एस. (नगर पार्षद, अथियान्नूर) सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।



### विरासत और नवाचार की साझेदारी

1978 में स्थापित केरल ऑटोमोबाइल्स लिमिटेड, भारतीय ऑटोमोटिव क्षेत्र में एक प्रमुख खिलाड़ी रहा है। 1984 में 175 सीसी के दो-स्ट्रोक पेट्रोल थ्री-व्हीलर्स से शुरुआत करके और बाद में 1991 में 325 सीसी के डीजल मॉडल पेश करके, केएएल ने भारत और बांग्लादेश, श्रीलंका, नेपाल, सूडान, बोत्सवाना, नाइजीरिया, दक्षिण अफ्रीका, मेडागास्कर, ग्वाटेमाला और मिस्र सहित अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में 1,00,000 से ज्यादा आंतरिक दहन इंजन वाले वाहन बेचे हैं। 2019 से, केएएल ने स्वच्छ गतिशीलता को अपनाते हुए इलेक्ट्रिक थ्री-व्हीलर्स के निर्माण पर ध्यान केंद्रित किया है। कंपनी इसरो की एक विश्वसनीय भागीदार भी है, जो वीएसएससी, एलपीएससी, आईआईएसयू और ब्रह्मोस जैसे कार्यक्रमों के लिए सटीक एयरोस्पेस घटकों की आपूर्ति करती है। 2020 में स्थापित और लॉर्ड्स मार्क इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड द्वारा समर्थित लॉर्ड्स ऑटोमेटिव प्राइवेट लिमिटेड, इलेक्ट्रिक वाहन उद्योग में तेज़ी से एक प्रमुख कंपनी के रूप में उभरी है।

# बदनामी के डर से प्रेमिका ने की प्रेमी की हत्या

## अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी देकर बनाता था अवैध संबंध का दबाव

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। विवाहित प्रेमिका ने बदनामी के डर से प्रेमी के सिर में फुकनी मारकर उसकी हत्या कर दी। मोबाइल की कॉल डिटेल खंगालने पर पुलिस ने प्रेमिका को गिरफ्तार कर हत्याकांड का खुलासा कर दिया।

अमरोहा देहात थाना क्षेत्र के गांव रामहट से जुड़ा है। यहां पर रहने वाले 48 वर्षीय किसान हरपाल सिंह का प्रेम-प्रसंग पड़ोस में रहने वाली महिला मुन्नी देवी से चल रहा था। मुन्नी देवी भी विवाहित है। दोनों करीब तीन साल से मोबाइल पर बातचीत कर रहे थे। मुलाकात भी होती रहती थी। पुलिस के मुताबिक हरपाल सिंह ने मुन्नी देवी की अश्लील वीडियो बना रखी थी। इसके अलावा अश्लील बातचीत से जुड़ी ऑडियो रिकॉर्डिंग भी उसके पास थी। जिनकी धमकी देते हुए वह अवैध संबंध बनाने का दबाव बनाता रहता था। मुन्नी देवी ने गांव में बदनामी होने की बात कहकर कई बार हरपाल सिंह को समझाया कि अब पीछे हट जाए, बच्चे बड़े हो रहे हैं, ये सब गलत है लेकिन बावजूद इसके हरपाल सिंह नहीं माना और अवैध संबंध बनाने को लेकर मुन्नी देवी को परेशान करता है। इतना ही नहीं इनकार करने पर उसने



अश्लील वीडियो व ऑडियो रिकॉर्डिंग मुन्नी देवी के बेटों को भेजने की भी धमकी दे डाली। आए दिन की धमकियों से परेशान मुन्नी देवी ने शनिवार देर धोखे से मुलाकात के बहाने उसे जंगल में बुलाया था। दोनों गन्ने के खेत में छिपकर बात कर रहे थे। उसी दौरान मुन्नी ने फुंकनी से सिर में ताबड़तोड़ वार कर हरपाल सिंह की हत्या कर दी और घर चली गई। उधर, 24 घंटे से लापता होने पर परिजनों ने हरपाल की तलाश शुरू कर दी। इसी बीच रविवार शाम उसका शव लोगों ने खेत में पड़ा हुआ देखा। पुलिस भी मौके पर पहुंची तथा मामले की पड़ताल की। मोबाइल की कॉल डिटेल के आधार पर पुलिस ने जब मुन्नी देवी को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो सख्ती बरतते ही उसने प्रेम-प्रसंग की शुरुआत से लेकर हत्या तक का पूरा घटनाक्रम उगल दिया। सीओ अवधभान सिंह भदौरिया ने बताया कि हत्यारोपी मुन्नी देवी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया है। निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त फुंकनी बरामद कर ली है। दोनों के बीच प्रेम-प्रसंग था, अवैध संबंध का दबाव बनाने पर उसने हत्या करना स्वीकार किया है।



गजरौला। श्री वेंक्टेश्वरा विवि में काव्य गोष्ठी का शुभारंभ करते विवि अधिकारी व अतिथिगण।

## अग्रवाल समाज के चुनाव में नया विवाद

**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा**। नगर का प्रतिष्ठित अग्रवाल समाज रविवार को उस समय चर्चा में रहा जब समाज का चुनाव सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में निर्विरोध सम्पन्न हुआ। समाज ने भाईचारे की मिसाल पेश करते हुए सर्वसम्मति से पंकज सिंघल को अध्यक्ष, सिम्मी अग्रवाल को महिला अध्यक्ष और अक्षय अग्रवाल को युवा अध्यक्ष चुना। चुनाव में महिलाओं, युवाओं और वरिष्ठों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। मिठाई बांटी गई और जयकारों के बीच नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का स्वागत किया गया। अध्यक्ष बने पंकज सिंघल ने समाज को शिक्षा और सेवा कार्यों से जोड़ने की बात कही, जबकि महिला अध्यक्ष सिम्मी अग्रवाल ने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए शिविर और कार्यशालाओं के आयोजन पर जोर दिया।

# शिफा न प्रेमी राहुल के साथ रहने की इच्छा जताई

## पुलिस ने शिफा को राहुल के परिजनों को सौंपा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जोया**। धर्म बदलकर दूसरे सम्प्रदाय के युवक के साथ शादी रचाने वाली शिफा ने खुद को बालिग बताते प्रेमी राहुल के साथ रहने की इच्छा जतायी। जिस पर पुलिस ने शिफा को राहुल की रिश्तेदार महिला के सुपुर्द कर दिया।

जानकारी के मुताबिक डिडौली कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी किसान की बेटी शिफा का पड़ोस में किराए के मकान में रहने वाले गैर संप्रदाय के युवक राहुल के साथ प्रेम-प्रसंग शुरू हो गया था। राहुल चौधरपुर स्थित एक फैक्ट्री में नौकरी करता था।परिजनों ने शादी कराने से इनकार कर दिया था लिहाजा बीती 23 फरवरी को वह राहुल के साथ घर से फरार हो गई थी। इसके बाद दिल्ली पहुंचकर प्रेमी युगल ने वहां एक आर्य समाज मंदिर में सात फेरे ले लिए थे। शिफा ने अपना नाम बदलकर रानी रख लिया तथा धर्म भी बदल लिया था। फिलहाल दोनों अलीगढ़ में अपने घर में रह रहे थे। वहीं, शिफा के परिजनों ने डिडौली कोतवाली में उसकी गुमशुदगी दर्ज कराई थी। लोकेशन मिलने पर शनिवार को डिडौली पुलिस शिफा उर्फ रानी को अलीगढ से बरामद किया था। उसे सेफ हाउस में रखा गया था। सोमवार को पुलिस ने उसे अदालत में पेश कर बयान दर्ज कराए। शिफा उर्फ रानी ने खुद को बालिग बताते हुए राहुल से शादी करने की बात कही। पति के साथ रहने की रजामंदी दी। प्रभारी निरीक्षक हरीशवर्धन सिंह ने बताया कि अदालत के आदेश पर शिफा उर्फ रानी को उसके पति के पास अलीगढ़ भेज दिया गया है। ससुराल से आई एक महिला को उसकी सुपुर्दगी दे दी गई है

# धरने पर बैठे वकील, मांग पूरी होने तक जारी रहेगा आंदोलन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। सदर तहसील बार एसोसिएशन पदाधिकारियों ने नवीन तहसील परिसर में उप निबंधक कार्यालय की मांग को लेकर आर-पार की लड़ाई का ऐलान किया है। सोमवार से अनिश्चतकालीन धरने पर बैठे पदाधिकारियों/अधिवक्ताओं ने कहा कि जब तक उनकी मांग पूरी नहीं होगी, आंदोलन जारी रहेगा। सदर तहसील बार एसोसिएशन के अध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह एडवोकेट व महासचिव सतेंद्र पाल सिंह एडवोकेट के संयुक्त नेतृत्व में सोमवार को उप निबंधक कार्यालय को नवीन तहसील परिसर में स्थापित करने को लेकर धरना-प्रदर्शन किया गया। सभी अधिवक्ताओं एक स्वर में उप निबंधक कार्यालय नवीन तहसील में बनाने की बात कही। शासन से घोषण न होने तक कार्य बहिष्कार का ऐलान किया। अध्यक्ष ने सुरेन्द्र सिंह एडवोकेट ने कहा कि वर्तमान तहसील परिसर में उपनिबंधक कार्यालय, नियत प्राधिकारी विनियमित क्षेत्र कार्यालय, एसडीएम व तहसीलदार कार्यालय एक ही स्थान पर है। गुलड़िया में निर्माणाधीन तहसील भवन में यह कार्यालय प्रस्तावित नहीं हैं। इन कार्यालयों का निर्माण अलग-अलग स्थानों पर प्रस्तावित है। जिनकी आपस में दूरी लगभग 8 से 10 किलोमीटर की परिधि क्षेत्र में है। इससे जनता को अत्यधिक कठिनाईयों का सामना करना पड़ेगा। उनकी मांग है कि नवीन तहसील परिसर में ही उपनिबंधक कार्यालय, एसडीएम कार्यालय और नियत प्राधिकारी विनियमित क्षेत्र कार्यालय स्थापित किया जाएं। इसके अलावा अधिवक्ताओं के लिए स्थाई चेंबर्स एवं बार भवन का निर्माण कार्य शीघ्र कराया जाए। जब तक उनकी यह मांग पूरी नहीं होगी, तब तक वे न्यायिक कार्य का बहिष्कार करेंगे। उधर, भाकियू शंकर के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी दिवाकर सिंह ने भी बार एसोसिएशन को अपना समर्थन दिया। विरोध-प्रदर्शन में महफूज

### नए तहसील में भवन में उपनिबंधक कार्यालय की मांग




अली, मुस्ते हसन खान, एसपी सक्सैना, आसिफ हसन, पुष्करलाल गुप्ता, शमीम अहमद, प्रमोद भटनागर, हबीब अहमद, चंद्रपाल सिंह, शकील अहमद, मंसूर अहमद, शौकीन मंसूरी, गौरव शर्मा, अभिनव सक्सैना आदि अधिवक्ता उपस्थित रहें।

# परियोजना निदेशक के खिलाफ आरपार की लड़ाई का ऐलान

## जिलाध्यक्ष के अपमान पर भड़के जिलेभर के मनरेगा कर्मचारी, 28 अगस्त को विकास भवन में देंगे धरना

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**जोया/रहरा, हसनपुर/मंडी धनौरा**। मनरेगा कर्मियों ने परियोजना निदेशक के खिलाफ आरपार की लड़ाई का ऐलान कर दिया है। वह 28 अगस्त को विकास भवन में धरना देंगे। जब परियोजना निदेशक पर कार्रवाई नहीं हो जाती आंदोलन जारी रहेगा।

जोया ब्लाक के रोजगार सेवकों ने खंड विकास अधिकारी लोकेन्द्र सिंह को ज्ञापन सौंपा। जिसमें उन्होंने बताया कि 22 अगस्त को जिला कार्यकारिणी के सदस्य काप सर्वे व रिक्त पंचायत के आवंटन के संबंध में उपायुक्त श्रम से मिलने पहुंचे थे। जहां उन्होने जिलाध्यक्ष कुबेर सिंह से तूतड़ाक की थी। इसके विरोध में 28 को विकास भवन में धरना प्रदर्शन किया जायेगा। ज्ञापन सौंपने वालों में नवनीत सिंह, ओमपाल सिंह, वसीम, जावेद, विजेन्द्र सिंह, जेपी सिंह आदि शामिल रहे। उधर रहरा ब्लाक के मनरेगा कर्मियों ने भी इस लड़ाई में साथ देने क ऐलान किया। उन्होंने चेतावनी दी









कि जब तक परियोजना निदेशक को नहीं हटाया जाता वह चुप नहीं बैठेंगे। उधर हसनपुर में रोजगार सेवक संघ ने परियोजना निदेशक के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए उन्हें पद से हटाये जाने की मांग की है। धरना प्रदर्शन करने वालों में अध्यक्ष विजेंद्र राणा, मुमताज अली, मनोज चौधरी, महेश चंद, दीपक चौधरी, नरेंद्र चौहान, कोमल सिंह, बृज किशोर, सुभाष सिंह, प्रीतम सिंह, सचिन कुमार, पारुल, सुमन लता, दिनेश, लोकेंद्र आदि मौजूद थे। उधर मंडी **धनौरा** में रोजगार सेवक संघर्ष समिति की बैठक ब्लॉक सभागार में जिला अध्यक्ष रोजगार सेवक संघ कुबेर सिंह के नेतृत्व में आयोजित हुई। बैठक में रोजगार सेवकों ने अधिकारियों के अफसरशाही रवैये पर कड़ा आक्रोश जताते हुए कहा कि अब अपमान बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। बैठक में जिलाध्यक्ष कुबेर सिंह, ब्लॉक प्रमुख चीनू सागर, उपाध्यक्ष अमित सिंह, अनीश अहमद, मोहित चौधरी, खलील, सतवीर, मान्धाता सैनी, रुतेश सिंह, राजवीर सिंह, संजीव, महाराज, अरुण कुमार सहित बड़ी संख्या में रोजगार सेवक मौजूद रहे।

# युवती के हंगामे के बाद बैकफुट पर पुलिस

## चार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। युवती द्वारा गाली गलोंच कर जान से मारने कि धमकी देने वालों की गिरफ्तारी कि मांग को लेकर कोतवाली में हंगामा काटने के बाद पुलिस ने बैक फुट पर आते हुए 4 के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

थाना गजरौला क्षेत्र के गांव मोहम्मदपुर निवासी ममता राणा पुत्री श्री राम ने शनिवार को रहरा रोड पर स्थित राधा गोविंद अस्पताल के बाहर जमकर हंगामा काटा था। युवती का कहना था कि अस्पताल की लैब में रहने वाले युवक ने उसका वीडियो इंस्टाग्राम पर लोड किया था। जिससे उसके परिवार की छवि धूमिल हुई है। ममता राणा द्वारा कोतवाली पुलिस को आरोपियों के खिलाफ तहरीर दी थी। लेकिन जब पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की तो रविवार को ममता राणा ने कोतवाली पहुंचकर जमकर हंगामा काटा था। युवती के हंगामा करने के बाद कोतवाली पुलिस बैकफुट पर आ गई। पुलिस ने चिराग उर्फ अंकित पुत्र जगदीश कस्बा गंवा जनपद संभल, राहुल पुत्र कुंदन सिंह ग्राम दियावली खालसा, विक्रम व अनीश के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया है।

## आपसी भाईचारे से मनाएं त्यौहार

**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर**। ईद मिलादुन्नबी एवं गणेश चतुर्थी के त्योहारों को लेकर पुलिस-प्रशासन ने कमर कस ली है। दोनों समुदायों के बीच आपसी सद्भाव और शांति बनाये रखने के लिए कोतवाली परिसर में अमन कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया। एसडीएम पुष्कर नाथ चौधरी ने कहा कि सभी को एक-दूसरे की धार्मिक भावनाओं का सम्मान करना चाहिये। उन्होंने कहा कि कोई भी व्यक्ति बिना अनुमति के कोई नया कार्यक्रम आयोजित नहीं करेगा। बैठक में मुकेश गुप्ता, पंकज भटनागर, रानू रस्तोगी, अतुल अग्रवाल, सचिन गुप्ता, चमन अंसारी, अंसार अहमद, जैनुल आबेदीन, लियाकत कुरैशी, सभासद हमजा अली, अलीमुद्दीन, नवाब सैफी, और सुशील भगत जी आदि उपस्थित थे।

# मकान में आग लगने से लाखों का नुकसान

## शार्ट सर्किट से हुआ हादसा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। बीती रात मकान की दूसरी मंजिल पर बने कमरे में शार्ट सर्किट के कारण आग लगने से लाखों रुपये का नुकसान हो गया। परिजनों द्वारा आग पर काबू पा लिया गया।

नगर के मैंन बाजार स्थित अग्रवाल सभा हसनपुर के अध्यक्ष उमेश अग्रवाल अपने परिवार के साथ रहते है। मकान की दूसरी मंजिल पर उनके बड़े पुत्र सुमित अग्रवाल का कमरा स्थित है। रविवार की रात्रि लगभग 9:30 बजे कुछ जलने की बदबू आई तो सुमित अग्रवाल ने ऊपर जाकर कमरे के किवाड़ खोले तो उनके होश उड़ गये। कमरे में आग की लपटे उठ रही थी। परिजनों ने फायर सिलेंडर की मदद से आग पर काबू पा लिया। लेकिन जब तक आग ने अपना तांडव मचा दिया था। कमरे में आग लगने का कारण एसी में शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। आग लगने से कमरे में रखा बेड, अलमारी, डाइनिंग टेबल, एलईडी सहित कपड़े जलकर राख हो गये। अग्रवाल सभा के अध्यक्ष उमेश अग्रवाल के आवास पर आग लगने की सूचना मिलती ही उनके शुभचिंतक घर पहुंचने शुरू हो गये। सुमित अग्रवाल के छोटे भाई भाजपा युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष शिखर अग्रवाल द्वारा बताया गया की आग लगने से लगभग चार लाख रुपए का नुकसान हुआ है।

# परफ्यूमरी की खुशबू में डूबे कप्तान अमित आनंद

## नॉरेक्स फ्लेवर्स के कार्यो को सराहा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा**। एसपी अमित आनंद सोमवार को उस समय खासे उत्साहित नजर आए जब वे नगर की अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कंपनी नॉरेक्स फ्लेवर्स प्राइवेट लिमिटेड पहुंचे। कंपनी के प्रबंध निदेशक वैभव अग्रवाल ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया।

एसपी अमित आनंद ने कंपनी में परफ्यूमरी और फ्लेवर से जुड़े रिसर्च एंड डेवलपमेंट की बारीकियों को नजदीक से देखा। अत्याधुनिक प्रयोगशालाओं, तकनीकी मशीनरी और निर्माण प्रक्रियाओं का जायजा लेकर उन्होंने कहा कि नॉरेक्स की टीम वैश्विक स्तर की तकनीक के साथ काम कर रही है और यह गर्व की बात है कि अमरोहा का नाम इस उद्योग से जुड़कर पूरी दुनिया में रोशन हो रहा है। अमित आनंद की पिछली तैनाती कन्नौज में रही है, जो परफ्यूमरी और इत्र की दुनिया में विश्व प्रसिद्ध है। इसी वजह से परफ्यूमरी उद्योग के प्रति उनका उत्साह पहले से ही गहरा रहा है। दौरे के दौरान उन्होंने शोधकर्ताओं और तकनीकी विशेषज्ञों से खुलकर बातचीत की और उन्हें नवाचार के लिए प्रोत्साहित किया। एसपी ने कहा कि नॉरेक्स जैसी कंपनियां जिले की नई पहचान गढ़ रही हैं। उन्होंने प्रबंधन और वैज्ञानिक टीम की प्रशंसा करते हुए कहा नॉरेक्स का काम न केवल अमरोहा बल्कि पूरे उत्तर प्रदेश और भारत के लिए गौरव की बात है।

## चैकिंग के नाम पर बंद हो किसानों का शोषण



**शाह टाइम्स संवाददाता रहरा**। भाकियू(टिकैट) ने बिजली चैकिंग के नाम पर किसानों का किया जा रहा उत्पीड़न बंद करने की मांग उठाई। ब्लाक सभागार में भारतीय किसान यूनियन टिकैट की पंचायत हुई। जिसमें कार्यकर्ताओं ने कहा कि गांव चचौरा व चंदन कोटा में बिजली घरों का निर्माण शीघ्र कराया जाये। चैकिंग के नाम पर विभाग किसानों को उत्पीड़न कर रहा है उसे रोका जाये। गन्ने का न्यूनतम मूल्य 500 रूपये घोषित किया जाये। आवारा पशुओं से किसानों को निजात दिलाई जाये। पंचायत में जिलाध्यक्ष चन्द्रपाल सिंह, महेश ठाकुर, रामजी मल टीटू त्यागी, आकिल मलिक, महेश पहलवान, बिजेन्द्र, सुरेन्द्र शर्मा, फूल सिंह, महावीर, सुरेश, सीता आर्य मौजूद रहे।




## सपाईयों ने जयंती पर पुष्पांजलि अर्पित की

# विंदेश्वरी ने दिलाया पिछड़ों को बराबरी का हक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। सपा जिलाध्यक्ष मस्तराम सिंह यादव ने कहा कि बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री विंदेश्वरी प्रसाद मंडल ने पिछड़ों को संगठित कर उन्हें पहचान दिलाई।

लोहिया नगर स्थित पार्टी कार्यालय पर सपा कार्यकर्ताओं द्वारा बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री व सांसद विंदेश्वरी प्रसाद मंडल की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम की शुरूआत उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। जिलाध्यक्ष मस्तराम सिंह यादव ने कहा कि विंदेश्वरी प्रसाद मंडल ने हमेशा पिछड़ों की स्थिति बदलने का प्रयास किया। उन्हें संगठित कर उत्पीड़न के खिलाफ आवाज उठाई। सपा व्यापार सभा के जिलाध्यक्ष सर्वेश सैनी ने कहा कि उन्होंने पिछड़ों को बराबरी का हक दिलाया। इस मौके पर संतराम सिंह यादव, महमूद अली, राधेलाल रघुवंशी, भूपेन्द्र सिंह, महेश यादव, प्रतीक धारीवाल, मुमताज खां, सरफराज अनवर, अजय मलिक, विपिन कौशिक, जुबैर अली, नवाजिश अली, शौकीन, ऋषिपाल यादव, नरेश कुमार, मौ. सलमान, रशीद, साजेब, इश्तियाक मलिक, अनुज यादव मौजूद रहे।

# 40 गांवों की बिजली गुल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नौगांवा सादात**। हाई वोल्टेज लाइन में खामी आ जाने के कारण क्षेत्र के 40 गांवों में विद्युत आपूर्ति बाधित हो गयी। जिससे किसानों व ग्रामीणों को भारी समस्या का सामना करना पड़ा। गर्मी में उनका बुरा हाल हो गया। जबकि पानी का संकट भी सामने आ गया।

सोमवार को 33 हजार की विद्युत लाइन में आयी खामी के कारण क्षेत्र के करीब 40 गांवों में विद्युत आपूर्ति का संकट पैदा हो गया। सारा दिन बिजली न मिलने से इन गांवों के ग्रामीण परेशान रहे। जिन घरों में समरसेविल लगे हैं वहां पानी का संकट पैदा हो गया। महिलाओं को सरकारी हैंडपम्प से पानी ढोहना पड़ा। इसके अलावा घरों में लगे इन्वर्टर भी बिजली के न आने से धड़ाम हो गये। बिजली न मिलने से घरों में लगे पंखे व कूलर भी शोपीस बने रहे। जिससे गर्मी में ग्रामीणों का बुरा हाल रहा। उधर बिजली आपूर्ति बाधित होने से सबसे ज्यादा परेशानी किसानों को उठानी पड़ी। वह अपनी फसलों को पानी नहीं दे पाये। क्षेत्र में आये दिन बिजली का संकट पैदा हो जाता है जिससे यहां की जनता काफी दुखी है। जब पूर्व में आंधी तूफान आया था तब भी दर्जनों गांवों की आपूर्ति ठप हो गयी थी।

## खेल विशेष

### शाकिब टी-20 में 500 विकेट और सात हजार रन बनाने वाले पहले खिलाड़ी

**नॉर्थ साउंड, वार्ता।** शाकिब अल हसन टी-20 में 500 से ज्यादा विकेट और 7000 से अधिक रन बनाने वाले टी-20 में दुनिया के पहले खिलाड़ी बन गए। शाकिब ने यह उपलब्धि पेट्रियट्स बनाम फाल्कंस के सीपीएल 2025 मुकाबले के दौरान हासिल की। शाकिब को पारी के 15वें ओवर में पहली बार आक्रमण पर लगाया गया और उन्होंने इसी ओवर में मोहम्मद रिजवान को कैच कराकर टी-20 इतिहास में 500 विकेट लेने वाले पांचवें गें. दबाज बन गए। शाकिब ने अगले ओवर में दो और विकेट लेते हुए अपने आंकड़े को 502 तक पहुंचा दिया। शाकीब ने इस मैच में दो ओवर में 11 रन देकर तीन विकेट लिए। इस उपलब्धि के साथ शाकिब टी-20 क्रिकेट में 500 या उससे अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज़ों के विशिष्ट क्लब में शामिल हो गए हैं।

### राष्ट्रीय खेल दिवस आंदोलन के रूप में मनाया जायेगा: मनसुख मांडविया

**नई दिल्ली, वार्ता।** केन्द्रीय खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने सोमवार को कहा कि राष्ट्रीय खेल दिवस 2025 को देश भर में खेल और फिटनेस के तीन दिवसीय जन आंदोलन के रूप में मनाया जायेगा। डॉ. मांडविया ने पिछले सप्ताह इस वर्ष के राष्ट्रीय खेल दिवस 2025 को एक सच्चे जन आंदोलन में बदलने के आ]वान पर अमल करते हुए राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों राजस्थान, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, हरियाणा, उत्तराखंड, बिहार, झारखंड, तेलंगाना, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश और केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी, चंडीगढ़ और दिल्ली ने अपने संबंधित विभागों को तैयारियां शुरू करने के निर्देश जारी कर दिए।

### असम और पश्चिम बंगाल की टीमें सुब्रतो कप के फाइनल में भिड़ेंगी

**नई दिल्ली, वार्ता।** असम और पश्चिम बंगाल की अंडर-17 जूनियर लड़कियों की टीमें बुधवार को 64वें सुब्रतो कप अंतर्राष्ट्रीय फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल में खिताब के लिए भिड़ेंगी। यहां पिंटो पार्क फुटबॉल मैदान में असम और पश्चिम बंगाल ने अपने-अपने सेमीमफाइनल मुकाबलों में शानदार प्रदर्शन कर जीत दर्ज करते हुए फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। असम बनाम केरल के पहले सेमीफाइनल में असम के बेतकुची हाई स्कूल ने अपार ऊर्जा और दृढ़ संकल्प का प्रदर्शन करते हुए लाल बहादुर शास्त्री मेमोरियल हायर सेकेंडरी स्कूल, केरल को 4-1 से हराया। असम की निलिना ब्रह्मा ने 9वें मिनट में पहला गोल किया। असम की स्टार मारी मिच ने (25वें, 35वें, 48वें मिनट) गोल किया।

# शार्वरी ने तीरंदाजी में जीता सोना

**तीरंदाजी युवा चैंपियनशिप**

**● शार्वरी शेंडे ने अंडर-18 रिकर्व स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतकर भारत का अभियान समाप्त किया**




**कनाडा, वार्ता।** शार्वरी शेंडे ने अंडर-18 महिला रिकर्व स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतकर विश्व तीरंदाजी युवा चैंपियनशिप 2025 में भारत का अभियान समाप्त किया। शेंडे ने रविवार को खेले गए फाइनल में कोरिया गणराज्य की तीसरी वरीयता प्राप्त किम येवोन को हराया। उन्होंने 5-5 से बराबरी पर छूटे मैच के बाद शूट-ऑफ में अपना संयम बनाए रखते हुए 10-9 से जीत हासिल की। सेमीफाइनल में उन्होंने पहले ही दक्षिण कोरिया की शीर्ष वरीयता प्राप्त किम मिनजियोंग को 7-3 से हरा दिया था। इससे पहले 16 वर्षीय तीरंदाज दीपिका कुमारी ने (2011) और कोमलिका बारी ने (2021) में इस चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता था। शेंडे ने शानदार प्रदर्शन करते हुए उच्च रैंकिंग वाली प्रतिद्वंद्वियों को चौंकाया।

इस जीत के साथ ही वह महिला अंडर-18 रिकर्व वर्ग में केवल तीसरी भारतीय विश्व चैंपियन बनीं। 16 वर्षीय भारतीय तीरंदाज ने फाइनल जीतने के बाद कहा कि क्या मैं सचमुच विश्व चैंपियन हूं। हे भगवान, यह अद्भुत था। मैं बस यही सोच रही थी कि मैं अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करुंगी। एक तीर ही तय करेगा कि मैं विश्व चैंपियन बनूंगी या नहीं।

मेरे कोच मुझसे कह रहे थे कि आत्मविश्वास रखो, खुद पर विश्वास रखो, तुम चैंपियन बनोगे। इसी सप्ताह की शुरुआत में शेंडे ने अंडर-18 महिला रिकर्व तीरंदाजी टीम स्पर्धा में भारत को कांस्य पदक दिलाने में भी मदद की। अंतिम दिन गाथा खडके और अगस्तय सिंह ने अंडर-18 मिश्रित रिकर्व वर्ग में चीनी ताइपे को हराकर एक और कांस्य पदक जीता। इन दो पदकों के साथ विश्व तीरंदाजी युवा चैंपियनशिप 2025 में भारत के कुल पदकों की संख्या आठ हो गई है। भारत ने इस प्रतियोगिता में चार स्वर्ण, दो रजत और दो कांस्य जीते हैं।



मुरली श्रीशंकर



रोहित यादव

## गोआला-रावत ने जीता कैमरून इंटरनेशनल बैडमिंटन टूर्नामेंट में पुरुष युगल खिताब

**याउंडे, वार्ता।** भारत के सूरज गोआला और ध्रुव रावत की जोड़ी ने कैमरून इंटरनेशनल 2025 बैडमिंटन टूर्नामेंट में फाइनल में शानदार प्रदर्शन करते हुए जापान के अकीरा हनाडा और शुन सैतो को हराकर पुरुष युगल का खिताब अपने नाम किया। रविवार को खेले गए फाइनल मुकाबले में भारतीय जोड़ी ने ड्रॉ में अपना दबदबा बनाए रखा और साथ में अपना पहला बीडब्ल्यूएफ इंटरनेशनल सीरीज खिताब जीतने के दौरान एक भी गेम नहीं गंवाया। फाइनल में गोआला और रावत ने जापान के अकीरा हनाडा और शुन सैतो को 34 मिनट चले मुकाबले में 21-13, 21-14 से हराया। इससे पहले भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ियों ने पहले राउंड में आसानी से जीत हासिल की। उन्होंने कैमरून के मिशेल हेनरी असेंबे और फेलिक्स मिशेल केमेने अटांगाना की जोड़ी पर 21-12, 21-6 से जीत के साथ शुरुआत की और फिर क्वार्टर फाइनल में यूएई के देव अय्यप्पन और धीरेन अय्यप्पन को 21-15, 21-10 से हराया। इसके बाद सेमीफाइनल में उन्होंने हमवतन हरि भारती भास्करन पी और भारतसंजय एस की जोड़ी को 21-14, 21-15 से हराया। अनमोल खरब महिला एकल में उपविजेता रहीं, फाइनल में इंडोनेशिया की थलिता रामाधनी विर्यावान से 21-11, 21-19 से हार गईं।

**● अंतर-राज्यीय एथलेटिक्स चैंपियनशिप-2025**

# मुरली ने लंबी कूद व रोहित ने भाला फेंक का खिताब जीता

**● रोहित यादव ने 83.65 मी. के व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया, मुरली श्रीशंकर ने 8.06 मी. की छलांग लगाकर खिताब जीता**

**चेन्नई, वार्ता।** मुरली श्रीशंकर ने अंतर-राज्यीय एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 में लंबी कूद तथा रोहित यादव ने 83.65 मीटर के व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के साथ पुरुषों की भाला फेंक स्पर्धा का खिताब अपने नाम किया। मुरली श्रीशंकर ने रविवार को 8.06 मीटर की छलांग लगाकर लंबी कूद का खिताब जीता। उन्होंने इस सीजन में अपनी सभी स्पर्धाओं में जीत हासिल की। हालांकि वह अगले महीने टोक्यो में होने वाली विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप के लिए पुरुषों की लंबी कूद के 8.27 मीटर के क्वालीफाइंग मार्क से चूक गए। एस लोकेश (7.71 मीटर) और स्वामीनाथन आर (7.70 मीटर) ने क्रमश: रजत और कांस्य पदक जीते। 8.41 मीटर का राष्ट्रीय रिकॉर्ड रखने वाले श्रीशंकर ने अपने करियर में पांच बार 8-27 मीटर की छलांग लगाई है। टोक्यो 25 के लिए अधिकांश क्वालीफिकेशन लवडो चूकने के बाद, श्रीशंकर के लिए रैंकिंग के माध्यम से आगामी वैश्विक प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई करना मुश्किल हो सकता है। योग्य एथलीटों की अंतिम सूची 27 अगस्त को घोषित की जाएगी। वहीं पुरुषों की भाला फेंक स्पर्धा में, रोहित यादव ने 83-65 मीटर के व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया। सचिन यादव (83.20 मीटर) दूसरे और शिवम लोहाकारे (80.20 मीटर) के साथ तीसरे स्थान पर रहे। रोड टू टोक्यो 25 में 57वें स्थान पर रहे रोहित को विश्व चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई करने के लिए 85-50 मीटर के प्रवेश मानक को पार करना था। गत विश्व चैंपियन नीरज चोपड़ा के टोक्यो में जगह पक्की होने के साथ, भारत से टोक्यो में कम से कम तीन थ्रोअर उतारने की उम्मीद है। सचिन यादव (22वें) और यश वीर सिंह (30वें) वर्तमान में कट-ऑफ रैंकिंग में हैं। यश वीर सिंह ने अंतर-राज्यीय चैंपियनशिप में 76.22 मीटर की दूरी तय करके चौथा स्थान हासिल किया।

### संन्यास ले चुकी वैन नीकेर्क की द. अफ्रीकी टीम में हुई वापसी

**केपटाउन, वार्ता।** संन्यास ले चुकी दिग्गज व पूर्व कप्तान डेन वैन नीकेर्क की आगामी एकदिवसीय महिला विश्वकप से पहले द. अफ्रीका की 20 सदस्यीय टीम में वापसी हुई हैं। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास 2023 में संन्यास ले चुकी डेन वैन नीकेर्क ने सोमवार को अपने फैसले पर यू टर्न लेते हुए अपने सोशल मीडिया अकांउट पर एक बयान में लिखा कि मुझे यह घोषणा करते हुए बेहद खुशी हो रही है कि मैंने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने के फैसला को वापस ले लिया है। इस समय ने मुझे याद दिलाया है कि मैंने अपने देश का प्रतिनिधित्व करना कितना मिस किया है और मैं एक बार फिर उस अवसर को पाने के लिए अपना सबकुछ देने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हूं।

# राजगीर में हमारी टीम सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेगी: हरमनप्रीत सिंह



**● राजगीर एक साल के भीतर ही अपने दूसरे अंतराष्ट्रीय हॉकी टूर्नामेंट की मेजबानी कर रहा है**

**राजगीर, वार्ता।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने सोमवार को कहा कि भारतीय टीम किसी भी टीम को हल्के में नहीं ले रही है,

टीम टूर्नामेंट में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेगी। यहां एशिया कप 2025 के लिए भारतीय पुरुष हॉकी टीम के बिहार के राजगीर पहुंचने पर हरमनप्रीत ने कहा कि हमने बिहार में पहले कभी नहीं खेला है और यह देखकर बहुत खुशी हो रही है कि राजगीर एक साल के भीतर ही अपने दूसरे अंतर्राष्ट्रीय हॉकी टूर्नामेंट की मेजबानी कर रहा है। यह खेल को समर्थन देने की सरकार की मंशा को दर्शाता है और हम पूरे टूर्नामेंट के दौरान यहां हॉकी प्रशंसकों के प्यार और समर्थन की प्रतीक्षा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत ने जकार्ता में आयोजित पिछले संस्करण में कांस्य पदक जीता था, जहां 15 नए खिलाड़ियों वाली एक युवा टीम ने पोडियम पर स्थान हासिल करके अपने अभियान में जज्बा दिखाया था। हालांकि, इस बार विश्व कप क्वालीफिकेशन दांव पर होने के कारण हमारी सर्वश्रेष्ठ टीम यहां अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने का प्रयास करेगी। इस बीच भारतीय टीम के मुख्य कोच क्रेग फुल्टन ने बिहार में पहली बार खेलने पर अपनी खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि हम इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट के लिए बिहार आकर बहुत खुश हैं। यह बहुत अच्छी बात है कि यहां अंतर्राष्ट्रीय हॉकी की मेजबानी हो रही है और हम अपने खेल से इस क्षेत्र के लोगों को प्रेरित करना चाहते हैं इस टूर्नामेंट के लिए टीम की तैयारी ठोस रही है। हमारा दृष्टिकोण पेरिस ओलंपिक जैसा ही होगा। भारत को पूल ए में जापान, चीन और कज़ाकिस्तान के साथ रखा गया है, जबकि पूल बी में मलेशिया, कोरिया, बांग्लादेश व चीनी ताइपे शामिल हैं।

# चानू व धर्मज्योति ने जीते स्वर्ण पदक



**अहमदाबाद, वार्ता।** पूर्व विश्व चैंपियन मीराबाई चानू ने महिला वर्ग और धर्मज्योति देवघरिया ने पुरुष वर्ग में सोमवार को राष्ट्रमंडल भारोत्तोलन चैंपियनशिप 2025 में स्वर्ण पदक जीते।

यहां प्रतिस्पर्धा करते हुए मीराबाई चानू ने 193 किग्रा (84 किग्रा स्नैच प्लस 109 किग्रा क्लीन एंड जर्क) भार उठाकर पोडियम पर शीर्ष स्थान हासिल किया। इस

**● मीराबाई चानू को इस स्वर्ण पदक ने ग्लासगो 2026 राष्ट्रमंडल खेलों के लिए सीधे क्वालीफाई करने का मौका दिया**

स्वर्ण पदक ने उन्हें ग्लासगो 2026 राष्ट्रमंडल खेलों के लिए सीधे क्वालीफाई करने का भी मौका दिया। महिलाओं के 48 किग्रा वर्ग में भाग लेते हुए मीराबाई ने स्नैच में अपने दूसरे प्रयास में 84 किग्रा भार उठाया, जबकि इसी भार वर्ग में उनका पहला प्रयास असफल रहा था। इसके बाद उन्होंने अपने तीसरे प्रयास में 87 किग्रा भार उठाने का प्रयास किया, लेकिन कोई वैध भार नहीं उठा सकीं। क्लीन एंड जर्क में चानू ने 105 किग्रा भार उठाकर शुरुआत की उसके बाद अपने दूसरे प्रयास में 109 किग्रा भार उठाया और अपने अंतिम प्रयास में 113 किग्रा भार उठाने का प्रयास किया, जिसे वह पूरा नहीं कर सकीं।

भारत की सौम्या सुनील दलवी ने 177 किग्रा (76 किग्रा प्लस 101 किग्रा) भार उठाकर रजत पदक जीता, जबकि नाइजीरिया की रूथ असौक्वो न्योंग ने कुल 167 किग्रा (72 किग्रा प्लस 95 किग्रा) भार उठाकर कांस्य पदक अपने नाम किया। अंतर्राष्ट्रीय भारोत्तोलन महासंघ के संशोध्ति भार वर्गों के तहत अपने पसंदीदा 49 किग्रा वर्ग को बंद कर दिए जाने के बाद चानू अब 48 किग्रा वर्ग में प्रतिस्पर्ध कर रही हैं। वहीं पुरुषों के 56 किग्रा युवा वर्ग में, भारत के ध्र्मज्योति देवघरिया ने 224 किग्रा (97 किग्रा स्नैच प्लस 127 किग्रा क्लीन एंड जर्क) भार उठाकर स्वर्ण पदक जीता। उनके कुल और सी एंड जे भारोत्तोलन भी युवा राष्ट्रमंडल रिकॉर्ड थे।

# फातिमा सना की अगुवाई वाली पाक टीम में अनकैप्ड ऐमन फातिमा




**लाहौर, वार्ता।** पाकिस्तान ने 30 सितंबर से शुरु होने वाले महिला एकदिवसीय विश्व कप के लिए फातिमा सना की अगुवाई वाली 15 सदस्यीय टीम में 20 वर्षीय युवा बल्लेबाज ऐमन फ़ातिमा को शामिल किया है। आगामी विश्वकप की तैयारी के तहत यही टीम 16 सितंबर से दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन घरेलू एकदिवसीय मैच भी खेलेगी। यह पहली बार होगा जब सना किसी एकदिवसीय विश्व कप में अपनी टीम की कप्तानी करेंगी।

**● आगामी विश्व कप की तैयारी के तहत पाक की यही टीम 16 सितम्बर से द.अफ्रीका के खिलाफ घरेलू वनडे मैच खेलेगी**

उन्होंने इस साल की शुरुआत में लाहौर में हुए विश्व कप क्वालिफायर में भी पाकिस्तान की कप्तानी की थी। ऐमन फातिमा ने इस महीने की शुरुआत में डबलिन में आयरलैंड के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय टी-20 में पदार्पण किया था, लेकिन उन्हें तीन मैचों में केवल दो बार बल्लेबाजी का अवसर मिला था और उन्होंने 23 और 4 रन बनाए थे। 15 सदस्यीय मुख्य टीम और पांच रिजर्व खिलाड़ी दक्षिण अफ्रीका सीरीज से पहले 29 अगस्त से शुरु होने वाले 14 दिनों के शिविर में हिस्सा लेंगे। दक्षिण अफ्रीका की टीम 12 सितंबर को लाहौर पहुंचेगी। पाकिस्तान अपने विश्वकप अभियान की शुरुआत दो अक्तूबर को बंगलादेश के खिलाफ करेगा और उसके बाद पांच अक्तूबर को भारत से भिड़ेगा। पाकिस्तान अपने सभी सात लीग मैच कोलंबो में खेलेगा और अगर वह नॉकआउट में पहुंचता है तो सेमीफाइनल भी कोलंबो में ही खेलेगा। दूसरा सेमीफाइनल नवी मुंबई में होगा। फाइनल दो नवंबर को कोलंबो या नवी मुंबई में होगा, यह इस बात पर निर्भर करेगा कि पाक नॉकआउट में पहुंचता है या नहीं।

# बोन्जी ने मेदवेदेव को हराकर किया उलटफेर

**यूएस ओपन**

**● फ्रांस की खिलाड़ी बोन्जी ने 5 सेटों तक चले मैच में रूसी दिग्गज मेदवेदेव को हराकर सभी को चौंका दिया**

**न्यूयॉर्क, वार्ता।** फ्रांस के बेंजामिन बोन्जी ने यूएस ओपन में उलटफेर करते हुए 2021 के चैंपियन डेनियल मेदवेदेव को हराकर अगले दौर में जगह बना ली है।

रविवार देर रात खेले गए मुकाबले में फ्रांसीसी खिलाड़ी बोन्जी ने पांच सेटों तक चले मैच में रूसी दिग्गज मेदवेदेव को 6-3, 7-5, 6-7(5), 0-6, 6-4 से हराकर सभी को चौंका दिया। फ्रांसीसी खिलाड़ी बोन्जी ने कुछ हफ्ते पहले विंबलडन में भी मेदवेदेव को हराया था। उन्होंने एक बार फिर रूसी खिलाड़ी को पहले ही दौर में हराकर ग्रैंड स्लैम से बाहर कर दिया। बोन्जी ने पांच सेटों की मैराथन जीत के बाद सांस फूलने की हालत में स्वीकार करते हुए कहा कि मैंने ऐसा पहले कभी अनुभव नहीं किया था। यह परिदृश्य अद्भुत था तीसरे सेट में मैच पॉइंट, चौथे सेट में थकावट, फिर पांचवें सेट में पूरी ताकत। मेरे लिए, यह मेरी अब तक की सबसे अच्छी जीत है।

### आइवा को हराकर पाओलिनी दूसरे दौर में

**न्यूयॉक, वार्ता।** सातवीं वरीयता प्राप्त इटली की जैस्मीन पाओ. लिनी ने ऑस्ट्रेलियाई क्वालीफायर डेस्टेनी आइवा को सीधे सेटों में हराकर यूएस ओपन के दूसरे दौर में जगह बना ली हैं। लुई आर्मस्ट्रांग स्टेडियम में रविवार देर रात खेले गए मुकाबले में पिछले हफ्ते सिनसिनाटी ओपन में उपविजेता रहीं पाओलिनी ने डेस्टेनी आइवा पर एक घंटे 28 मिनट में 6-2, 7-6(4) से जीत हासिल की। पाओलिनी ने शुरुआत में ही घबराहट दिखाई और 168वीं रैंकिंग वाली आइवा के खिलाफ अपना पहला सर्विस गेम गंवा दिया। 25 वर्षीय ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी ने दबाव में अपने मजबूत फ़ोरहैंड और आत्मविश्वास से भरे ऐस के साथ कुछ समय के लिए आशाजनक प्रदर्शन किया, लेकिन बेसलाइन पर उनके प्रदर्शन में निरंतरता की कमी ने पाओलिनी को तुरंत वापसी करने का मौका दिया।



## सम्पादकीय

मंगलवार , 26 अगस्त 2025

# अमेरिका को दो-टूक

लगता है कि अमेरिका से व्यापार को लेकर भारत का धैर्य भी टूटता जा रहा है। भारतीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने रूस के शहर मॉस्को से सीधे यह कहकर अमेरिका को चुनौती दे डाली है कि वह किसी के दबाव में आकर किसी के साथ भी व्यापार नहीं करेंगे और अपने स्वतंत्र निर्णय लेने की स्थिति को किसी भी हालत में नहीं छोड़ेंगे। भारतीय विदेश मंत्री ने यह बात उस समय कही जब अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने अपने विश्वसनीय सहयोगी सर्जियो को भारत में अमेरिका का राजदूत और दक्षिण व मध्य एशिया मामलों के लिए विशेष दूत में नामित किया है।

समझना मुश्किल है कि आखिर अमेरिकी राष्ट्रपति व्यापार को लेकर किस तरह की नीति पर चल रहे हैं। वह व्यापार को भी धमकियों के सहारे चलाना चाहते हैं। वह खुलकर दूसरे देशों के मामले में सीधे हस्तक्षेप कर रहे हैं कि वह किससे व्यापार करें और किससे नहीं। भारत के मामले में तो वह ज्यादा ही मुखर होकर बयानबाजी कर रहे हैं और सीधे भारत को चेता. वन दे रहे हैं कि अगर उसने रूस से तेल खरीदना जारी रखा, तो वह उसको सहन नहीं करेगा। अपनी इस धमकियों को अमल. ीजामा पहनाते हुए उन्होंने भारत पर 25 प्रतिशत अतिरिक्त टैरिफ भी लगा दिया है। हालांकि पर्दे के पीछे अभी भी बातचीत चल रही है, लेकिन भारतीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने जिस अंदाज में अपनी बात को रखा है, उससे भी यही लगता है कि व्यापार को लेकर अमेरिका के साथ कोई सहमति बनती दिखाई नहीं दे रही है। अब तो भारत ने अमेरिका से डाक सेवा भी निलंबित कर दी है। हालांकि कई पश्चिमी देशों ने यह कदम उठाया है लेकिन भारत द्वारा उठाए गए कदम का अपना एक अलग महत्व है। असल में डोनाल्ड ट्रम्प अपनी ही धनक में किसी की सुनने के लिए तैयार नहीं हैं। भारत एक रणनीतिकार देश अमेरिका के लिए रहा है। ट्रम्प उस महत्व को ही कम करते दिखाई दे रहे हैं और पाकिस्तान को बढ़ावा देते दिखाई दे रहे हैं।

ट्रम्प का यह कहना भी हास्यास्पद है कि भारत रूस से जो व्यापार करता है विशेषकर तेल का, उससे वह भारी पैसे कमाता है। साथ ही रूस को भी आर्थिक रूप से मजबूत करता है। इस पर हमारे विदेश मंत्री ने साफ कह दिया है कि भारत किसी भी देश को इस बात के लिए मजबूर नहीं करता है कि वह भारत से तेल खरीदें, किसे खरीदना है किसे नहीं यह उनकी अपनी मर्जी। अमेरिका को समझना होगा कि रूस भारत का बेहद पुराना और परखा हुआ मित्र देश है। वह उसको एक झटके में नहीं छोड़ते। छोड़ना भी नहीं चाहिए। यह देखकर तो और भी नहीं, जिस तरह अमेरिका के राष्ट्रपति भारत के साथ मौजूदा व्यवहार कर रहे हैं, उससे उनकी विश्वसनीयता ही कम होती है आखिर सभी को अच्छी तरह मालूम है कि कोई भी संबंध भरोसे पर टिके होते हैं। अगर भरोसा ही दरक जाए, तो फिर संबंधों को पटरी पर लाना मुश्किल होता है। जहां तक बात रूस-यूक्रेन संघर्ष की है, तो इसके लिए भारत किसी भी रूप से जिम्मेदार नहीं है। बल्कि अगर निष्पक्षता के साथ कहा जाए तो यूरोप देश ही उसके लिए अधिक जिम्मेदार है और यूं भी आज की दुनिया में सभी को अपने हितों के अनुरूप आगे बढ़ने की स्वतंत्रता है।

## जेल वाली सरकार को याद कर रहे हैं लोग



आज दिल्ली वाले उनकी जेल वाली सरकार को याद कर रहे हैं, क्योंकि पिछले सात महीनों में भाजपा ने दिल्ली का बुरा हाल कर दिया है, राजनीतिक षड्यंत्र के तहत झूठे केस में फंसाकर जब केंद्र ने मुझे जेल भेजा, तो मैंने जेल से 160 दिन सरकार चलाई, कम से कम जेल वाली सरकार के वक्त बिजली नहीं जाती थी, पानी आता था, अस्पतालों और मोहल्ला क्लिनिक में फ्री दवाईयां मिलती थीं, फ्री टेस्ट होते थे, एक बारिश में दिल्ली का इतना बुरा हाल नहीं होता था, प्राइवेट स्कूलों को मनमानी और गुंडागर्दी करने की इजाजत नहीं थी, अगर किसी पर झूठा केस लगाकर उसे जेल में डाला जाए और बाद में वो दोषमुक्त हो जाए, तो उस पर झूठा केस लगाने वाले मंत्री को कितने साल की जेल होनी चाहिए।

**-अरविंद केजरीवाल, पूर्व मुख्यमंत्री, दिल्ली**

# नदियों और पहाड़ों ने अपना हिस्सा लेना शुरू कर दिया है



पवन सिंह



हिमालय ने अपने हिसाब-किताब की फाइल खोल दी है। उसने अपना हिस्सा वापस लेना शुरू कर दिया है और दुनिया में अब तक ऐसी कोई भी वैज्ञानिक व आध्यात्मिक ताकत नहीं है, जो इसे रोक ले। हिमालय को पर्यटन और स्प्रीचुवल टूरिज्म के नाम पर रौंदने की कीमत आप सब को चुकानी होगी। इसके लिए खुद को तैयार कर लीजिए। याद रखिए नेचर यानी कि नदियों और पहाड़ों ने भी अपने नाम की रजिस्ट्री करा रखी है और उसका खसरा-खतौनी नेचर की तहसील में सुरक्षित है। अब इसी नेचर की तहसील ने अपनी जमीन का ब्यौरा निकाल लिया है।

किसी भी मानव की कल्पनाओं व धंधे के उद्देश्य से जनित। कपोल-कल्पित पात्रों चरित्रों किस्सों कहानियों में यह ताकत नहीं है, जो इसे रोक लें। अब आप को वह सारी जगह खाली करनी होगी और तथाकथित विकास का पागलपन रोकना होगा। यदि ऐसा नहीं किया तो नेचर आपको, आपके विकास सहित, हजारों फीट नीचे दफन कर देगी। कटते जंगलों ने मैदानी इलाकों का भी चेहरा बदलना शुरू कर दिया है। परिणामस्वरूप वर्षा चक्र गहरे प्रभावित हुआ है। इसकी कीमत बहुत बड़ी होगी। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि जब पड़ोसी चीन अपने सबसे विस्तृत रेगिस्तान गोबा को हरित कर रहा है और पेड़ों को काटने की बजाए उन्हें प्रत्यारोपित कर रहा है, वहीं सत्ता-उद्योगपतियों-अफसरों और लकड़ी माफियाओं की चौकड़ी ने भयावह कटान व प्राकृतिक संसाधनों की लूट मचा रखी है। कोई सुनने वाला नहीं है। चारों ओर प्राकृतिक संसाधनों की डरावनी और वहशी लूट मची हुई है। लोगों को धर्म के नाम पर पागल करके प्राकृतिक नेअमतों की ऐसी अमंगलकारी लूट भारतीय इतिहास में पहले कभी नहीं हुई।

खैर, नदियां भी अपना रास्ता बनाना जानती हैं और ये संवेदनशील धरती, जिसे आपने अपने तथाकथित लालच के लिए लगभग तबाह कर डाला, अब उसकी बारी है। इसलिए वह सब देखने व सहने के लिए तैयार रहिए, जिसकी आपने कभी कल्पना नहीं की थी। आपका कोई भी कुल देवता, कोई पीर, कोई मूसा, कोई बाबा-बूबी, कोई महाराज, कोई सद्गुरु अब नहीं बचा पाएगा। सूखा, बाढ़, लैंड स्लाइडिंग, भूमि धसकना और बड़े व भयावह भूकंपों के लिए खुद को तैयार कर लीजिए।

हिमाचल प्रदेश में मंडी, कांगड़ा, कुल्लू, और चंबा को बाढ़ और भूस्खलन ने जबरदस्त नुकसान पहुंचाया है। इनमें से कुछ इलाके जैसे कान घाटी कुल्लू और सिहुंता चंबा में बादल फटने और भूस्खलन के कारण घर, सड़कें और खेती की जमीनें ध्वस्त हुई हैं। सैकड़ों लोग मारे गए हैं और यह क्रम अब साल दर साल बढ़ेगा। उत्तराखंड भी तबाही के मुहाने पर है, लेकिन संसाधनों की लूट और बड़ी-बड़ी योजनाएं बनाकर अंधी कमाई के लालच ने तबाही के नए अध्याय लिख डाले हैं।

भारतीय भू वैज्ञानिक सर्वेक्षण विभाग ने उत्तराखंड के चार जिलों टिहरी, उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग और चमोली को भूस्खलन की दृष्टि से अति संवेदनशील माना है। भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण विभाग का मानना है कि चमोली जिले के चमोली सब डिवीजन, रुद्रप्रयाग जिले के रुद्रप्रयाग व ऊखीमठ सब डिवीजन, टिहरी जिले के घनसाली, नरेंद्रनगर एवं धनोल्टी सब डिवीजन और उत्तरकाशी जिले के डुण्डा एवं चिन्यालीसौड़ सब डिवीजनों में इस साल ही नहीं आने वाले वर्षों में भी भूस्खलन की भयावह घटनाएं हो सकती हैं।

पहाड़ों के धंसने की यह घटनाएं समूचे पर्वतीय क्षेत्रों में हो सकती हैं। जंगलों की बेतहाशा कटान व अन्य गतिविधियों ने मानवीय जीवन के लिए गंभीर खतरे पैदा कर दिया हैं। इनमें क्लाइमेट फैक्टर, एंथ्रोपोजेनिक एक्टिविटी, एक्सेसिव रेनफॉल, नेचुरल एक्टिविटी और एनवायरमेंटल डिग्रेडेशन जैसे कारक हैं। वर्ष, 1988 से 2024 के बीच समूचे उत्तराखंड में भूस्खलन की लगभग 15,000 से अधिक घटनाएं हुईं, जिसमें अरबों रुपये का नुकसान हुआ और सैकड़ों लोग मारे गए। वर्ष 2018 में जहां 496 भूस्खलन की घटनाएं दर्ज हैं वहीं 2019 में 291 भूस्खलन हुए। वर्ष, 2020 में 973 भूस्खलन, 2021 में 354 वर्ष, 2022 में 245 भूस्खलन, वर्ष 2023 में लगभग 1323 भूस्खलन की घटनाएं हुईं। वर्ष, 2024 में लगभग 1813 भूस्खलन की घटनाएं दर्ज हुईं। फिलहाल सरकारी आंकड़ों पर ही गौर करते हैं। इसके अनुसार 17 अगस्त, 2025 को कठुआ जिले में बादल फटने के बाद भूस्खलन हुआ, जिसमें सात लोगों की मौत हो गई। गृह मंत्रालय के अनुसार 30 जुलाई, 2025 तक, भारत में कुल हाइड्रो-मौसमी आपदाओं बाढ़ और भूस्खलन सहित में 1600 से अधिक लोगों की मृत्यु हो चुकी है। यह इतिहास में पहली बार हुआ है कि हिमालय प्रदेश में 20 अगस्त से 25 अगस्त, 2025 के बीच करीब 400 सड़कें बंद रहीं। जम्मू-कश्मीर में भी 24-25 अगस्त, 2025 को विगत 100 सालों का वर्षा का रिकॉर्ड टूटा है। कठुआ जिले में जम्मू-पठानकोट राजमार्ग पर लंगोटे मोड़ का पुल टूट गया। जिस राजस्थान में वर्षा कम हुआ करती थी वहां अब अफरा-तफरी का माहौल है। कोटा, सवाई माधोपुर, टोंक और बूंदी में बाढ़ ने कहर बरपा रखा है। हालात यह हो चले कि कोटा में वायु सेना का हेलिकाप्टर एमआइ-17 तैनात करना पड़ा। सीकर, कोटपुतली-बहरोड़, सिरोही, बूंदी, भीलवाड़ा, जयपुर, दौसा, नागौर, डीडवाना-कुचामन व टोंक में स्कूल तक बंद करने की चेता. वनी जारी करनी पड़ी। मैं पिछले कई दिनों से अपने कुछ पर्यावरणविदों व भू-विज्ञानी मित्रों से यह सवाल कर रहा हूं कि लाखों पेड़ जो हसदेव जंगल सहित अन्य जंगलों के काटे गए हैं क्या उनका दुष्प्रभाव शुरू हो चुका है? सवाल नंबर दो। यह काटे गए विशालकाय जंगल जो वर्षाजल से भरे बादलों को अपने आंचल और वनांगन में बरसाने को मजबूर कर देते थे, वहीं बादल अब पहाड़ी इलाकों की ओर ज्यादा घनीभूत तो नहीं हो रहे? हालांकि सभी ने कहा कि दुष्प्रभाव तो आरंभ हो गए हैं, लेकिन पुख्ता तौर पर अध्ययन के बाद ही स्पष्ट राय बना पाना संभव होगा।

फिलहाल हिमालई क्षेत्रों में इस साल बादल फटने की घटनाएं दोगुनी हो गई हैं। पिछले वर्ष जहां 40-50 घटनाएं दर्ज हुई थीं, वहीं इस वर्ष यह संख्या बढ़कर 80 तक पहुंच गई है। मैं अंतिम पंक्तियां लिखना तो नहीं चाहता था, लेकिन फिर भी लिख रहा हूं। आज 60-65 साल की आयु वाले तो 15-20 सालों में मर कर जा चुके होंगे लेकिन आने वाली पीढ़ी के लिए आप सब साक्षात भयावह मौत परोस कर जाएंगे। इसमें आपके बेटे, नाती-पोते-बेटी, बेटियां -बहुएं। शामिल होंगी। नेचर की डिक्शनरी में क्षमा शब्द है ही नहीं। यह पंक्तियां मैंने अपने लिए भी लिखी हैं, क्योंकि चौकड़ी जो खता कर रही है सदियां उसकी सजा पाएंगी।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# इस्राइल: मानवता का सबसे बड़ा दुश्मन

**इस्राईल की सैन्य कार्रवाइयों में फलस्तीन के रफाह और बेत हनून जैसे शहर बुरी तरह तबाह हो चुके हैं। इस समय केवल गजा पट्टी में ही पांच लाख से अधिक लोग भुखमरी, अभाव और मौत जैसी भयावह परिस्थितियों का सामना कर रहे हैं। गजा की लगभग एक तिहाई आबादी अर्थात लगभग 6 लाख 41 हजार लोग मानवीय संकट जैसे भयानक हालात का सामना कर सकते हैं। अनुमान है कि इन विषम परिस्थितियों में जून 2026 तक पांच साल से कम उम्र के 1.32 लाख बच्चों की जान खतरे में पड़ सकती है। गजा में हमास संचालित स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार सात अक्टूबर 2023 से लेकर अब तक यहां 62,192 लोगों की मौत हो चुकी है जबकि भुखमरी और कुपोषण से गजा में अब तक 271 लोगों की मौत हो चुकी है, जिनमें 112 बच्चे शामिल हैं।**

तनवीर जाफरी



बेंजामिन नेतन्याहू के नेतृत्व की इस्राईल सरकार ने अगस्त 2025 की प्रारंभ में फलस्तीन के गजा शहर पर पूर्ण नियंत्रण स्थापित करने की योजना को मंजूरी देने तथा इस्राईल की सुरक्षा कैबिनेट द्वारा गत 8 अगस्त को इस योजना को अनुमोदित करने के बाद गजा में नए सिरे से सैन्य अभियान शुरू कर दिया है।

गिडियन्स चैरियट्स II नाम की इस कार्रवाई को अंजाम देने के लिए इस्राईल ने लगभग 60,000 रिजर्व सैनिकों को बुलाया है जबकि 20,000 सैनिकों की सेवा अवधि बढ़ाई गई है। इस कार्रवाई को गजा शहर पर हमले के पहले चरण की शुरुआत के रूप में देखा जा रहा है। इस्राईली योजना के अनुसार इस कार्रवाई में उत्तरी गजा से हजारों फलस्तीनियों को दक्षिण की ओर विस्थापित किया जा सकता है। इसी उद्देश्य के साथ इस्राईल की सेना (आईडीएफ) गजा सिटी के बाहरी इलाकों में प्रवेश कर चुकी है। हालांकि इस्राईल सरकार द्वारा इस कार्रवाई का मकसद हमास को पूरी तरह से हथियारों से मुक्त करना, उसके नेताओं को गजा से निर्वासित करना, हमास द्वारा बंधक बनाए गए शेष लोगों को मुक्त कराना तथा गजा पट्टी को पूरी तरह से हथियार-मुक्त बनाना बताया जा रहा है, परन्तु विश्व इसे गजा पर कब्जे के इस्राईली दुष्प्रयास के रूप में देख रहा है। संयुक्त राष्ट्र मानवाधिक. ार प्रमुख ने इस कार्रवाई को अवैध कब्जा बताते हुए इसे तुरंत रोकने की मांग की है जबकि एमनेस्टी इंटरनेशनल ने इसे अपमानजनक बताते हुए कहा है कि यह कार्रवाई गजा पर इस्राईली सैन्य कब्जे को मजबूत करेगी। इस्राईल के सहयोगी देश अमेरिका व ब्रिटेन सहित अन्य देशों ने भी इस्राईल की इस कार्रवाई को अवैध बताते हुए इस पर गहरी चिंता जताई है परन्तु इस्राईल की नेतन्याहू सरकार पूरे विश्व की चिंताओं को नजरअंदाज करते हुए गजा पर सैन्य नियंत्रण कर अपने इस अवैध कब्जे के मिशन पर आगे बढ़ती जा रही है। इस योजना के अंतर्गत इस्राईल, गजा पर प्रमुख सुरक्षा नियंत्रण रखेगा, जिसमें सीमाओं, हवाई क्षेत्र और समुद्री पहुंच शामिल है। उधर इस्राईल की सेना में भी इस योजना पर एक राय नहीं है। आईडीएफ के ही कई वरिष्ठ अधिकारी इस योजना का विरोध कर रहे हैं। उनका मत है कि यह योजना जहां पहले से ही युद्ध से जूझ रहे आईडीएफ के सैनिकों को थकाने वाली साबित हो सकती है वहीं इससे इस्राईल अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अलग थलग भी पड़ सकता है। केवल नेतन्याहू ही इस कार्रवाई को जरूरी समझ रहे हैं। दरअसल इस्राईल में नेतन्याहू की इस घातक समझ को अतिवादियों के मध्य राजनीतिक लाभ हासिल करने के प्रयास के रूप में देखा जा रहा है। दूसरी तरफ फिलिस्तीनियों में इस योजना को गजा पर पूरी तरह से कब्जा करने और फिलिस्तीनी राज्य की संभावना को नष्ट करने का प्रयास के रूप में देखा जा रहा है। यूएन रिपोर्ट्स में इसे मानवीय आपदा बताया रहा है, क्योंकि इससे न केवल बड़ी संख्या में विस्थापन बढ़ेगा बल्कि इसमें काफी लोगों की मौत भी हो सकती है और यह गजा के बुनियादी ढांचे की तबाही भी बढ़ा सकता है। हमास ने तो तो इसे नरसंहार बताते हुए कहा है कि इससे युद्ध और भी लंबा चलेगा। जबकि फलस्तीन इसे इस्राईल की विस्तारवादी नीति के रूप में वर्णित कर रहा है जो वेस्ट बैंक में नए बस्तियों से जुड़ी हुई है। गौरतलब है कि गजा सिटी में लगभग 5 लाख से अधिक फलस्तीनी रहते हैं जो हमास के विरुद्ध की जा रही इस्राईली सैन्य कार्रवाई के परिणाम स्वरूप पहले से ही भुखमरी और विस्थापन जैसे मानवीय संकट से जूझ रहे हैं। अब तो इस इलाके में अकाल के हालात बन चुके हैं परन्तु इन्हीं हालात के बीच इस्राईल के रक्षा मंत्री इस्राईल कात्ज ने यह धमकी भी दे दी है कि यदि हमास ने हथियार छोड़ने और सभी बंधकों की रिहाई की शर्त नहीं मानी तो पूरे गजा शहर को शतबाहश कर दिया जाएगा। गजा पर सैन्य नियंत्रण को लेकर अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर हो रही आलोचना और देश के भीतर ही इस योजना के भारी विरोध के बीच इस्राईल के रक्षा मंत्री द्वारा गजा शहर को तबाह कर देने जैसे गैर जिम्मेदाराना बयान देने का सीधा सा अर्थ है कि गजा को लेकर इस्राईल सरकार की मंशा ठीक नहीं है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# आम जीवन सरल बनाने में मदद कीजिए



अशोक मधुप



सरकारों का काम आदमी के जीवन को सरल बनाना है।तकनीक के माध्यम से उसे ऐसी सुविधांए देना है कि वह परेशान न हो, किंतु भारत में हो इसके विपरीत रहा है। उन्हें अलग अलग काम के लिए थोड़ी थोड़ी बात के लिए परेशान किया जा रहा है। उनके जीवन को दुरूह किया जा रहा है।

आज सबसे बड़ी परेशानी हैं बैंको में जाकर खाते की केवाईसी कराने की। बैंकों की केवाईसी के नाम पर बैंक खाताधारक को परेशान किया जा रहा है। हालत यह है कि केवाईसी करानी है, इसकी उसे सूचना भी नही मिलती। उसे उसके लिए बैंक की ओर से मैसेज भी नहीं आता। मेल आनी चाहिए। किंतु ऐसा हो नहीं रहा। वैसे प्रत्येक ट्रांजेक्शन के मैसेज आते रहते हैं। केबाईसी कराना है, इसका पता तब चलता है जब खातेधारक के चौक का भुगतान रोक दिया जाता है। वह पेमेंट नहीं कर पाता। भुगतान रोकने के कारण चौक जारी करने वाले पर संबधित बैक या सस्थाएं चार सौ से आठ सौ रुपये तक का जुर्माना लगा देती है। मैंने पिछले साल ओरियंटल इंशोरेंस कंपनी को अपनी मेडिक्लेम पोलिसी के लिए चैक दिया। चैक बैंक गया तो भुगतान रुक गया।

मैं बैंक गया। बैंक प्रबंधक ने खाता देखकर कहा कि खाता आपका जारी है। चैक का भुगतान कैसे रुका पता नहीं। उनके एक स्टाफ ने देखकर बताया कि खाता बंद किया हुआ है। बैंक प्रबंधक ने कहा कि अब सब कंप्यूटराइज है। हमें पता नहीं चलता और खुद जाता है। बैंक स्टाफ के पता है या नहीं। इससे खाताधारक को क्या लेना। मेरे से तो इंशोरेंस कंपनी ने चैक डिस ओनर होने के छह सौ रूपये अतिरिक्त वसूल लिए। मुझे तो फालतू का छह सौ रूपये का दंड पड़ गया।

अभी लाकर आपरेट करने बैंक जाना पड़ा तो बैंक स्टाफ ने कहा कि इसकी केवाईसी कराईए। हमने कहा कि अभी खाते की तो कराई है। उनका कहना था कि बैंक लॉकर की भी करानी है। लाकर बैंक के खाते से जुड़ा है, यह बताने पर भी बैंक कर्मी नहीं माने। यदि आपके पास चार पांच बैंक खाते हैं तो प्रत्येक दो साल से केवाईसी कराने जरूर जाना होगा।

अभी तक बैंक खाते चालू रखने के लिए केवाईसी करानी थी। अब बिजली विभाग के मैसेज आ रहे हैं, कि अपने कनेक्शन की ईकेवाईसी कराईए। आज जहां चारों ओर धोखे का जाल फैला है। ठग आपको फंसाने में लगे हैं, ऐसे में किस मैसेज को सही माना जाए, किसे गलत यह कैसे पता चले। अभी परिवहन विभाग का मैसेज आया है कि आधार आथोराइजेशन माध्यम से अपने ड्राइविंग लाइसैंस पर अपना मोबाइल नंबर अपडेट कराइए।

समझ नहीं आ रहा कि क्या क्या कराएं। हम पर यह सब करना नहीं आता। इसका मतलब यह की रोज जनसेवा केंद्र पर जाइए। लाइन में लगिए और पैसा भी दीजिए। लगता है कि कहीं यह जनसेवा केंद्र की आय बढ़ाने के लिए तो नहीं किया जा रहा। अभी पिछले दिनों आदेश आया कि अपना आधार कार्ड प्रत्येक दस साल में अपडेट कराना है। मैं छोटे शहर में रहता हूं। यहां कि आबादी दो लाख के करीब है। पूरे शहर में आधार कार्ड अपडेट कराने का एक ही सैंटर है। मुख्य डाकघर। उसमें आधार कार्ड बनवाने वालों की सवेरे आठ बजे से लाइन लग जाती है। हम 75 साल से ऊपर के पति पत्नी कैसे उस लाइन में लगें , यह कोई सोचने और बताने वाला नहीं है। दूसरे केंद्र का दरवाजा खुलने पर इस तरह धक्का-मुक्की होती है कि हम लाइन में लगे तो हाथ-पांव तुड़ाकर जरूर अस्पताल जांएगे।

केद्र सरकार रिजर्व बैंक को आदेश करना चाहिए कि बैंक अपने यहां अतिरिक्त स्टाफ रखे। उसक कार्य सिर्फ खातेधारकों से समय लेकर उनके खातों की केवाईसी कराना हो। सरकार जिस तरह वोट बनवाती है। वोटर का वेरिफिकेशन कराती है। उसी तह से केवाईसी कराई जाए। इसके बैंक खाता धारकों को सुविधा होगी। केवाईसी कराने के लिए रखे जाने वाले युवाओं को रोजगार मिलेगा। यही काम राज्य की बिजली कंपनी कर सकती हैं। विभागीय मीटर रीडर माह में एक बार रीडिंग लेने उपभोक्ता के घर जाते हैं। वे ही उपभोक्ता से केवाईसी के पेपर लेलें। मीटर रीडर को उपभोक्ता जानते हैं उन्हें पेपर देते किसी उपभोक्ता को परेशानी भी नहीं होगी।

मीटर रीडर आफिस आकर इस कार्य में लगे स्टाफ को पेपर देकर केवाईसी कराएं। हो यह रहा है कि संबधित विभाग बैंक बिजली अपना कार्य उपभोक्ता पर डाल उसके जीवन को कठिन बना रहे हैं, जबकि उन्हें अपने ग्राहकों को सुविधाएं देनी चाहिए थीं। ऐसा ही आधार कार्ड अपडेट कराने के लिए व्यवस्था की जानी चाहिए। हां इसके लिए उपभोक्ता से थोड़ा बहुत चार्ज लिया जा सकता है। अभी एक मैसेज आया कि आपका इन्कमटैक्स का रिटर्न स्वीकार कर लिया गया है। मैंने अभी रिटर्न भरा नहीं, सो यह मैसेज बेटे को भेज दिया कि शायद उसने रिटर्न भरा हो। उसका जबाब आया कि पापा इस मैसेज के लिंक पर क्लिक मत करना। यह गलत लगता है।

आज सबसे बड़ी समस्या है कि सही और गलत का कैसे तै हो। किसी न किसी तरह धोखे में लेकर रोज हजारों व्यक्ति रोज ठगे जा रहे हैं। इससे कैसे बचा जाए? ऐसे हालात में जीवन दुरूह होता जा रहा है। केंद्र और राज्य सरकारों को आम आदमी का जीवन को सरल बनाने के लिए काम करना चाहिए।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये लेखक के निजी विचार हैं)

# इंसानियत के नाते बाढ़ का दिया अलर्ट: भारत

## ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाक से बातचीत बंद थी, जम्मू की तवी नदी में अचानक आई बाढ़

**नई दिल्ली।** भारत ने जम्मू- कश्मीर की तवी नदी में बाढ़ के हालात को देखते हुए मानवीय आधार पर पाकिस्तान को इसकी जानकारी दी है। भारतीय विदेश मंत्रालय के मुताबिक, यह कदम पूरी तरह से मानवीय सहायता के मकसद से उठाया गया है। इस्लामाबाद में भारतीय हाई कमीशन ने पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय को बाढ़ की जानकारी दी है। यह पहला मौका है जब इस तरह की जानकारी हाई कमीशन के जरिए साझा की गई। आमतौर पर, सिंधु जल संधि के तहत बाढ़ से जुड़ी चेतावनी दोनों देशों के वाटर कमिश्नर के बीच शेयर की जाती थी।

इसी साल मई में भारत के ऑपरेशन सिंदूर के बाद से दोनों देशों में बातचीत लगभग बंद है। आज पाकिस्तान की मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया था कि भारत ने सिंधु जल संधि के तहत पाकिस्तान को संभावित बाढ़ की जानकारी दी है। जियो न्यूज और द न्यूज इंटरनेशनल ने सूत्रों के हवाले से बताया कि भारत ने 24 अगस्त की सुबह जम्मू की तवी नदी में बाढ़ की आशंका को लेकर इस्लामाबाद को आगाह किया। 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत ने 1960 में पाकिस्तान के साथ हुई सिंधु जल संधि को स्थगित कर दिया था। इसके तहत सिंधु वाटर सिस्टम की 3 पूर्वी नदियों का पानी भारत इस्तेमाल कर सकता है और बाकी 3 पश्चिमी नदियों के पानी पर पाकिस्तान को अधिकार दिया गया था। सिंधु नदी प्रणाली में कुल 6 नदियां हैं- सिंधु, झेलम, चिनाब, रावी, ब्यास और सतलुज। इनके किनारे का इलाका करीब 11.2 लाख वर्ग किलोमीटर में फैला हुआ है। इसमें 47 प्रतिशत जमीन पाकिस्तान, 39 प्रतिशत जमीन भारत, 8 प्रतिशत जमीन चीन और 6 प्रतिशत जमीन अफगानिस्तान में है। इन सभी देशों के करीब 30 करोड़ लोग इन इलाकों में रहते हैं। 1947 में भारत और पाकिस्तान के बंटवारे के पहले से ही भारत के पंजाब और पाकिस्तान के सिंध प्रांत के बीच नदियों के पानी के बंटवारे का झगड़ा शुरू हो गया था। 1947 में भारत और पाक के इंजीनियरों के बीच 'स्टैंडस्टिल समझौता' हुआ। इसके तहत दो मुख्य नहरों से पाकिस्तान को पानी मिलता रहा। ये समझौता 31 मार्च 1948 तक चला। 1 अप्रैल 1948 को जब समझौता लागू नहीं रहा तो भारत ने दोनों नहरों का पानी रोक दिया। इससे पाकिस्तान के पंजाब प्रांत की 17 लाख एकड़ जमीन पर खेती बर्बाद हो गई।



**पाक मीडिया रिपोर्ट्स में दावा: भारत ने सिंधु जल संधि के तहत बाढ़ की जानकारी दी**

# रूस से तेल खरीदता रहेगा भारत

**भारतीय राजदूत ने कहा: जहां सस्ता तेल मिलेगा, वहीं से लेंगे, ट्रम्प के टैरिफ को बेबुनियाद बताया**

**मास्को।** रूस में भारत के राजदूत विनय कुमार ने कहा है कि भारत रूस से तेल खरीदना जारी रखेगा। रूस की सरकारी समाचार एजेंसी टीएएसएस को दिए इंटरव्यू में उन्होंने कहा कि भारतीय कंपनियां तेल वहीं से खरीदेंगी जहां उन्हें सबसे अच्छा सौदा मिलेगा।

उन्होंने भारत पर अमेरिका के 50 प्रतिशत टैरिफ को बेबुनियाद बताया। विनय कुमार ने कहा कि ट्रम्प ने रूसी तेल खरीदने की वजह से भारत पर 25 प्रतिशत अतिरिक्त टैरिफ लगाया है, जो 27 अगस्त से लागू हो जाएगा। इससे पहले ट्रम्प जुलाई में भारत पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगा चुके हैं, जिससे आने वाले दिनों में भारतीय सामान के आयात पर अमेरिका में 50 प्रतिशत टैरिफ देना होगा। भारत में रूसी डिप्लोमेट रोमन बाबुश्किन ने 20 अगस्त को बताया था कि भारत को रूस के कच्चे तेल पर करीब 5 प्रतिशत की छूट मिल रही है। भारत, चीन के बाद रूसी तेल का सबसे बड़ा खरीदार है। यूक्रेन युद्ध से पहले भारत रूस से सिर्फ 0.2 प्रतिशत (68 हजार बैरल प्रतिदिन) तेल इम्पोर्ट करता था। मई 2023 तक यह बढ़कर 45 प्रतिशत (20 लाख बैरल प्रतिदिन) हो गया, जबकि 2025 में जनवरी से जुलाई तक भारत हर दिन रूस से 17.8 लाख बैरल तेल खरीद रहा है। पिछले दो साल से भारत हर साल 130 अरब डालर (11.33 लाख करोड़ रुपये) से ज्यादा का रूसी तेल खरीद रहा है। ट्रम्प के ट्रेड एडवाइजर ने भारत पर मुनाफाखोरी का आरोप लगाया था। इससे पहले ट्रम्प के ट्रेड एडवाइजर पीटर नवारो ने भारत पर रूस से तेल खरीदकर मुनाफाखोरी का आरोप लगाया था।



नोएडा। एक कार्यक्रम में ग्रुप फोटो के लिए पोज देती मिस टीन इंटरनेशनल 2025 की प्रतिभागी।

# पाकिस्तान 1971 के जनसंहार के लिए माफी मांगे: बांग्लादेश

**ढाका।** बांग्लादेश ने पाकिस्तान से 1971 में हुए जनसंहार के लिए माफी मांगने को कहा है। दरअसल, पाक उप-प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री मोहम्मद इशाक डार बांग्लादेश दौरे पर गए थे। यहां उन्होंने कहा था कि बांग्लादेश के साथ 1971 का विवाद हल हो चुका है। हालांकि, बांग्लादेश ने पाकिस्तान के दावे को खारिज कर दिया। विदेश मामलों के सलाहकार तौहीद हुसैन ने साफ कहा कि पुराने मुद्दों को सुलझाकर ही दोनों देशों के बीच मजबूत रिश्ते बनाए जा सकते हैं। दरअसल, 1971 की जंग में पाकिस्तानी सेना पर हजारों बांग्लादेशी महिलाओं के साथ रेप, हत्या और आगजनी का आरोप लगा था। इसे लेकर इशाक डार ने कहा कि पाकिस्तान 2 बार बांग्लादेश से माफी मांग चुका है। डार ने बांग्लादेश से संबंध बेहतर करने के लिए इस्लाम की दुहाई भी दी। उन्होंने पत्रकारों के एक सवाल के जवाब में कहा: इस्लाम भी हमें अपने दिलों को पाक (शुद्ध) करने के लिए कहता है। इशाक डार 23 और 24 अगस्त को बांग्लादेश की दो दिवसीय यात्रा पर थे। उन्होंने ढाका में बांग्लादेश के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस और विदेश सलाहकार से मुलाकात की।

## संक्षिप्त समाचार

### हूतियों ने पहली बार इज़रायल पर क्लस्टर मिसाइल से हमला किया

**तेल अवीव।** यमन के हूतियों ने इस सप्ताह पहली बार इजरायल पर क्लस्टर वारहेड वाली बैलिस्टिक मिसाइल दागी। इजरायली संवाददाता समिति कान ने बताया कि शुक्रवार रात इज़राइल पर दागी गई मिसाइल हवा में ही टूट गई। कान की रिपोर्ट के अनुसार, इज़रायली वायु रक्षा प्रणालियां इस प्रकार की मिसाइलों को रोकने में सक्षम हैं। हूती मिसाइल को रोकने के मामले की जांच की जा रही है। विदित हो कि उत्तरी यमन और यमन के लाल सागर तट के अधिकांश हिस्से पर नियंत्रण रखने वाले हूतियों ने 2023 के अंत में फलस्तीन के समर्थन की घोषणा की थी।

### यूक्रेनी ड्रोन हमलों से रूसी परमाणु संयंत्र में लगी आग

**मॉस्को।** यूक्रेन के ड्रोन हमलों से रूस के एक परमाणु संयंत्र और अन्य ऊर्जा संयंत्रों में आग लग गई। स्थानीय अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। क्षेत्रीय परिचालन मुख्यालय ने बताया कि कल तड़के एक यूक्रेनी ड्रोन का मलबा कुर्स्क परमाणु ऊर्जा संयंत्र के एक ट्रांसफार्मर पर गिरा, जिससे आग लग गई और संयंत्र को क्षति पहुंची है। इसमें किसी के हताहत होने की खबर नहीं है, साथ ही बताया गया कि आग पर काबू पा लिया गया है। संयंत्र तथा आसपास के क्षेत्र में विकिरण का स्तर अपरिवर्तित बना हुआ है।

### रूस के पुलकोवो हवाई अड्डे से 10 उड़ानें की रद्द

**मास्को।** रूस के उत्तर-पश्चिमी शहर सेंट पीटर्सबर्ग स्थित पुलकोवो अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे ने हवाई क्षेत्र प्रतिबंधों के कारण 90 उड़ानें रद्द कीं और कई अन्य विमानों ने देरी से उड़ान भरी या फिर उनके मार्ग में परिवर्तिन किया गया। हवाई अड्डा प्राधिकरण ने रविवार को यह जानकारी दी। प्राधिकरण ने एक बयान में कहा कि हवाई अड्डे पर लगभग 20 घंटे तक प्रतिबंधों के बीच परिचालन हुआ।

### अफगानिस्तान सड़क दुर्घटना में तीन लोगों की मौत, चार घायल

**काबुल।** उत्तरी अफगानिस्तान के बदख्शां प्रांत में एक सड़क दुर्घटना में तीन यात्रियों की मौत हो गई और चार अन्य घायल हो गए। प्रांतीय पुलिस प्रवक्ता एहसानुल्लाह कामगर ने सोमवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह घटना रविवार दोपहर को कोहिस्तान ज़िले के पुल-ए-शोपे इलाके में हुई।

# किसानों को व्यापार युद्ध की कीमत नहीं चुकानी चाहिए: चीन

**दोनों देशों के उद्योग संघों, कृषि उद्यमों और विद्वानों ने भाग लिया**

**वाशिंगटन।** संयुक्त राज्य अमेरिका में चीनी राजदूत ज़ी फेंग ने हाल ही में कहा कि दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण कृषि उत्पादक और उपभोक्ता होने के नाते, चीन और संयुक्त राज्य अमेरिका की कृषि में अपनी-अपनी खूबियां हैं और वे एक-दूसरे के पूरक हो सकते हैं।

ज़ी फेंग ने वाशिंगटन डी-सी- में अमेरिका-चीन सोयाबीन उद्योग साझेदारों के स्वागत समारोह में यह टिप्पणी करते हुए कहा कि चीन और अमेरिका मिलकर वैश्विक खाद्यान्न का लगभग 40 प्रतिशत उत्पादन करते हैं और कुल खाद्यान्न का एक-चौथाई उपभोग करते हैं। चीन को श्रम-प्रधान कृषि उत्पादों में तुलनात्मक लाभ प्राप्त है, जबकि अमेरिका मशीनीकृत, बड़े पैमाने पर उत्पादन के माध्यम से भूमि-प्रधान कृषि वस्तुओं में विशेषज्ञता रखता है, इस कार्यक्रम का आयोजन अमेरिकी सोयाबीन निर्यात परिषद और खाद्य पदार्थों, देशी उत्पादों और पशु उप-उत्पादों के आयात और निर्यात के लिए चीन चैंबर ऑफ कॉमर्स द्वारा संयुक्त रूप से किया गया था, जिसमें दोनों देशों के उद्योग संघों, कृषि उद्यमों और विद्वानों ने भाग लिया। जी ने कहा कि कृषि आदान-प्रदान और सहयोग ने न केवल दोनों देशों के उपभोक्ताओं के लिए अधिक विकल्प उपलब्ध कराए हैं, बल्कि अमेरिकी किसानों की जेब में भी अधिक पैसा डाला है।

# एससीओ में शामिल होने के लिए कई देशों की रुचि बढ़ी: चीन

**मास्को।** रूस में चीनी राजदूत झांग हानहुई ने कहा है कि कि शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) का भविष्य में विस्तार हो सकता है क्योंकि अधिक से अधिक देश इसमें शामिल होने में रुचि दिखा रहे हैं। झांग ने समाचार एजेंसी स्पूतनिक को दिए साक्षात्कार में कहा कि वर्तमान में, अधिक से अधिक देश इस संगठन में शामिल होने या इसके साथ सहयोग मजबूत करने में रुचि दिखा रहे हैं। यह एससीओ अवधारणा के बारे में उनकी गहरी समझ और इसके विकास की संभावनाओं में उनके विश्वास की पूरी तरह पुष्टि करता है। उन्होंने कहा कि एससीओ का विस्तार, इस संगठन की समग्र शक्ति और क्षेत्रीय प्रभाव को मजबूत करता है लेकिन यह कभी भी एक उद्देश्यपूर्ण कार्य नहीं होकर विकास का एक स्वाभाविक परिणाम रहा है।

# भारत-फिजी के बीच सात समझौतों पर हस्ताक्षर

## भारत और फिजी की आकांक्षाएं एक ही नाव पर सवार, दोनों देशों के बीच बातचीत के बाद बोले मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और फिजी के प्रधानमंत्री सिटिवेनी लिगामामादा राबुका, हैदराबाद हाउस में भारत और फिजी के बीच हुए समझौतों के आदान-प्रदान के साक्षी बने। प्रधानमंत्री मोदी और उनके फिजी समकक्ष राबुका के बीच वार्ता के बाद भारत और फिजी ने सात समझौतों पर हस्ताक्षर किए। फिजी के प्रधानमंत्री सिटिवेनी लिगामामादा राबुका प्रधानमंत्री मोदी की बुधवार को एक संयुक्त प्रेस वार्ता हुई।

इस दौरान पीएम मोदी ने जलवायु परिवर्तन को फिजी के लिए खतरा बताते हुए कहा कि हम आपदा प्रतिक्रिया से निपटने में उसकी मदद करेंगे। पीएम मोदी ने कहा कि भारत और फिजी भले ही महासागरों से बंटे हुए हों, लेकिन हमारी आकांक्षाएं एक ही नाव पर सवार हैं। इस दौरान फिजी के नेता भी उनके साथ थे। इस दौरान पीएम मोदी ने कहा कि 33 वर्षों के बाद, 2014 में, किसी भारतीय प्रधानमंत्री ने फिजी का दौरा किया। मुझे बहुत खुशी और गर्व है कि यह मेरा सौभाग्य था। उस समय, हमने फारेन फार इंडिया पैसिफिक आइलैंड कोऑपरेशन-एफआईपीआईसी का गठन किया था। इस पहल ने न केवल भारत-फिजी संबंधों को बल्कि पूरे प्रशांत क्षेत्र के साथ हमारे संबंधों को भी मजबूत किया। प्रधानमंत्री राबुका की इस यात्रा के साथ, हम अपने संबंधों में एक नया अध्याय जोड़ रहे हैं। भारत और फिजी ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की फिजी के समकक्ष सितवेनी लिगामामादा राबुका के साथ व्यापक वार्ता के बाद अपने रक्षा संबंधों को विस्तार देने के लिए एक व्यापक कार्य योजना तैयार की। पीएम मोदी ने कहा कि भारत और फिजी भले ही महासागरों की दूरी पर हों, लेकिन हमारी आकांक्षाएं एक ही नाव पर सवार हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने यह भी कहा कि भारत और फिजी एक स्वतंत्र, समावेशी, खुले, सुरक्षित और समृद्ध भारत-प्रशांत का समर्थन करते हैं। राबुका तीन दिवसीय यात्रा पर दिल्ली पहुंचे। दक्षिण प्रशांत क्षेत्र के प्रधानमंत्री के रूप में यह उनकी पहली भारत यात्रा है। समुद्री सुरक्षा के क्षेत्र में फ़िजी भारत के लिए एक महत्वपूर्ण राष्ट्र है। प्रशांत क्षेत्र में अपनी रणनीतिक पकड़ बढ़ाने के चीन के अथक प्रयासों की पृष्ठभूमि में, भारत फ़िजी के साथ अपने रक्षा संबंधों को बढ़ाने पर विचार कर रहा है। मोदी और राबुका के बीच वार्ता के बाद, दोनों पक्षों ने विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग को व्यापक बनाने के लिए सात समझौतों पर हस्ताक्षर किए।



पीएम मोदी व उनके फिजी समकक्ष राबुका के बीच वार्ता के बाद भारत और फिजी ने सात समझौतों पर हस्ताक्षर किए



# दुनिया के सबसे ताकतवर रॉकेट स्टारशिप का 10वां टेस्ट टला

## ग्राउंड सिस्टम में खराबी पता चली, अब कल सुबह 3 बजे होगी लॉन्चिंग

**टेक्सास।** दुनिया के सबसे ताकतवर राकेट स्टारशिप का 10वां टेस्ट ग्राउंड सिस्टम में आई खराबी के कारण टाल दिया गया है।

ग्राउंड सिस्टम में खराबी का मतलब है कि राकेट लान्च करने के लिए जमीन पर मौजूद उपकरणों, मशीनों या सिस्टम में कोई तकनीकी समस्या आ गई है। इसे आज यानी, 25 अगस्त को बोका चिका से सुबह 5 बजे लान्च किया जाना था। अब भारतीय समय के अनुसार मंगलवार सुबह 5 बजे इसे लान्च किया जाएगा। इससे पहले ये टेस्ट 29 जून को होना था, लेकिन स्टैटिक फायर टेस्ट के दौरान स्टारशिप में ब्लास्ट हो गया था।

**इससे पहले ये टेस्ट 29 जून को होना था, लेकिन स्टैटिक फायर टेस्ट के दौरान स्टारशिप में ब्लास्ट हो गया था**

इस टेस्ट में राकेट को जमीन पर रखकर उसके इंजन को चालू किया जाता है, ताकि लान्च से पहले सब कुछ ठीक हो, ये चेक किया जा सके। टेस्ट के दौरान राकेट के ऊपरी हिस्से में अचानक विस्फोट शुरू हुआ। देखते ही देखते पूरा राकेट आग के गोले में बदल गया था। दुनिया के सबसे अमीर कारोबारी इलान मस्क की कंपनी स्पेसएक्स ने इस राकेट को बनाया है। स्टारशिप स्पेसक्राफ्ट (ऊपरी हिस्सा) और सुपर हैवी बूस्टर (निचला हिस्सा) को कलेक्टिवली 'स्टारशिप' कहा जाता है। इस व्हीकल की ऊंचाई 403 फीट है। ये पूरी तरह से रीयूजेबल है। राकेट के ऊपरी हिस्से में, जहां फ्यूल टैंक होते हैं, अचानक विस्फोट शुरू हुआ। देखते ही देखते पूरा राकेट आग के गोले में बदल गया। स्टारशिप के ऊपरी हिस्से की इंडियन ओशन कंट्रोल्ड वाटर-लैंडिंग कराई जाएगी। वहीं सुपर हेवी बूस्टर को लान्च साइट पर वापस नहीं लाया जाएगा। इसकी अमेरिका की खाड़ी में वाटर लैंडिंग कराई जाएगी। ऐसा जरूरी डेटा जुटाने के लिए क्या जाएगा। स्टेज सेपरेशन के बाद बूस्टर एक कंट्रोल्ड दिशा में फ्लिप करेगा और फिर बूस्टबैक बर्न शुरू करेगा। इसमें कम प्रोपेलेंट रिजर्व रखने की जरूरत होती है, जिससे चढ़ाई के दौरान ज्यादा प्रोपेलेंट इस्तेमाल हो सकता है और आर्बिट में ज्यादा पेलोड ले जाया जा सकता है।

# सना पर इजरायली हवाई हमलों में मरने वालों की संख्या छह हुई

**काहिरा।** यमन की राजधानी सना पर सोमवार को हुए इज़रायली हवाई हमलों में मरने वालों की संख्या बढ़कर छह हो गई है और 86 लोग घायल हुए हैं। यमन के स्वास्थ्य मंत्रालय ने सोमवार को यह जानकारी दी। हूथी स्वास्थ्य मंत्रालय के प्रवक्ता अनीस अल-असबाही ने सोशल मीडिया पर कहा कि अंतिम आंकड़ों के अनुसार, इजरायली आक्रमण में मरने वालों की संख्या बढ़कर छह हो गई है और 86 लोग घायल हुए हैं। यमनी सूत्र ने समाचार एजेंसी स्पूतनिक को बताया कि इज़रायल ने यमनी राजधानी और उसके बाहरी इलाकों पर रविवार को हवाई हमले किए थे। इन हवाई हमलों में सना में राष्ट्रपति भवन के पास एक सैन्य शिविर, एक बिजली संयंत्र और एक तेल कंपनी के प्रतिष्ठान को निशाना बनाया गया।

# चीनी टेलीग्राम चैनल पर महिलाओं की प्राइवेट तस्वीरें लीक

**चैनल पर एक लाख से ज्यादा मेंबर्स, स्कैंडल के खिलाफ कैंपेन को सरकार ने दबाया**

**बीजिंग।** चीन में महिलाओं की प्राइवेसी से जुड़ा बड़ा स्कैंडल सामने आया है। टेलीग्राम पर चल रहे एक सीक्रेट चैनल मास्क पार्क ट्रीहोल फोरम में हजारों महिलाओं की इंटिमेट फोटो और वीडियो शेयर किए जा रहे थे।

सीएनएन की खबर के मुताबिक, चैनल के 1 लाख से ज्यादा सब्सक्राइबर थे। चीन में सिर्फ वीपीएन के जरिए चैनल को एक्सेस किया जा सकता था। पीड़ितों में शामिल महिला एमएसडी (20) ने बताया- उनके एक्स-बॉयफ्रेंड ने उनकी निजी तस्वीरें लीक कर दीं। एमएसडी के मुताबिक-उसे इसकी जानकारी तब मिली जब एक अनजान शख्स ने सबूत भेजकर बताया कि उसकी (एमएसडी) सोशल मीडिया डिटेल्स और वीडियो इस चैनल पर घूम रहे हैं। जब उसने एक्स-बॉयफ्रेंड से पूछा तो उसने 3 लोगों को तस्वीरें भेजने की बात मानी, लेकिन असल में लीक कहीं ज्यादा बड़ा था। पीड़ित ने कहा कि यह घिनौना है...जैसे हमें बार-बार वर्बल रेप किया जा रहा हो, हैरानी की बात है कि ये लोग अपनी ही फैमिली के बारे में भी फैंटेसी कर रहे हैं। इस चैनल पर महिलाओं की तस्वीरों के साथ-साथ नाबालिगों, अपराधियों की रिश्तेदार महिलाओं की भी तस्वीरें डाली गई थीं एमएसडी ने कहा कि पिछले महीने सोशल मीडिया पर इस बात खुलासा किया था। तब मामले ने तूल पकड़ा।

# गाजा में हॉस्पिटल पर इजरायल का मिसाइल हमला, 15 की मौत

**गाजा।** गाजा के हेल्थ मंत्रालय के मुताबिक, सोमवार को दक्षिणी गाजा में नासर हास्पिटल की चौथी मंजिल पर इजरायली मिसाइल हमले में 15 लोगों की मौत हो गई, जिनमें तीन पत्रकार शामिल हैं। मरने वालों में अल जजीरा और रायटर्स के पत्रकार थे। हेल्थ मंत्रालय ने बताया कि यह हमला एक 'डबल-टैप' हमला था, जिसमें लगातार दो मिसाइल हमले हुए। इससे रेस्क्यू का काम और ज्यादा खतरनाक हो गया। इजरायली सेना ने इस हमले पर अभी तक कोई बयान नहीं दिया है। हालांकि, इजरायल ने पहले अस्पतालों पर हमलों को यह कहकर जायज ठहराया है कि वहां हमास के आतंकवादी कमांड और कंट्रोल सेंटर चला रहे थे। कमेटी टू प्रोटेक्ट जर्नलिस्ट्स (सीपीजे) के मुताबिक, इजरायल-हमास संघर्ष अब तक कुल 192 पत्रकार मारे गए हैं। जबकि कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में 200 से ज्यादा पत्रकारों के मारे जाने की कही गई है। इस जंग के मुकाबले अब तक रूस-यूक्रेन वार में सिर्फ 18 पत्रकारों की मौत हुई है।




अब खबरें आपके मोबाइल फोन पर...
www.shahtimesnews.com

